# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-03-2023

# दुष्कर्म के जुर्म में दस साल की कैद

**गोरखपुर(एसएनबी)।** नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने चौरी चौरा थाना क्षेत्र के तिलौली निवासी अभियुक्त सनोज को दस साल के कठोर कारावास एवं 51 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 16 मई 2017 की रात लगभग आठ बजे की है। वादिनी की नाबालिग बच्ची शौच के लिए गई थी जहां अभियुक्त सनोज उसे चाकू दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और धमकी दिया कि इसके बारे में किसी को बताओगी तो तुम्हे और तुम्हारे भाई को जान से मार दूंगा।

इलाहाबाद में उमेश पाल की हत्या में बम चलाते सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद

# गोरखपुर के व्यापारी की हत्या के लिए सुपारी लिया था गुड्डू मुस्लिम

**गोरखपुर (एसएनबी)।** इलाहाबाद में उमेश पाल को ताबड़तोड़ बमबाजी और गोलियों से भूनने के बाद सीसीटीवी फुटेज में जिन बदमाशों का नाम सामने आया है। उसमें से काले बैग से बमबाजी करने वाला सामान्य बदमाश नहीं बल्कि गुड्डू मुस्लिम है। गुड्डू मुस्लिम इलाहाबाद का रहने वाला है। उसके पिता सब्जी की दुकान लगाते थे। वह दो दशक से अपराध की दुनिया में सुपारी किलर के तौर जाना जाता है। गुड्डू मुस्लिम कई राज्यों में सुपारी लेकर हत्या करने का मास्टर माइंड है। उसने गोरखपुर के एक व्यापारी को तीन लाख रुपये में सुपारी लेकर हत्या करने आया था। इस दौरान तत्कालीन एसपी रहे अमिताभ यश की अगुवाई में तेज तर्रार इंस्पेक्टर रहे नगेश मिश्रा, ओपी तिवारी की पुलिस टीम उसकी तलाश में जुटी तो पता चला कि वह बिहार के मोकामा में माफिया से मुलाकात करने गया है। पुलिस टीम मोकामा पहुंची तो पता चला कि जेल में बंद माफिया से मिलकर वारदात करने जा रहा है। पुलिस टीम ने रास्ते से ही गुड्डू मुस्लिम को दबोच लिया। लेकिन पुलिस उसकी गिरफ्तारी गोरखपुर से दिखायी थी। गोरखपुर आने के बाद उसकी कुंडली खंगाली गयी तो पुलिस हैरान हो गयी। गोरखपुर जेल से छूटने के बाद गुड्डू मुस्लिम माफिया अतीक अहमद के गैंग में शामिल हो गया।

सूत्रों के मुताबिक इलाहाबाद का रहने वाला शूटर गुड्डू मुस्लिम सामान्य परिवार का रहने वाला है। उसके पिता इलाहाबाद में सड़क के किनारे सब्जी की दुकान लगाते थे। गुड्डू मुस्लिम भी करीब 18 साल तक सब्जी की दुकान चलाता था। सब्जी की दुकान चलाने के दौरान ही वह जरायम की दुनिया में कदम रखा और वह बम बनाने की ट्रेनिंग लिया। बम बनाने का मास्टर माइंड होने के बाद वह यूपी,बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश में सुपारी लेकर हत्या करने लगा। गुड्डू मुस्लिम इलाहाबाद को बजाए अन्य शहरों में रहना पसंद करता है। इलाहाबाद में 24 फरवरी को दिनदहाड़े उमेश पाल कार से उतरते समय अतीक अहमद का बेटा और उसके साथियों ने गोलियों से भून दिया। पास में खड़ा बमबाज शूटर गुड्डू मुस्लिम बैग से बम से ताबतोड़ हमला कर रहा था। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी। फुटेज जारी होने के बाद सभी की पहचान हो गयी। सूत्रों के मुताबिक गोरखपुर तत्कालीन एसएसपी विजय कुमार अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रहे थे। इस दौरान सर्विलांस पर सूचना मिली कि एक बदमाश कोतवाली और तिवारीपुर इलाके में एक व्यापारी की हत्या करने वाला है। सूचना मिलते ही बदमाश को पकड़ने की कमान कैंट सीओ /एएसपी रहे अमिताभ यश (वर्तमान में एसटीएफ एडीजी )को सौंपी गयी। उस दौरान गोरखपुर में तेज तर्रार पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी रहे नगेश मिश्रा,एसओजी में तैनात दारोगा ओपी तिवारी सहित तमाम पुलिसकर्मियों की टीम बदमाशों को पकड़ने के लिए लग गई। मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि व्यापारी की हत्या की सुपारी लेने वाला इलाहाबाद का अपराधी गुड्डू मुस्लिम बिहार के मोकामा के माफिया से मिलने गया है। पुलिस टीम बिहार रवाना हुई और उसकी तलाश में करीब एक सप्ताह तक बिहार में डेरा डाली रही। इस दौरान गुड्डू मुस्लिम एक जेल में बड़े अपराधी से मिलकर बाहर आया और फिर पुलिस टीम उसे उठा लिया। जिस समय वह पकड़ा गया उस दौरान इंस्पेक्टर नगेश मिश्रा से हाथापाई किया था लेकिन पुलिस को यह नहीं पता था कि वह बमबाज गुड्डू मुस्लिम है। लिहाजा पुलिस बिहार से उसे लेकर सीधे गोरखपुर पहुंची तबतक बहुत देर हो चुकी थी। गोरखपुर पुलिस उसे जेल भेज दिया। वह गोरखपुर की जेल में करीब दो माह तक रहा।

गोरखपुर में हुआ था गिरफ्तार, जेल से छुटने के बाद अतीक अहमद गैंग में हो गया था शामिल

बम तैयार करना और हमला करने का है मास्टर माइंड

बिहार के माफिया से मिलकर लौटते समय एसओजी ने किया था गिरफ्तार




## गुड्डू ने किया था खुलासा, किराये के मकान में रहकर वारदात को देता है अंजाम

**गोरखपुर।** गोरखपुर में गिरफ्तारी के बाद गुड्डू मुस्लिम ने खुद को खुलासा किया था कि जिसकी हत्या की सुपारी लेते थे उसे मरना तय है। क्यों की जिस शहर में मारने पहुंचते थे वहां पर किराये के मकान लेकर खुद को उस व्यक्ति की रेकी करता था फिर वारदात को अंजाम देने के बाद शहर छोड़ देता था। सुपारी लेने के बाद काम होने पर दोबारा किसी से मुलाकात नहीं करता था क्यों की उसे डर बना रहता था कि पुलिस को मुखबिरी हो सकती है। यहीं वजह है बीस साल की उम्र से जरायम की दुनिया में अपराध कर रहा है और करीब 55 साल की उम्र हो चुकी है।

## बमबाजी के लिए जाना जाता है गुडडू मुस्लिम

उमेश पाल हत्याकांड का बमबाज शूटर गुड्डू मुस्लिम बम बनाने का मास्टर माइंड है। वह पुलिस को बताया था कि सुपारी लेने के बाद वारदात को अंजाम देने के लिए खुद रेकी करता है। यदि उसे लगता है कि गोली मारने के दौरान घिर सकते है तो फिर वह खुद को बम बनाकर दहशत फैलाने के लिए बमबाजी करता है। यही वजह है कि भाड़े पर गुड्डू मुस्लिम को माफिया इस्तेमाल करते है।

# जेल लोक अदालत में नौ मामलो का निस्तारण

**गोरखपुर(एसएनबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी के निर्देशानुसार मंगलवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीशध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामपाल ने दी।उन्होंने बताया कि इस जेल लोक अदालत हेतु नामित पीठासीन अधिकारी अपर सिविल जज सीनियर डिविजन/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रभाष त्रिपाठी द्वारा कुल नौ मामलो का निस्तारण किया गया।

# अवैध संचालित होंगे अस्पताल तो मकान मालिक पर होगी कार्रवाई

**उरुवा बाजार (एसएनबी)।** के बी मेमोरियल हस्पिटल उरुवा में हुई घटना के बाद से स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गया है। जो अब किसी भी प्रकार की कोताही बरतने के मूड में नही है। अब अवैध रूप से संचालित हो रहे निजी अस्पताल, पैथलजी सेंटर, एक्सरे सेंटर, अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर कार्यवाई करने के साथ ही अब मकान मालिकों के खिलाफ भी कार्यवाई की जाएगी।

प्रभारी चिकित्साधिकारी उरुवा डा. जे पी तिवारी ने कहा कि किसी भी निजी अस्पताल, पैथालोजी सेंटर, अल्ट्रासाउंड सेंटर, एक्सरे सेंटर, संचालकों को कमरा देने से पहले उनसे एग्रीमेंट करवा लें कि वह रजिस्टर्ड है कि नही। अगर वह रजिस्टर्ड न हो तो उन्हें किसी भी हाल में कमरा न दें। अन्यथा संचालक के साथ साथ मकान मालिकों के खिलाफ भी कार्यवाई की जाएगी। साथ ही जिन सेंटरो पर नोटिस चस्पा कर दिया गया है। वह हर हाल में मकान खाली करवा लें। नही तो मकान को भी सील कर दिया जाएगा। जिसके जिम्मेदार खुद मकान मालिक होंगे।

# त्योहारों में अशांति फैलाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**शाहपुर (एसएनबी)।** होली की त्योहार साथ ही शब-ए-बारात के त्योहार को शांति पूर्ण ढंग से मनाने को लेकर शाहपुर शहीद स्थल शाह इनायत अली के प्रांगण में बेलघाट थाना प्रभारी कमलेश कुमार के अध्यक्षता में पीस कमिटी की बैठक हुई। इसमें सभी समुदाय को शांति पूर्ण ढंग से होली का त्योहार व शब-ए -बारात को मनाने की अपील की गई।

थाना प्रभारी बेलघाट ने कहा की होली का त्योहार भाईचारे का त्योहार है इसमें सभी लोग को मिल जुलकर सौहाद्रपूर्वक मनाएं थाना प्रभारी ने कहा की त्योहारों पर अशांति फैलाने वाले पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

इस मौके पर कन्स्टेबल संग्राम यादव,कांस्टेबल विपिन यादव, कन्स्टेबल अखंड प्रताप सिंह,कांस्टेबल अमरनाथ यादव,महिला कांस्टेबल मनीषा यादव, पूर्व प्रधान जिगनिया शाहपुर भूपेंद्र प्रताप सिंह, अवधेश सिंह, रिशु प्रताप सिंह, एहसानुल खान, मोहम्मद इदरीश कोटेदार,जनता इंटर कलेज के प्रबंधक राजीव कुमार गुप्ता, पप्पू गुप्ता, अब्दुल गफ्फार खान, सैय्यद खालिद, सैय्यद तस्लीम, अब्दुल जब्बार, अब्दुल कलाम, मुराद अली शाह, सेराजुद्दीन शाह, प्रधान पवन कुमार यादव, रंजय पासवान, पवन कुमार वर्मा, रामप्यारे चौरसिया,रिजवान खान, शोएब खान, मुमताज सिद्दीकी, अमन खान , गुलाम हुसैन , मतलूब अंसारी आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# बिना पंजीकरण के चल रहा अस्पताल सील

गजपुर (एसएनबी)। उपजिलाधिकारी बांसगांव पवन कुमार ने मंगलवार को कौड़ीराम में चार अस्पतालों पर छापेमारी कर बिना पंजीकरण के चल रहे एक अस्पताल को सील कर दिया। जबकि एक अस्पताल के कागजात परीक्षण के लिए भेज दिया है। कौड़ीराम कस्बे में छापेमारी को लेकर दिन भर हड़कंप मचा रहा।

**कौड़ीराम में अस्पतालों पर उपजिलाधिकारी बांसगांव ने की छापेमारी**

उपजिलाधिकारी बांसगांव पवन कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीराम व तहसील की टीम के साथ दुर्गा हास्पिटल, एम के हास्पिटल व राजाराम अस्पताल पर छापा मारा। इस दौरान बिना पंजीकरण के चल रहे एमके हास्पिटल को उपजिलाधिकारी ने सील कर दिया। दुर्गा हास्पिटल के केबिन को लाक कर चाबी अपने कब्जे में ले लिया।

पीएचसी कौड़ीराम के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा संतोष वर्मा ने बताया कि खुशी पुत्री रामसनेही चौधरी को बिना पंजीकरण चल रहे अस्पताल से निकाल कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीराम में भर्ती कराया गया।

कौड़ीराम में दो अस्पतालों की जांच-पड़ताल की गई। बिना पंजीकरण के चल रहे अस्पताल को सील कर दिया गया। जबकि एक हास्पिटल के प्रमाण पत्रों की जांच कराई जा रही है।

# किशोरी को भगाने के आरोप, केस

खोराबार (एसएनबी)। खोराबार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को गांव के एक युवक द्धारा बहलाफुसला कर भगाने के आरोप में किशोरी के माँ की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज करके जाँच पड़ताल में लगी हुई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को उसी के गांव का रहने वाला एक युवक बहलाफुसला कर भगा ले गया । किशोरी के मा की तहरीर पर गांव के युवक के खिलाफ पुलिस धारा 363,366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश कर रही है ।

# रोजगार सेवक ने दर्ज कराया केस

**पाली (एसएनबी)।** सहजनवा थाने के पाली क्षेत्र के रन्दौली उर्फ मठिया के दिव्यागं रोजगार सेवक ष्ण कुमार ने प्रधान पति व बीडीसी सदस्य नरेन्द्र प्रताप सिंह पर सहजनवा थाने में एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है।

रोजगार सेवक ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि केशवाखोर निवासी एक ग्रामीण का पीएम आवास का दुसरा किस्त के लिए नियमानुसार जीयो टैग कर भेज दिया।उसी पर नाराज होकर प्रधान ने जाति सूचक गाली गुप्ता देते हुए मोबाइल छीन लिया।हमेशा उनके द्वारा प्रताड़ित किया जाता है।पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। उधर प्रधान पति ने भी चुनावी रंजीश को लेकर पंचायत भवन पर विवाद, गाली गुप्ता देने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।

# दो एसओ सहित तीन कांस्टेबल को एक साल के सदाचरण की परिवीक्षा पर मुक्त किया गया

गोरखपुर (एसएनबी)। अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने मारने पीटने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर सहजनवा थाने के तत्कालीन एसओ कवींद्र नारायण मिश्र, कांस्टेबल जयप्रकाश सिंह, अतशामुद्दीन उर्फ हसामुद्दीन,शमशेर सिंह व तत्काली एसओ पिपराइच श्री प्रकाश राय को दोष सिद्ध पाते हुए एक साल के सदाचरण की परिवीक्षा पर मुक्त करने का फैसला सुनाया है।

**अभियुक्तों पर वादी से 40 हजार रुपये घूस मांगने का भी लगा था आरोप**

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक विशेष लोक अभियोजक घनश्याम त्रिपाठी का कहना था कि वादी गोपाल गुप्ता कस्बा सहजनवां का निवासी है। उसने न्यायालय के समक्ष अंतर्गत धारा 156(3) दंड प्रक्रिया संहिता में प्रार्थना पत्र दिया था। उसका कहना था कि 25 फरवरी 1997 की सुबह अभियुक्तगण सरकारी जीप से वादी के घर आए और वादी तथा उसके भाई पुरुषोत्तम को मारे पीटे और खींचकर जीप में बैठाकर थाने लाए। थाने पर भी अभियुक्तों ने वादी को मारा पीटा। वादी के भाई पुरुषोत्तम के विरोध करने पर उसको थप्पड़ से मार कर चुप करा दिया और वादी को हथकड़ी लगाकर हवालात में बंद कर दिया।

अभियुक्तों ने वादी से 40 हजार रुपए घूस की मांग भी की। रिश्वत का पूरा पैसा न मिलने पर अभियुक्त कविंद्र नारायण मिश्र ने वादी को पुनः मारा पीटा और 34 घंटे बाद फर्जी मुकदमा लगाकर गलत बरामी दिखाकर चालान कर दिया। कोर्ट में अभियोजन पक्ष आरोपियों पर अन्य आरोप साबित नही कर पाया। साक्ष्यों और सबूतों से केवल धारा 323 के आरोप की पुष्टि हुई। कोर्ट में आरोपियों ने जुर्म से इंकार किया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध सबूतों के आधार दोष सिद्ध पाते हुए निर्णय पारित किया।

# आरपी हास्पिटल को एसडीएम ने किया सील

**CHAURICHAURA:** एसडीएम चौरी चौरा शिवम सिंह ने सोमवार को ब्रम्हपुर पीएसी के चिकित्साधिकारी डा. ईश्वरलाल के साथ देवीपुर में पहुंचकर अवैध रूप से चलाए जा रहे आरपी हॉस्पिटल को तत्काल प्रभाव से सील करवा दिया. एसडीएम शिवम सिंह ने बताया कि चार दिन पूर्व आरपी हास्पिटल की जांच की थी. रजिस्ट्रेशन के कागजात के साथ संचालक को तलब किया गया था लेकिन कोई उपस्थित नही हुआ.

# चौरीचौरा में हॉस्पिटल सील

**गोरखपुर (एसएनबी)।** उपजिलाधिकारी चौरीचौरा शिवम सिंह ने ब्रम्हपुर पीएसी के चिकित्साधिकारी डा. ईश्वर लाल के साथ चौरीचौरा के देवीपुर में अवैध रूप से संचालित एक हास्पिटल को तत्काल सील करवा कर आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया।

**आकस्मिक जांच में डॉक्टर ही नहीं स्टाफ भी नहीं मिला, देवीपुर स्थित हास्पिटल में मरीज भर्ती मिले**

एसडीएम श्री सिंह ने बताया कि चार दिन पूर्व इस हास्पिटल पर मैंने स्वयं जाकर जांच किया था। जहां मरीज भर्ती मिले मगर मरीजों के ईलाज के लिए मौके से कोई भी डाक्टर उपस्थित नही मिले। हास्पिटल पर बिना प्रशिक्षित एक महिला द्वारा मरीजों का ईलाज कर उनका देख भाल किया जा रहा था। हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन सहित अन्य कागजात के साथ संचालक को चौरीचौरा तहसील में तलब किया गया था,लेकिन आदेश के बाद भी रजिस्टर्ड कागजात के साथ कोई भी आफिस में उपस्थित नहीं हुआ। **फुटहवा ईनार प्रतिनिधि के** अनुसार पीएसी प्रभारी ब्रम्हपुर डा. ईश्वर लाल के साथ एसडीएम चौरीचौरा देवीपुर में स्थित हास्पिटल पर पहुंच कर पुनः जांच की तो मौके पर हास्पिटल संचालित पाया गया तथा मरीज भी भर्ती मिले।

जांच के दौरान हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन का कागजात नही मिला। यही नहीं हास्पिटल में संचालित मेडिकल स्टोर का लाइसेंस नहीं, बायोमेडिकल ,लागबुक नहीं सहित अन्य कोई कागजात नही मिला। हास्पिटल में चारों तरफ गंदगी फैली हुई थी जिससे दुर्गन्ध उठ रही थीं। हास्पिटल में एक भी डाक्टर व नर्स नहीं मिले जिसके कारण हास्पिटल सहित मेडिकल स्टोर्स तत्काल सील कर दिया गया।

# जनता को परेशान नहीं, उनकी मदद करें अफसर : योगी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि अधिकारी लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। श्री योगी ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम में कहा कि जरूरतमंदों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए और जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।



■ यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाए

मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने करीब 350 लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ आए उनके बच्चों को आशीर्वाद व दुलार देने के साथ उन्होंने चॉकलेट गिफ्ट कर खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार वाले आवेदन अधिक आए थे। सीएम ने अधिकारियों को हिदायत दी कि इलाज में आर्थिक सहायता संबंधी आवेदनों में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं।

# एसडीएम ने सील किया अस्पताल

**KAUDIRAM:** एसडीएम बांसगांव पवन कुमार ने मंगलवार को कौड़ीराम में चार अस्पतालों पर छापेमारी की. इस दौरान बिना पंजीकरण के चल रहे एक अस्पताल को सील कर दिया. जबकि एक अस्पताल के कागजात परीक्षण के लिए भेजा. कौड़ीराम कस्बे में छापेमारी को लेकर दिनभर हड़कंप मचा रहा.

# सत्यम हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन कराने वाला डॉक्टर दिल्ली में हुआ गिरफ्तार

**डॉ. सुनील सरोज पर एसएसपी ने घोषित किया था 20 हजार इनाम**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (28 Feb):** गुलरिहा के सत्यम हॉस्पिटल में महिला की मौत होने के मामले में नामजद डॉ. सुनील सरोज को पुलिस ने मंगलवार की सुबह दिल्ली में गिरफ्तार किया. पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर डॉक्टर को गोरखपुर ले आएगी. जौनपुर जिले का रहने वाला डॉक्टर मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार था. एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था.

## मदद से हुआ था रजिस्ट्रेशन

जौनपुर जिले के मछली शहर थाना क्षेत्र स्थित इन्हासापुर निवासी डॉ. सुनील सरोज ने अपनी डिग्री गुलरिहा के भटहट में स्थित सत्यम हॉस्पिटल के संचालक



को उपलब्ध कराई थी और इसी की मदद से हॉस्पिटल का पंजीकरण हुआ था. शपथ पत्र में डॉ. सुनील ने लिखा था कि हॉस्पिटल में फुलटाइम उपस्थित रहेंगे. तीन जनवरी 2023 को जैनपुर निवासी रामवदन की पत्नी सोनावत की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई. जांच में पता चला कि डॉ. सुनील अस्पताल में नहीं रहते हैं. सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की, तब भी कोई डॉक्टर नहीं मिला. पुलिस की जांच में पता चला कि हॉस्पिटल संचालक सुभाष के इंटरमीडिएट पास पुत्र रंजीत ने महिला का ऑपरेशन किया था. एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि अब तक ऑपरेशन करने वाले रंजीत, संचालक सुभाष, नर्स गीता और पंजीकरण कराने में भूमिका निभाने वाले हिस्ट्रीशीटर सत्येंद्र शर्मा को गुलरिहा थाना पुलिस जेल भेज चुकी है. जांच में जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनकी तलाश चल रही है. जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## डॉ. मनीष का सुराग नहीं

उरुवा में बिना पंजीकरण के चल रहे केबी मेमोरियल हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत होने पर स्वजन ने हॉस्पिटल संचालक व ऑपरेशन करने वाले सीएचसी हरनही के प्रभारी डॉ. मनीष पांडेय के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया है. घटना के बाद पुलिस ने संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही डॉ. मनीष फरार हैं.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT




# गोरखनाथ थाना

जिले के गोरखनाथ एरिया में शहर का सबसे मॉर्डन और हाईटेक थाना बनकर तैयार हो चुका है. 10 हजार स्क्वॉयर फीट में बने इस थाने का निर्माण मार्च 2021 में शुरू हुआ था. बेसमेंट मिलाकर यह पांच मंजिला थाना है. इसको बनाने में 17.10 करोड़ रुपए लागत आई है. फरवरी इसको बनाने की डेडलाइन भी तय की गई थी.

**जांच** सीबीआई ने मांगे बीआरडी जाने वाले अधिकारी व पुलिसकर्मियों के नाम

# मनीष मर्डर केस : उस रात कौन-कौन पहुंचा था बीआरडी?

**कंट्रोल रूम की लॉग बुक व पांच थानों की जीडी की कॉपी भी देने को कहा**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (28 Feb):** कानपुर के व्यापारी मनीष गुप्ता हत्याकांड में नया मोड़ आ गया है. मामले की अग्रेतर विवेचना कर रही सीबीआई की टीम ने 27 सितंबर, 2021 की रात व अगले दिन बीआरडी मेडिकल कॉलेज जाने वाले अधिकारियों के साथ ही पुलिसकर्मियों के नाम और मोबाइल फोन नंबर मांगे है. तीन मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट में इस मामले में सुनवाई होनी है. मनीष गुप्ता की पत्नी मीनाक्षी ने सीबीआई मुख्यालय में प्रार्थना पत्र देकर विवेचना में कई तथ्य छोड़ने का आरोप लगाया है. उसके बाद सीबीआई की टीम इस प्रकरण की अग्रेतर विवेचना कर रही है.




### यह है मामला

कानपुर के कारोबारी मनीष गुप्ता मित्रों के साथ गोरखपुर घूमने आए थे. सभी लोग रामगढ़ताल थाने के पीछे स्थित होटल कृष्णा पैलेस में ठहरे थे. 27 सितंबर, 2021 की रात तत्कालीन थाना प्रभारी जगत नरायन सिंह सहयोगी दारोगा अक्षय मिश्रा, राहुल दूबे, विजय यादव, सिपाही कमलेश यादव व आरक्षी प्रशांत संग होटल में पहुंचे. आरोप है कि इन लोगों ने मनीष को पीटकर मार डाला था.

### मांगे गए नाम और नंबर

सीबीआई लखनऊ के सीओ एमके जायसवाल ने एसएसपी गोरखपुर को पत्र लिखकर पूछा है कि 27 सितंबर, 2021 की रात में रामगढ़ताल थाना पुलिस होटल से मनीष गुप्ता को जब बीआरडी मेडिकल कॉलेज ले गई तो वहां कौन-कौन पहुंचा था. मौके पर जाने वाले अधिकारियों के नाम व मोबाइल फोन नंबर बताएं. पुलिस कंट्रोल रूम से 28 सितंबर, 2021 को क्या-क्या निर्देश जारी हुए, इसकी जानकारी देने के साथ ही लॉग बुक की प्रमाणित कॉपी भी देने को कहा है. इसके अलावा 27, 28 व 29 सितंबर की रामगढ़ताल, कैंट, शाहपुर, चिलुआताल और गुलरिहा थाने की जीडी (जनरल डायरी) की प्रमाणित कापी भी मांगी है. सीबीआई को भेजने के लिए जिले की पुलिस सभी बिंदुओं पर सूचना एकत्र कर रही है.

### 14 को दर्ज किया था बयान

14 फरवरी, 2023 की दोपहर 12:30 बजे लखनऊ से सीबीआई की टीम बीआरडी मेडिकल कॉलेज पहुंची थी. टीम का नेतृत्व कर रहे इंस्पेक्टर ने घटना के समय ड्यूटी पर तैनात आकस्मिक चिकित्साधिकारी डा.एके श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट एसपी चौधरी, रेजिडेंट और वार्ड ब्वाय को फोन कर मेडिकल कॉलेज बुलाया. बंद कमरे में इन लोगों से टीम ने साढ़े चार घंटे तक पूछताछ की. सीबीआई ने ईएमओ व अन्य लोगों से पूछा कि घटना के बाद नेहरू चिकित्सालय में जब मनीष गुप्ता को ले जाया गया था, तो वहां क्या-क्या हुआ था? पहले दर्ज बयान से ताजा बयान को मिलाया भी था. पूछताछ के बाद शाम पांच बजे नेहरू चिकित्सालय से निकली सीबीआई की टीम लखनऊ लौट गई थी.

**हादसे** घर पर नीलम से मिलने के लिए आते थे अंजान लोग

# कॉल डिटेल से मिले सुराग, खुलेगा मर्डर का राज

**i FOLLOW UP**

**सीडीआर से ट्रेस कर रही है नंबर**

gorakhpur@inext.co.in

**SAHJANWA (28 Feb):** सहजनवां एरिया के सहबाजगंज में हुए ट्रिपल मर्डर के मुख्य आरोपी नीलम को पुलिस ने जेल तो भेज दिया है. लेकिन महिला के दो मासूम बच्चों और पति की हत्या अकेले करना लोगो के गले के नीचे नहीं उतर रही है. परिजनों का दावा है कि घर पर नीलम से मिलने के लिए अनजान लोगों का आना जाना लगा रहता था. पुलिस भी इसी बात को आधार मान कर मामले की जांच में जुट गई. सीडीआर आने के बाद पुलिस दर्जनों नंबरों को ट्रेस कर रही है.

### दो नंबरों पर अधिक बात

पुलिस के हाथ जो नंबर लगे है. उसमे दो नंबर ऐसे है. जिनपर नीलम की अधिक बात होती थी. हालांकि पुलिस ने जिस नंबर का सीडीआर निकाला है. उससे घटना के दिन नीलम ने रात 8 बजे के बाद किसी से फोन पर बात नही की है. जबकि मृतक अवधेश गुप्ता के परिजनों का दावा है की नीलम के पास तीन मोबाइल था और घटना के दिन रात 11 बजे नीलम फोन पर किसी से बात कर रही थी. घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने दोनों मोबाइल बरामद नहीं कर सकी. सवाल यह है कि अगर नीलम के पास तीन फोन नही था तो वह 11 बजे रात में किसके फोन से बात कर रही थी. अगर नीलम तीन फोन चलाती थी तो उसके दो फोन कहां है. यह एक जांच का विषय है. जबकि घटना के समय पुलिस ने कमरे की तलाशी भी ली थी. इस संबंध में एसओ नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है. सीडीआर निकाला गया है. कुछ नंबर ट्रेस किए जा रहे हैं.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



वारदात स्थल पर जांच करते पुलिसकर्मी.



गोरखपुर में ट्रिपल मर्डर, बेरहम पत्नी ने पति और 2 बच्चों को मार डाला

### सामने घर का ताला खोला

मंगलवार को सहजनवां पुलिस ने मृतक अवधेश गुप्ता के घर पहुंच कर परिजनों के सामने घर का ताला खोल कर बिस्तर को सील कर दिया. हलका दरोगा विकास मिश्रा ने बताया कि घटना के समय मृतक अवधेश गुप्ता व उनके बेटे आर्यन व आरव जिस बिस्तर पर सोए थे. उस पर खून का निशान था, इसलिए उसे सील किया गया है. बताया की कथरी, कंबल, तकिया मच्छरदानी, पावदान को सील किया गया है.

### बेटी का डाले नाम

मृतक अवधेश गुप्ता की माता सुभावती ने बताया की घटना के समय नीलम के बेटी भी कमरे में थी. फिर पुलिस ने उससे पूछताछ करके क्यों छोड़ दिया. परिजनों का कहना है कि नीलम की बेटी भी दोषी है. एफआईआर में पुलिस उसका भी नाम जोड़ा जाए.

# मारपीट के मामले में दो थानाध्यक्ष समेत पांच पुलिसकर्मी दोषसिद्ध

**GORAKHPUR (28 Feb):**अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने मारने-पीटने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर सहजनवां थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष कवींद्र नारायण मिश्र, कांस्टेबल जयप्रकाश सिंह, अतशामुद्दीन उर्फ हसामुद्दीन, शमशेर सिंह व तत्कालीन थानाध्यक्ष पिपराइच श्रीप्रकाश राय को दोष सिद्ध पाते हुए एक साल के सदाचरण की शर्त के साथ रिहा करने का फैसला सुनाया है.अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम त्रिपाठी ने बताया कि वादी गोपाल गुप्ता कस्बा सहजनवां का निवासी है. उसका आरोप था कि 25 फरवरी, 1997 की सुबह अभियुक्तगण सरकारी जीप से वादी के घर आए और उसे व उसके भाई पुरुषोत्तम को मारा-पीटा और खींचकर जीप में बैठाकर थाने लाए. थाने में भी अभियुक्तों ने मारा-पीटा. भाई पुरुषोत्तम के विरोध करने पर उसको थप्पड़ से मारकर चुप करा दिया और वादी को हथकड़ी लगाकर हवालात में बंद कर दिया. अभियुक्तों ने वादी से 40 हजार रुपये घूस की मांग भी की. रिश्वत का पूरा पैसा न मिलने पर अभियुक्त कविंद्र नारायण मिश्र ने वादी को पुन: मारा-पीटा और फर्जी मुकदमे में गलत बरामदगी दिखाते हुए चालान कर दिया. अभियोजन न्यायालय में अन्य आरोपों को साबित नहीं कर सका. पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने उक्त निर्णय पारित किया. अभियुक्तों ने आरोप से इन्कार किया था.

# भू-माफिया पर करें सख्त कार्रवाई

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (28 Feb): सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह जनता की समस्याओं को पूरी गंभीरता से लें. समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाकर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें. भूमि पर कब्जे की शिकायत के प्रति सख्त हो जाएं और ऐसा करने वाले दबंगों पर शिकंजा करते हुए भू-माफिया पर कार्रवाई सुनिश्चित करें. वह मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ सभागार में जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे. इस दौरान सीएम के सामने एक के बाद एक ऐसी समस्याओं के आवेदन आने लगे, जिनका समाधान स्थानीय स्तर पर हो जाना चाहिए था. इनमें से बड़ी संख्या जमीन से जुड़ी समस्याओं की थी.



## सभी को न्याय का आश्वासन

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए. सीएम योगी ने सभी व्यक्तियों से समस्या के समाधान के लिए आवेदन पत्र अपने हाथों से उनके पास जाकर लिया और उन्हें आश्वासन दिया कि सभी के साथ न्याय होगा. सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है. कुछ लोग शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ न मिल पाने की शिकायत लेकर आए थे. ऐसे लोगों के लिए सीएम ने अधिकारियों से कहा कि वह हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें. सीएम ने लगभग 350 लोगों की समस्याएं सुनीं. इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ आए उनके बच्चों को आशीर्वाद व दुलार देने के साथ चाकलेट देकर खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया.

## इलाज में मदद के लिए तत्पर है सरकार

जनता दर्शन में हमेशा की तरह इस बार भी करीब एक दर्जन लोग इलाज में मदद की गुहार लेकर आए थे. सीएम ने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद के लिए तत्पर है. किसी के इलाज में धन की बाधा नहीं आने दी जाएगी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इलाज में आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करें. एस्टीमेट मंगवाकर औपचारिकता पूरी करें और शीघ्रता से शासन को उपलब्ध कराएं, जिससे मदद की धनराशि आवंटित की जा सके.



## आधे घंटे की गो-सेवा

जनता दर्शन से पहले सीएम ने मंगलवार की सुबह गुरु गोरखनाथ की पूजा-अर्चना की और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया. मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए वह गोशाला पहुंचे और करीब आधे घंटे गोसेवा में बिताए. गायों को दुलारा और अपने हाथों से गुड़-चना खिलाया.

# आपत्तिजनक वीडियो बनाकर रंगदारी वसूलने वाली महिला अरेस्ट

**FOLLOW UP**

### महिला के साथी ने खुद को थानेदार बता बनाया था बंधक

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (28 Feb): स्पोर्ट्स कालेज स्थित मकान में सर्राफ को बंधक बनाकर आपत्तिजनक वीडियो बनाने और रंगदारी वसूलने वाली बड़हलगंज के चिल्लूपार की रहने वाली सीमा देवी को शाहपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया. घटना 11 माह पहले हुई थी.



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी.

महिला के दो साथियों को पुलिस गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी है, वह फरार चल रही थी.

### पहले से मौजूद थी महिलाएं

शाहपुर क्षेत्र के रहने वाले सर्राफ की बेलीपार में आभूषण की दुकान है. आठ मार्च, 2022 को वह अपनी कार से घर जा रहे थे. मोहद्दीपुर ओवरब्रिज पार करते ही सड़क पर खड़े दो लोगों ने लिफ्ट मांगा और बैठ गए. कौवाबाग पुलिस चौकी के पास रुकवाने के बाद एक युवक ने खुद को शाहपुर थानेदार बताते हुए कहा कि जहां बोल रहा हूं वहां चलो. सर्राफ को डरा धमका कर



बिजनेसमैन को ब्लैकमेल

SHOCKING

स्पोर्ट्स कालेज के पास स्थित एक मकान में ले गए, जहां दो महिलाएं पहले से मौजूद थीं. सर्राफ को कमरे में बंद कर पीटने के बाद कपड़े उतरवाकर महिला के साथ आपत्तिजनक वीडियो बनाकर रंगदारी मांगने लगे. खुद को फंसता देख सर्राफ ने रिश्तेदारों की मदद से 2.35 लाख रुपये खाते में भेज दिया, जिसके बाद आरोपितों ने छोड़ा. बंधक बनाकर जानलेवा हमला करने, रंगदारी वसूलने का मुकदमा दर्ज कर देवरिया जिले के रुद्रपुर के जमुहा निवासी अरविंद पांडेय, महेवा चुंगी निवासी अरविंद को गिरफ्तार कर पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है. प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि घटना के बाद से फरार चल रही सीमा देवी को गिरफ्तार किया गया.

# पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपित को पकड़ा

गोरखपुर। गैंगेस्टर में वांछित पंकज पासवान पुत्र लालू उर्फ लाल बाहादुर पासवान निवासी जंगल रामगढ़ उर्फ रजही पासी टोला थाना खोराबार रामगढ़ताल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ खोराबार थाने में गैंगेस्टर का केस दर्ज किया गया था इसकी विवेचना खोराबार इंस्पेक्टर को मिली है।

# चाकू के बल पर महिला से गैंगरैप, दो दबोचे




- चार आरोपियों पर महिला ने दर्ज कराया है मुकदमा
- दुष्कर्म के साथ ही शरीर के गहने लूटने का भी आरोप

भटहट, हिसं। गुलरिहा थाना क्षेत्र में एक महिला ने चाकू के बल पर चार लोगों पर दुष्कर्म के साथ ही जेवर लूटने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार के विरुद्ध दुष्कर्म, लूट एवं धमकी का केस दर्ज करते हुए दो को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि दुष्कर्म की शिकार पीड़ित महिला ने मंगलवार की सुबह सीएम योगी आदित्यनाथ से गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में पहुंच कर न्याय की गुहार लगायी। इसके बाद गुलरिहा पुलिस ने महिला की तहरीर चार लोगों के खिलाफ दुष्कर्म लूट एवं धमकी की धारा में केस दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि 26 फरवरी की रात में वह घर में सोई हुई थी। मध्य रात में चार लोग पहुंचे और उसे भाभी-भाभी कह कर दरवाजा खोलने के लिए कहने लगे। वह हड़बड़ाहट में उठी और दरवाजा खोल दी। आरोप है कि चारों व्यक्तियों ने उसका हाथ मुंह पकड़कर जबरदस्ती उठाकर बगल के खेत में लेकर चले गए। तहरीर के मुताबिक आरोपितों ने चाकू दिखाकर डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके साथ ही आरोपित उसका मोबाइल एवं जेवर भी छीन लिए। इतना ही नहीं महिला का आरोप है कि आरोपितों ने किसी से बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। महिला की मानें तो वह लोकलाज के डर के कारण किसी से घटना के बारे में नहीं बतायी। मगर हिम्मत जुटाकर उसने अपने परिवार में आपबीती बताते हुए पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 376, 392, 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज करते हुए दो आरोपितों को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल कर रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि दो आरोपितों सुजीत एवं धीरज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# डॉ. सुनील सरोज को दिल्ली में पुलिस ने किया गिरफ्तार

## सत्यम हॉस्पिटल

- डॉ. सुनील के डिग्री पर ही हुआ था सत्यम हॉस्पिटल का पंजीकरण
- एक गर्भवती महिला की मौत के बाद फर्जीवाड़ा सामने आया था

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गुलरिहा इलाके में अवैध तरीके से संचालित सत्यम हॉस्पिटल मामले में नामजद अभियुक्त डॉ. सुनील सरोज को गोरखपुर पुलिस ने दिल्ली में दबोच लिया। ट्रांजिट रिमांड पर डॉक्टर को लेकर पुलिस टीम गोरखपुर आ रही है। डॉ. सुनील ने अपनी डिग्री सत्यम हॉस्पिटल के संचालक को उपलब्ध कराई थी और इसी के मदद से हॉस्पिटल का पंजीकरण हुआ था। एक गर्भवती महिला की मौत के बाद सत्यम हॉस्पिटल का फर्जीवाड़ा सामने आया था।

जानकारी के मुताबिक, डॉ. सुनील कुमार सरोज ने सत्यम हॉस्पिटल के पंजीकरण के दौरान शपथपत्र दिया था, जिसमें उन्होंने इसका जिक्र किया था कि वह फुलटाइम हॉस्पिटल में उपस्थित रहेंगे। लेकिन, छह जनवरी को जब गुलरिहा क्षेत्र के जैनपुर निवासी रामवदन की पत्नी सोनावत की मौत हुई तो वह अस्पताल में नहीं थे। सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के लोग जांच के लिए पहुंचे तो कोई भी डॉक्टर नहीं मिला था। इसके अलावा हॉस्पिटल में अप्रशिक्षित स्टॉफ मरीजों का इलाज करते पाए गए थे। पुलिस इस मामले में कथित डॉक्टर रंजीत, संचालक सुभाष, नर्स गीता और पंजीकरण कराने में भूमिका निभाने वाले हिस्ट्रीशीटर सत्येंद्र शर्मा को अब तक जेल भिजवा चुकी है। फरार चल रहे डॉक्टर को भी अब गिरफ्तार कर लिया है।

# कौड़ीराम में चार अस्पतालों की हुई जांच, एक सील

**कार्रवाई 1**

कौड़ीराम, हिन्दुस्तान संवाद। कस्बे में बगैर पंजीकरण के संचालित हो रहे अस्पतालों पर शासन की निगाहें टेढ़ी हो गई हैं। हाल ही में बड़ी संख्या में ऐसे अस्पताल खुल गए हैं। मंगलवार को उपजिलाधिकारी ने कस्बे में चार अस्पतालों पर छापेमारी की। इस दौरान बिना पंजीकरण के चल रहे एक अस्पताल को सील कर दिया। जबकि एक अस्पताल के कागजात परीक्षण के लिए भेज दिया है। कस्बे में छापेमारी को लेकर दिन भर हड़कंप मचा रहा।

एसडीएम बांसगांव पवन कुमार ने पीएचसी कौड़ीराम व तहसील की टीम के साथ दुर्गा हास्पिटल, रिया हास्पिटल, एमके हास्पिटल व राजाराम अस्पताल पर छापा मारा। इस दौरान बिना पंजीकरण के चल रहे एमके हास्पिटल को उपजिलाधिकारी ने सील कर दिया। रिया हास्पिटल पर आवश्यक कागजात को परीक्षण के लिए भेज दिया गया। दुर्गा हास्पिटल के केबिन को लाक कर चाबी अपने कब्जे में ले लिया। पीएचसी कौड़ीराम के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. संतोष वर्मा ने बताया कि खुशी पुत्री रामसनेही चौधरी को बिना पंजीकरण चल रहे अस्पताल से निकाल कर पीएचसी में भर्ती कराया गया। बांसगांव उपजिलाधिकारी पवन कुमार ने कहा कि कौड़ीराम में अस्पतालों की जांच-पड़ताल की गई। बिना पंजीकरण के चल रहे अस्पताल को सील कर दिया गया। जबकि एक हास्पिटल के प्रमाण पत्रों की जांच कराई जा रही है।



मंगलवार को बिना रजिस्ट्रेशन चौरीचौरा क्षेत्र के देवीपुर में चल रहे आर पी अस्पताल को सील कराते एसडीएम शिवम सिंह। • हिन्दुस्तान

## छापेमारी में एसडीएम ने आरपी हॉस्पिटल को किया सील

**2**

चौरीचौरा, हिसं। एसडीएम शिवम सिंह ने मंगलवार को देवीपुर में फोरलेन के किनारे स्थित आरपी हॉस्पिटल को सील कर दिया। सील करने के दौरान पीएचसी ब्रह्मपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. ईश्वरलाल भी मौजूद रहे।

एसडीएम ने बताया कि अस्पताल में अनियमितता के कारण तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। उन्होंने बताया की अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं मिला। मेडिकल स्टोर का लाइसेंस नहीं था। बायो मेडिकल वेस्ट का लॉगबुक भी नहीं मिला। हर तरफ गंदगी, मौके पर कोई भी डॉक्टर व नर्स उपस्थित नहीं मिले। एसडीएम ने बीते शुक्रवार को आर पी हास्पिटल पर छापेमारी की थी। बिना डिग्री के एक नर्स द्वारा चलाया जा रहा था। वहां कोई डाक्टर मौजूद नहीं था। महिला से हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन व अन्य संबंधित अभिलेख मांगे जाने पर हीलाहवाली किया था।

> अस्पतालों की लगातार जांच की जाएगी। लापरवाह व बिना रजिस्ट्रेशन चलने वाले अस्पताल पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> – **शिवम सिंह**, एसडीएम, चौरीचौरा

# गैंगस्टर एक्ट का वांछित गिरफ्तार

गोरखपुर। बड़हलगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में आरोपित अंकुर यादव उर्फ विनय यादव को गिरफ्तार किया है। अंकुर यादव पर उरुवा बाजार पुलिस ने गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया था। बड़हलगंज पुलिस इस मामले की विवेचना कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने गोला थाना क्षेत्र के नेवास गांव निवासी अंकुर यादव उर्फ विनय यादव पुत्र राघव यादव को गिरफ्तार किया है।

# जोन में छह साल में चिह्नित 409 माफिया पुलिस के रडार पर

**323** अरब की सम्पत्ति भी हुई जब्त, योगी सरकार के छह साल में हुई यह कार्रवाई

- उमेश पाल की हत्या के बाद माफियाओं की गतिविधियों पर एक बार फिर पड़ताल
- पुराने माफियाओं की गतिविधियों पर नजर, नए माफियाओं की पहचान



गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या के बाद एक बार फिर योगी सरकार ने माफियाओं पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गोरखपुर जोन पुलिस ने पुराने माफियाओं की वर्तमान गतिविधियों पर निगरानी के साथ ही पैदा हो रहे नए माफियाओं की पहचान कर फन निकालने से पहले कुचलने के प्रयास में जुट गई है। जोन के सभी जिलों के साथ ही थानों को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि उनके यहां कोई भी माफिया पनप रहा है तो तत्काल उसके ऊपर कानूनी शिकंजा कसे।

योगी सरकार बनने के बाद माफियाओं पर शिकंजा कसना शुरू हुआ वर्ष 2017 से 24 फरवरी 2023 तक गोरखपुर जोन में 409 माफिया चिन्हित किए गए। इनमें से ज्यादातर या तो जेल में हैं या फिर जमानत पर बाहर होने के बाद खुद को माफियागिरी से दूर करके रखे हैं। यही नहीं, कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने जिला ही नहीं प्रदेश ही छोड़ रखा है। वे खुद को बचाने के लिए दूसरे प्रदेश में चुपचाप पड़े हैं। माफियाओं पर सख्ती का आलम ही है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था में काफी सुधार सामने आ चुका है। प्रयागराज में हुई घटना के बाद पुलिस ने एक बार फिर माफियाओं की गतिविधियों की जांच शुरू कर दी है।

एडीजी अखिल कुमार ने जोन के सभी जिले के एसपी को माफियाओं पर कार्रवाई के साथ ही निगरानी का निर्देश दिया है। खास तौर पर उन पर सक्रियता दिखाने की कोशिश की गई है जो पुराने माफियाओं की जगह भरने के लिए खुद को उभार रहे हैं। सरकार के मंशा के अनुरूप ऐसे माफियाओं का फन निकलने से पहले उन्हें कुचलने की पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है।

## 323 अरब की सम्पत्ति भी हुई जब्त

गोरखपुर जोन पुलिस ने माफियाओं पर कार्रवाई के साथ ही गैंगस्टर सहित अन्य की सम्पत्ति भी जब्त किया है। एक आंकड़े के मुताबिक पिछले छह साल में गोरखपुर जोन की पुलिस ने 323 अरब की सम्पति जब्त कराई है। हालांकि जब्ती का यह सिलसिला अभी जारी है।

## सात बदमाश एनकाउंटर में मारे गए

पुलिस का इकबाल कायम करने के साथ ही अपराधियों में खौफ पैदा करने और जनता में कानून का राज कायम रखने के लिए जोन पुलिस ने बीते छह साल में सात बदमाशों को एनकाउंटर में ढेर किया। इनमें खास तौर पर विपिन सिंह, परवेज, विजय प्रजापति, प्रदीप पाण्डेय, फिरोज पठान, विजय सिंह उर्फ बिज्जी, पन्नेलाल यादव उर्फ डॉक्टर शामिल रहे।

# गायब हैण्डबैग 24 घण्टे के अन्दर किया बरामद

गोरखपुर। थानाध्यक्ष पिपराइच सूरज सिंह और उनकी टीम ने एक महिला का गायब हैंड बैग 24 घंटे के अंदर बरामद कर लिया है। बताया कि पीड़ित महिला ऑटो में बैठकर पिपराइच से रमवापुर जा रही थी। उनका हैण्डबैग जिसमें एक हार, एक जोड़ी झुमका, चार सोने की अंगूठी तथा 1100 रुपये था।

# गोरखपुर एम्स में नौकरी, ठेका व दुकान दिलाने के नाम पर ठगी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एम्स में नौकरी-ठेका और दुकान दिलाने के नाम पर एक बार फिर ठगी का मामला सामने आया है। जालसाज पति-पत्नी ने एम्स की कैंटीन, दवा की दुकान और पार्किंग का ठेका दिलाने के नाम पर संतकबीरनगर के तीन लोगों से 70 लाख ठग लिए। खुद को पीसीएस अधिकारी बता आरोपी पति-पत्नी ने जालसाजी की। इस मामले में चिलुआताल थाने में तीन केस दर्ज हुए है। आरोपित दम्पत्ति के खिलाफ इससे पहले भी 34 लाख की जालसाजी का केस कैंट थाने में दर्ज किया गया था।

संतकबीरनगर के धनघटा क्षेत्र के शनिचरा निवासी दीपक कुमार ने चिलुआताल पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ साल पहले उनकी मुलाकात चिलुआताल इलाके के नकहा नंबर एक गायत्रीपुरम के रहने वाले राजीव तिवारी से हुई। उसने अपना मोबाइल नंबर दिया और दोनों की फोन पर बातचीत होने लगी। घर तक आना जाना हो गया। राजीव खुद को पीसीएस अधिकारी बताता है। इस बीच राजीव की पत्नी शिप्रा ने दीपक को एम्स गोरखपुर में पार्किंग का ठेका और दुकान दिलाने की बात कही। इसके एवज में पति-पत्नी ने दीपक से 45 लाख ले लिए। जब ठेका और दुकान नहीं मिली तो दीपक ने रुपये मांगने शुरू कर दिए। आरोप है कि राजीव और शिप्रा अब रुपये लौटाने के बजाय जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। चिलुआताल पुलिस ने पति-पत्नी के खिलाफ जालसाजी और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

## ठेका दिलाने के नाम पर ले लिए 18.50 लाख

संतकबीरनगर जिले के धनघटा क्षेत्र के गायघाट के रहने वाले एक दूसरे दीपक कुमार ने 18.50 लाख रुपये की जालसाजी का केस दर्ज कराया है। उन्होंने तहरीर में कहा है कि एम्स में पार्किंग का ठेका दिलाने के नाम पर राजीव ने 18.50 लाख रुपये लिए। तीन साल बीत जाने के बाद भी ठेका नहीं मिला। बात करने पर वह झांसा देकर दौड़ाता रहा। आरोप है कि अब रुपये मांगने पर आरोपी धमकी दे रहा है। पीड़ित की तहरीर पर चिलुआताल पुलिस ने आरोपी राजीव के खिलाफ जालसाजी और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख की ठगी

धनघटा क्षेत्र के मुखलिसपुर निवासी जयहिंद चौधरी ने एम्स में नौकरी के नाम पर छह लाख रुपये की जालसाजी का आरोप लगाते हुए चिलुआताल थाने में केस दर्ज कराया है। जयहिंद का आरोप है कि राजीव तिवारी ने नौकरी दिलाने का झांसा देते हुए छह लाख रुपये वसूल लिए। काफी समय बीत जाने के बाद भी नौकरी नहीं मिली तो जयहिंद रुपये वापस मांगने लगे। आरोप है कि जालसाज ने रुपये नहीं लौटाए और अब जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने जयहिंद की तहरीर पर जालसाजी और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# सिपाही से मिलकर पति को पिटवाती थी नीलम

फॉलोअप

सहजनवा, हिन्दुस्तान संवाद। सहजनवा के सहबाजगंज में शनिवार को हुए ट्रिपल मर्डर में सनसनीखेज जानकारी सामने आई है। पता चला है कि एक सिपाही से अवधेश को नीलम पिटवाती थी उसी के बाद वह घर से भाग गया था। अवधेश गुप्ता की मां सुभावती देवी ने बताया कि पिछले दो माह से थाने का एक सिपाही हत्यारोपी नीलम के फोन करने पर घर आता था और उसके कहने पर बेटे मृतक अवधेश गुप्ता को पीटता था। सिपाही की पिटाई से ही आजिज आकर बेटे ने घर छोड़ दिया था।

सुभावती ने बताया कि महाशिवरात्रि के एक दिन पहले नीलम ने अपने पति को फोन करके बुलाया था। मां का कहना है कि जब घर में किसी से झगड़ा होता था या मुझसे ही किसी बात को लेकर नीलम से कुछ नोकझोंक होती थी तो नीलम उस सिपाही के पर्सनल नम्बर पर फोन करके उसे बुलाती थी। मोहल्ले वालों का भी कहना है कि सिपाही अक्सर आकर अवधेश को सड़क पर ले जाकर बच्चों के सामने जमकर पीटता था। सिपाही वह भी कहता था कि नीलम को परेशान करोगे तो तुमको और तुम्हारे बच्चो को बंद कर देंगे। घटना में किसी और के शामिल होने की चर्चा जारी है। हालांकि पुलिस अफसर को इस दावे में कोई सच्चाई नहीं नजर आ रही है। वहीं सुभावती का कहना है की अभी तक कोई भी जनप्रतिनिधि या नेता उनके घर नहीं आया।

**खून को साफ करके अर्गन पर टांग दी थी साड़ी :** शनिवार की रात नीलम ने काली साड़ी पहन रखी थी, पति और बच्चों की हत्या करने के बाद साड़ी पर लगे खून के छींटे को उसने धुलकर घर के बगल में अर्गन पर टांग दी थी।

## नाली से बरामद हुआ था हत्या में प्रयुक्त चाकू

सहजनवा पुलिस ने ट्रिपल हत्या में इस्तेमाल चाकू को घर के सामने की नाली से बरामद किया था। हत्या के बाद नीलम ने चाकू इसी नाली में छिपा दिया था, पुलिस ने जब नीलम से कड़ाई से पूछताछ की थी तो उसने चाकू नाली में होने की बात कही थी। अब परिवारीजन और मोहल्ले वालों का कहना है कि हो सकता है नीलम ने अपना अन्य मोबाइल भी इसी नाली में फेंक दिया हो।

## बच्चों की परवरिश के लिए की थी दूसरी शादी

मां सुभावती देवी का कहना है कि वर्ष 2017-18 में मोहल्ले के कई लोगों को पीएम आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत आवास मिला था उसमे मृतक अवधेश गुप्ता की पहली पत्नी रेनू के नाम भी आवास मिला था और मेरे छोटे बेटे शिवम को भी आवास मिला था।, रेनू की मौत के बाद अवधेश ने बच्चों की परवरिश के लिए ही दूसरी शादी की थी। हत्या की आरोपित नीलम लगातार अवधेश से मकान अपने नाम करने का दबाव बनाती थी। अवधेश की पहली पत्नी के सभी गहने भी नीलम ने रख लिए थे।

## नीलम ने जला दिया था बच्चों का ड्रेस

अवधेश की मां सुभावती देवी का कहना है कि कुछ दिन पहले अवधेश बच्चों के लिए नई ड्रेस ले आया था। उसको नीलम ने जला दिया था। तभी से बच्चे स्कूल नहीं जा रहे थे। वह बेटों से जलन रखती थी। सभी बच्चे सहजनवा के एक स्कूल में पढ़ते थे।

# तीन फरार आरोपितों के खिलाफ एक और केस

## बृजेश हत्याकांड

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। पिपराइच थानाक्षेत्र के समदार खुर्द निवासी व्यापारी बृजेश विश्वकर्मा हत्याकांड में शामिल फरार तीन बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट के आदेश की अवहेलना की धारा में एक और केस दर्ज किया है। घटना में शामिल कुल सात आरोपितों में चार को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है जबकि तीन आरोपित फरार चल रहे हैं।

विवेचक ने बताया कि अजय राजभर पुत्र राजकुमार, जहीर अंसारी पुत्र जलील अंसारी निवासीगण बभनौली एवं सद्दाम हुसैन पुत्र समसुद्दीन निवासी अटकहिया थाना पनियरा जनपद महराजगंज हत्या व लूट के मुकदमे में वांछित हैं। कोर्ट ने एक दिसम्बर 2022 को एनबीडब्ल्यू जारी किया था। साथ ही चार जनवरी 2023 को धारा-82 का आदेश जारी की गई थी जिसका तामिला भी कराया जा चुका है। इसके बाद भी आरोपितों को न तो गिरफ्तार किया जा सका और न ही वे कोर्ट में हाजिर हुए। फरार बदमाशों के खिलाफ की गई कार्यवाही में विवेचक ने आशंका जताई है कि आरोपित अपनी चल अचल संपत्ति बेचकर फरार होने की तैयारी में हैं। ऐसे में पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ कोर्ट की अवहेलना की धारा 174ए के तहत केस दर्ज किया है।

## 12 जुलाई को मिली थी व्यापारी बृजेश की लाश

व्यापारी बृजेश का शव भटहट-बैलो मार्ग पर पोखरभिण्डा गांव के समीप 12 जुलाई 2021 की सुबह बरामद हुआ था। परिजनों के मुताबिक 11 जुलाई की शाम बृजेश दोस्तों के साथ भटहट कस्बे से गुलरिहा क्षेत्र के करमहां बुजुर्ग में दावत में गया था। दूसरे दिन सुबह भटहट कस्बे से लगभग तीन किमी दूर बैलो रोड पर पोखरभिंडा गांव के पास बृजेश का शव मिला। बृजेश के बड़े भाई उमेश की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की धारा में केस दर्ज किया था। घटना के पांच माह बाद बृजेश की गायब स्कूटी महाराजगंज के कोतवाली क्षेत्र में दो बाइक चोरों के पास पकड़ी गई थी।

# पांच गो-तस्करों पर पिपराइच पुलिस ने लगाया गैंगस्टर

- पुलिस पर हमला कर चुका है गिरोह, तीन है कुशीनगर के रहने वाले
- पिपराइच इलाके का है गैंगलीडर एक मथुरा जिले का रहने वाला

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। संगठित माफियाओं-अपराधियों पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पिपराइच पुलिस ने मंगलवार को पांच गौ तस्करों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की है। यह गैंग पशुओं को पिकअप पर लाद कर ले जाता है और विरोध करने पर आम आदमी से लेकर पुलिस तक पर भी हमला करता है। इनके खिलाफ वर्ष 2022 में पिपराइच थाने में पशु तस्करी, हत्या का प्रयास गोवध निवारण एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। गिरोह का गैंग लीडर पिपराइच का निवासी राजमन चौरसिया बताया जा रहा है।

पिपराइच थानेदार सूरज सिंह ने पिपराइच के रसूलपुर निवासी राजमन चौरसिया, मथुरा जिले के बलदेव थाना क्षेत्र स्थित गढसौली निवासी मोहन पुत्र रतन सिंह, कुशीनरग जिले के पटहेरवा क्षेत्र के बेलवा छितूर उर्फ काजीपुर निवासी किशोर यादव कुशीनगर जिले के कसया क्षेत्र के सपहा नौका टोला निवासी भुख्खल यादव पुत्र रामबरन व उसके भाई जितेन्द्र पुत्र भुख्खल यादव पर गैंगेस्टर का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक यह गैंग सुसंगठित आपराधिक गैंग बनाकर आर्थिक भौतिक लाभ के लिए गोकसी करने के इरादे से जानवरों को पिकअप में लादना जैसा जघन्य अपराध कारता है।

# रंगदारी वसूलने वाली एक और महिला गिरफ्तार

## कार्रवाई

- महिला के साथी ने खुद को एसओ बता सराफा को बंधक बना की थी वारदात
- स्वर्ण कारोबारी ने दर्ज कराया था केस, दो आरोपी पहले ही गए जेल

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शाहपुर इलाके स्पोर्ट्स कॉलेज रोड पर स्थित एक मकान में स्वर्ण कारोबारी को बंधक बनाकर अश्लील वीडियो बनाने और रंगदारी वसूलने के मामले में एक महिला पकड़ी गई।

मंगलवार को पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने पहले ही जेल भिजवा दिया है। पकड़ी गई महिला बड़हलगंज के चिल्लूपार की रहने वाली है। शाहपुर इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति की बेलीपार इलाके में सोने-चांदी की दुकान है। 8 मार्च 2022 को वह अपनी कार से घर जा रहे थे। रास्ते में मोहद्दीपुर के पास दो लोगों ने उनसे लिफ्ट मांगा और कार में बैठ गए। कौवाबाग चौकी के पास दोनों ने गाड़ी रुकवा दिया। उनमें एक ने खुद को थाना शाहपुर का एसओ बताते हुए कहा कि मैं जहां कह रहा हूं, वहां पर लेकर चलो। स्वर्ण कारोबारी को डरा धमका कर दोनों राप्ती नगर फेज-एक में लेकर आए, जहां पर दो महिलाएं पहले से मौजूद थी। कारोबारी को कमरे में बंद कर मारपीट कर घायल कर दिए और जान से मारने की धमकी देते हुए निर्वस्त्र करा दिया। उधर, दोनों महिलाओं ने भी निर्वस्त्र होकर उनके साथ वीडियो बनाया। खुद को फंसता देख पीड़ित ने रिश्तेदारों की मदद से 2.35 लाख उन्हें गूगल पे करा दिया। पुलिस ने केस दर्ज रुद्रपुर के जमुहा निवासी अरविंद पांडेय, महेवा चुंगी निवासी रत्नेश कुमार श्रीवास्तव उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में फरार महिलाओं की पहचान नाजिया खान उर्फ सीमा देवी रसूलपुर गोरखनाथ वर्तमान पता चिल्लूपार के रूप में हुई। जबकि एक की पहचान पूनम के रूप में हुई।

## सीबीआई ने मांगे बीआरडी जाने वाले अफसरों व पुलिस के नंबर

# मुकदमे को लेकर धमकी की जांच में कई पर आंच




### मीनाक्षी गुप्ता के तीन प्रार्थनापत्र की जांच कर रही सीबीआई

- मनीष के हाथ से सोने की ब्रेसलेट और रुपये गायब करने का आरोप था जिसमें मीनाक्षी ने होटल के कमरे की एक फोटो भी सीबीआई को दी थी। फोटो में जिसे वह ब्रेसलेट बता रही थी, पंचनामा में रक्षा सूत्र बताया गया था। पंचनामे पर मीनाक्षी ने हस्ताक्षर भी किया था।
- दूसरे प्रार्थनापत्र में एक फोटो में मनीष गुप्ता के गले पर निशान दिखाकर गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया था। इस मामले में सीबीआई कर चुकी है।
- तीसरे प्रार्थनापत्र में बीआरडी पहुंचे पुलिस अधिकारियों द्वारा मुकदमा न दर्ज करने के लिए धमकी देने और सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है।

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** कानपुर के प्रापटी डीलर मनीष गुप्ता हत्याकांड में सीबीआई ने अभी धमकी और विवेचना को प्रभावित करने के लिए सबूतों से छेड़छाड़ की जांच जारी रखी है। सीबीआई ने घटना के बाद होटल से लेकर बीआरडी तक जाने वाले अफसरों और पुलिस कर्मियों की पूरी सूची मांगी है। इस मामले में कई लोगों पर आंच आने की आशंका जताई जा रही है।

चार्जशीट दाखिल होने के बाद सीबीआई मनीष की पत्नी मीनाक्षी गुप्ता की ओर से दाखिल तीन प्रार्थनापत्रों की नए सिरे से जांच कर रही है। अब सीबीआई लखनऊ के सीओ एमके जायसवाल ने एसएसपी गोरखपुर को पत्र लिख कर पूछा है कि 27 सितंबर 2021 की रात में जब रामगढ़ताल थाना पुलिस होटल से मनीष गुप्ता को बीआरडी ले गई तो वहां कौन-कौन पहुंचा था। उन्होंने मौके पर जाने वाले अधिकारियों के नाम व मोबाइल नंबर मांगे हैं। इतना ही नहीं पुलिस कंट्रोल रूम से 28 सितंबर 2021 को क्या-क्या निर्देश जारी हुए, इसकी जानकारी के साथ लाग बुक की प्रमाणित कापी भी सीबीआई ने मांगी है। इसके अलावा 27,28 व 29 सितंबर की रामगढ़ताल, कैंट, शाहपुर, चिलुआताल व गुलरिहा थाने की जीडी की प्रमाणित कापी देने को कहा गया है। सीबीआई को भेजने के लिए जिले की पुलिस सभी बिंदुओं पर सूचना एकत्र कर रही है। मनीष गुप्ता की पत्नी मीनाक्षी ने सीबीआई मुख्यालय में प्रार्थना पत्र देकर विवेचना में कई तत्थ छोड़ने का आरोप लगाया है। जिसके बाद सीबीआई की टीम इस प्रकरण की अग्रेतर विवेचना कर रही है।

# 50 चौराहों पर बनेंगे मॉडल पुलिस बूथ

गोरखपुर। शहरी क्षेत्र में चौराहों पर पुलिस बूथ के साथ ही गश्त के लिए पुलिस को 50 बाइक खरीद कर जीडीए देगी। वहीं ट्रैफिक सुचारू रूप से चले इसके लिए चौराहों को चौड़ा कर जेब्रा क्रॉसिंग और बायां मोड़ फ्री करने का भी निर्णय मंगलवार को जीडीए बोर्ड की बैठक में लिया गया। एसपी सिटी ने बताया कि बजट मिलते ही शहर के प्रमुख चौराहों पर जल्द ही बूथ का निर्माण शुरू हो जाएगा।

शहर के चौराहों पर ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। गर्मी के समय ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी लू में तपने के साथ ही बरसात में छिपने का ठिकाना ढूंढते हैं।

# निर्देश : जनता की समस्याओं पर ध्यान दें अधिकारी : योगी

## जनता दर्शन

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जनता की समस्याओं पर अफसर ध्यान दें। लापरवाही ठीक नहीं है। लोगों की समस्याओं को पूरी गंभीरता से लें और संवेदनशीलता के साथ उनका समाधान कराएं। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए।

सीएम मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में फरियादियों की शिकायतें सुन रहे थे। गोरखनाथ मंदिर परिसर में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने 350 फरियादियों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देश दिए। इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ आए बच्चों को आशीर्वाद व दुलार देने के साथ उन्होंने चॉकलेट गिफ्ट कर खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।



गोरखनाथ मंदिर में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं

**350** फरियादियों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री ने

संबंधित खबर P 04

# थानों में 'कैद' शेरनी दस्ता, शोहदे हुए बेलगाम



थाने में मौजूद शेरनी दस्ते की गाड़ी पर जमा धूल • जागरण

जितेन्द्र पाण्डेय • गोरखपुर

शहर से लेकर देहात क्षेत्र में शोहदे बेलगाम हो चुके हैं। बच्चियां सुरक्षित हैं और न महिलाएं। इनकी सुरक्षा के लिए बना शेरनी दस्ता भी थानों में 'कैद' हो चुका है। वहीं, महिला सुरक्षा दल की टीम भी लापता है। इससे छेड़खानी की घटनाएं ज्यादा बढ़ गई हैं।

शासन ने महिलाओं की सुरक्षा व छेड़खानी पर लगाम लगाने के लिए शेरनी दस्ता व महिला सुरक्षा दल की व्यवस्था बनाई है। इनका काम चौराहों, स्कूलों के आस पास भ्रमण कर शोहदों पर लगाम लगाना है। शुरू में इनके द्वारा यह दायित्व बखूबी निभाया गया, मगर इधर दो माह से इनकी सुस्ती से शोहदे फिर से बेलगाम हो चुके हैं। आए दिन स्कूलों से आते-जाते छात्राओं के साथ छेड़खानी की घटनाएं हो रही हैं। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर कोरम पूरा कर ले रही है। महिला सुरक्षा दल की टीम में एक दारोगा, दो महिला व दो पुरुष पुलिसकर्मी की तैनाती है।

**28 थानों पर है 56 शेरनी दस्ता** : शेरनी दस्ता का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2020 में गोरखपुर में हरी झंडी दिखाकर किया था। इसके बाद जिले के 28 थानों में दो-दो दस्तों को भेज दिया गया। इस दस्ते को डायल 100 की तरह कार्य करना था। इसकी जिम्मेदारी थाने के प्रभारियों को सौंपी गई थी। जो अपने थाने से दो-दो महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाकर स्कूलों और कालेजों के पास भ्रमण करने व छेड़खानी की घटनाओं में मौके पर जाने के लिए लगाते थे। लेकिन, थानेदारों की लापरवाही से इस दस्ते के वाहन थाने में धूल फांक रहे हैं।

**केस एक**- 11 फरवरी को पिपराइच स्थित एक स्कूल में विदाई समारोह के बाद घर जा रही छात्राओं के साथ शोहदों ने छेड़खानी की। गार्डों के विरोध पर उन्हें पीटा। स्कूल की प्रधानाचार्या ने एसपी कार्यालय आकर सुरक्षा की मांग की।

**केस दो**- बड़हलगंज कोतवाली क्षेत्र में बीते माह एक युवती मां के साथ बाजार जा रही थी। इसी दौरान कुछ युवकों ने युवती के साथ छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर युवकों ने मां के साथ भी दुर्व्यवहार किया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की।

**केस तीन** - 27 फरवरी को शाहपुर क्षेत्र में स्थित मुर्गी फार्म में किशोरी को बंधक बनाकर युवकों ने दुष्कर्म किया। गंभीर स्थिति में घर पहुंची किशोरी ने स्वजन को जानकारी दी तो उसे बीआरडी मेडिकल कालेज ले गए।

शेरनी दस्ते की जिम्मेदारी थानेदारों के पास है। महिला सुरक्षा दल समय-समय पर स्कूलों में जाकर जागरूक करने का कार्य करती है। छात्राओं को फार्म देकर उनसे परेशान करने वाले युवकों के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की गई थी। किसी ने कोई जानकारी नहीं दी थी। टीम का काम स्कूल और चौराहों पर भी भ्रमण करना है। अगर ऐसा नहीं हो रहा है तो कार्रवाई की जाएगी।

**इंदू प्रभा सिंह**, पुलिस अधीक्षक अपराध व महिला सुरक्षा बल प्रभारी

# फातिमा रोड बिना सूचना पूरी तरह बंद

## मुसीबत

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। खजांची से स्पोटर्स कॉलेज रोज पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के चलते मंगलवार को खजांची से फातिमा की तरफ आने वाली लेन बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दी गई। इसके चलते कइयों को जाम का सामना करना पड़ा। जाम में एक एम्बुलेंस फंस गई।

एम्बुलेंस के चालक पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि न तो कोई सूचना और न ही कोई बोर्ड, एकदम बैरीकेडिंग के पास आने पर पता चला कि रास्ता बंद हो गया है। इसी रास्ते दो घंटे पहले पादरी बाजार की तरफ आया था तो कोई भी बैरीकेडिंग नहीं थी। पंकज ने बताया कि चौराहे पर डायवर्जन का कोई बोर्ड तक नहीं लगाया गया।



खजांची चौराहे पर अचानक से कर दिया रास्ता बंद, एंबुलेंस फसी।

बस बांस व बल्ली लगाकर रास्ता ब्लॉक कर दिया। शहर का पहला फ्लाईओवर 604.8 मीटर लम्बा और 16.8 मीटर चौड़ा होगा खजांची में बन रहा है। इस फ्लाईओवर का निर्माण जेल बाईपास फोरलेन (बरगदवां से कौवाबाग) रोड खजांची चौराहे पर किया जा रहा है।

# महिला से सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**जासं, भटहट** : गुलरिहां थाना क्षेत्र में चाकू से आतंकित कर चार युवकों ने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोप है कि युवकों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए जेवर लूट लिए। मंगलवार की सुबह मुख्यमंत्री जनता दर्शन में पीड़िता ने गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज करते हुए दो को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित महिला ने बताया है कि 26 फरवरी की रात वह घर में सोई थी। मध्य रात्रि में चार लोग पहुंचे और भाभी कहकर दरवाजा खुलवाए। इसके बाद चारों उसे जबरदस्ती उठाकर बगल के खेत में ले गए और चाकू से आतंकित कर सामूहिक दुष्कर्म किए। मोबाइल फोन व जेवर छीनते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों आरोपितों पर दुष्कर्म, लूट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसमें सुजीत व धीरज को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। अन्य दो की तलाश की जा रही है।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में 10 वर्ष का कठोर कारावास

गोरखपुर : नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने चौरी चौरा थाना के तिलौली निवासी सनोज को 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 51 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को 13 माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 16 मई, 2017 की रात लगभग आठ बजे की है। वादिनी की बच्ची शौच के लिए गई थी। अभियुक्त सनोज ने उसे चाकू से आतंकित कर उसके साथ दुष्कर्म किया और धमकी दी कि इसके बारे में किसी को बताओगी तो तुम्हें और तुम्हारे भाई को जान से मार दूंगा। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निर्णय दिया।

# खेत में लगा पत्थर उखाड़ने पर मुकदमा दर्ज

सहजनवां : थाना क्षेत्र के पाली गांव निवासी सुरेश प्रसाद सिंह की तहरीर पर पुलिस ने सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। पीड़ित ने मंगलवार को दी तहरीर में बताया कि तहसील प्रशासन ने पत्थर नसब कर खेत में पत्थर लगाया था। उसे गांव के बाबूराम, चिन्नी, सुनील, प्रकाश, अनिल, शैलेश और रामहित मिलकर उखाड़ रहे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने मारने के लिए दौड़ा लिया। (जासं)

## मनबढ़ों ने तोड़ी दीवार, आठ के विरुद्ध मुकदमा

**सहजनवां :** थाना क्षेत्र के कुसमौल निवासी गोरखनाथ त्रिपाठी ने दीवार गिराने के आरोप चार नामजद व चार अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराया है। मंगलवार को तहरीर में पीड़ित ने बताया कि जिगिना स्थित मकान के चारों तरफ दीवार चलवाई थी। इसी गांव के सचिदानन्द, सदानन्द समेत छह ने दीवार तोड़कर गिरा दिया। विरोध करने पर मारने के लिए दौड़ा लिया।

## पति व सास पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**सहजनवां :** गीडा थाना क्षेत्र पिपरौली निवासी सुमन देवी ने अपने पति बृजेश कुमार व सास बादामी देवी पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। मंगलवार को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि सात फरवरी को दोपहर 12 बजे पति व सास ने मिलकर जलाकर मारने की कोशिश की।

# युवक को मारपीट कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

टिकरिया : गुलरिहा थाना क्षेत्र के महराजगंज टोला सखुवा निवासी रामकेश मणि त्रिपाठी ने मंगलवार को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित ने बताया कि उसके घर के सामने गांव के अभिषेक, अविनाश व विपुल ने घोड़ा बांध दिया। इससे उसके दरवाजे पर बंधी गाय चिल्लाने लगी। विरोध करने पर आरोपितों ने घर में घुसकर लोहे की राड से पीटकर घायल कर दिया। पत्नी के साथ भी छेड़खानी की। (जासं)

# पांच पशु तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा

**जासं, गोरखपुर:** पिपराइच थाना पुलिस ने सोमवार को पांच पशु तस्करों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद की गई। आरोपित सुसंगठित आपराधिक गैंग बनाकर गोवंश की तस्करी करते थे।

थाना प्रभारी सूरज सिंह ने बताया कि सरगना पिपराइच थाना के रसूलपुर निवासी राजमन चौरसिया है। वह मथुरा जिले के बलदेव थाना के गढ़सौली निवासी मोहन, कुशीनगर जिले के थाना पटहेरवा के बेलवा छितूर उर्फ काजीपुर निवासी किशोर यादव, कसया थाना के सपहा नौका टोला निवासी भुख्खल यादव और जितेन्द्र यादव के साथ पशु तस्करी करता था। इन सभी पर गोवध व पशु तस्करी के कई मुकदमे दर्ज हैं।

**गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपित गिरफ्तार:** रामगढ़ताल थाना व कोतवाली बड़हलगंज पुलिस ने सोमवार को गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया। कोतवाल जेएन शुक्ला ने बताया कि गोला थाना के नेवास निवासी अंकुर यादव को उरुवा बाजार से गिरफ्तार किया गया। वहीं खोराबार थाना क्षेत्र के जंगल रामगढ़ उर्फ रजही पासी टोला निवासी पंकज पासवान को भी पकड़ा गया।

# दो थानाध्यक्ष समेत पांच पुलिसकर्मी दोषसिद्ध

**जासं, गोरखपुर :** अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने मारने-पीटने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर सहजनवां थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष कवींद्र नारायण मिश्र, कांस्टेबल जयप्रकाश सिंह, अतशामुद्दीन, शमशेर सिंह व तत्कालीन थानाध्यक्ष पिपराइच श्रीप्रकाश राय को एक साल के सदाचरण की शर्त के साथ रिहा करने का फैसला सुनाया है।

विशेष लोक अभियोजक घनश्याम त्रिपाठी ने बताया कि वादी गोपाल गुप्ता सहजनवां का निवासी है। उसका आरोप था कि 25 फरवरी, 1997 की सुबह अभियुक्तगण सरकारी जीप से वादी के घर आए और उसे व उसके भाई पुरुषोत्तम को खींचकर जीप में बैठाकर थाने लाए। थाने में भी अभियुक्तों ने मारा-पीटा।

# आपत्तिजनक वीडियो बनाकर रंगदारी वसूलने वाली महिला हुई गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : स्पोर्ट्स कालेज स्थित मकान में सर्राफ को बंधक बनाकर आपत्तिजनक वीडियो बनाने और रंगदारी वसूलने वाली बड़हलगंज के चिल्लूपार की रहने वाली नाजिया खान उर्फ सीमा देवी को शाहपुर थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। घटना 11 माह पहले हुई थी। महिला के दो साथियों को पुलिस गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी है। एक अन्य आरोपित महिला की तलाश चल रही है।

शाहपुर क्षेत्र के रहने वाले सर्राफ की बेलीपार में आभूषण की दुकान है। आठ मार्च, 2022 को वह कार से घर जा रहे थे। मोहद्दीपुर ओवरब्रिज पार करते ही सड़क पर खड़े दो लोगों ने लिफ्ट मांगा और बैठ गए। कौवाबाग पुलिस चौकी के पास रुकवाने के बाद एक युवक ने खुद को शाहपुर थानेदार बताते हुए कहा कि जहां बोल रहा हूं वहां चलो। सर्राफ को डरा धमका कर स्पोर्ट्स कालेज के पास एक मकान में ले गए, जहां दो महिलाएं पहले से मौजूद थीं। सर्राफ को कमरे में बंद कर पीटने के बाद कपड़े उतरवाकर महिला के साथ आपत्तिजनक वीडियो बनाकर रंगदारी मांगने लगे। खुद को फंसता देख सर्राफ ने रिश्तेदारों की मदद से 2.35 लाख रुपये खाते में भेज दिया, जिसके बाद आरोपितों ने छोड़ा। बंधक बनाकर जानलेवा हमला करने, रंगदारी वसूलने का मुकदमा दर्ज कर देवरिया जिले के रुद्रपुर के जमुहा निवासी अरविंद पांडेय उर्फ गुड्डू, महेवा चुंगी निवासी रत्नेश श्रीवास्तव उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि घटना के बाद से फरार चल रही सीमा देवी को गिरफ्तार किया गया। नौसड़ की रहने वाली पूनम की तलाश जारी है।

# पुलिस ने कमरा खोल सील किया बिस्तर

## तिहरा हत्याकांड

**जासं, सहजनवां** : पिता व दो पुत्रों की हत्या की जांच पुलिस ने तेज कर दी है। मंगलवार को जिस घर में घटना हुई उसका ताला खोलकर पुलिसकर्मी खून से सने बिस्तर को सील कर साथ ले गए। वहीं पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने अब तक वही माना जो आरोपित ने बताया है। छानबीन करने पर अभी कई और राज सामने आएंगे।

मंगलवार की दोपहर में दो बजे सहजनवां थाने के दारोगा व दो सिपाही अवधेश के घर पहुंचे। उसके बाद बिस्तर सील किए। इस दौरान स्वजन ने पुलिसकर्मियों से यह पूछा कि अब तक की जांच में क्या मिला। सवाल उठाया कि अकेली महिला कैसे तीन लोगों की हत्या कर सकती है। मृतक की मां सुभावती और भाई सोनू का दावा है कि पुलिस यदि सही जांच करे तो अन्य आरोपितों के शामिल होने के भी साक्ष्य मिल जाएंगे। थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि जांच चल रही है। साक्ष्यों को एकत्र कर हत्यारोपित को सजा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।



बिस्तर को सील करती पुलिस ● जागरण

### छुड़वा दी थी बच्चों की पढ़ाई

सहबाजगंज मोहल्ले के लोगों ने बताया कि नीलम के पहले पति की पुत्री मोंटी उर्फ शिवांगी व सौतेले बेटे आर्यन और पीहू उर्फ आरव एक ही स्कूल में पढ़ाई करते थे। नीलम पैसे को लेकर रोज विवाद करती थी। करीब तीन हजार रुपये बकाया फीस नहीं देने पर बच्चों के ड्रेस को जलाने के बाद उसने पढ़ाई छुड़वा दी थी।

### स्वजन का दावा शादी के समय पेट में था बच्चा

अवधेश की मां सुभावती का आरोप है कि अवधेश से जब नीलम की शादी हुई उस समय उसके पेट में बच्चा था। अवधेश जब बच्चे को अपनाने के लिए तैयार नहीं हुआ तब गर्भपात कराया था। इसके बाद दोनों के बीच विवाद भी हुआ था। कर्ज लेकर अवधेश ने उपचार कराया था।

### कई लोगों से होती थी बात

**सहजनवां** : तिहरे हत्याकांड की आरोपित नीलम देवी के काल डिटेल की जांच में पुलिस को कई नंबर ऐसे मिले हैं जिस पर उसकी लंबी बात होती थी। चर्चा है कि थाने का सिपाही भी कई बार महिला से बात करता था।

# पांच मौतों के बाद जागा प्रशासन, दो अस्पताल सील

## खबर का संज्ञान लेकर शुरू हुई जांच, चौरी चौरा व बांसगांव में अवैध मिले एक-एक अस्पताल

**जागरण प्रभाव**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : जिले में संचालित अवैध अस्पतालों पर अब प्रशासन की नजर टेढ़ी हो गई है। स्वास्थ्य विभाग इन पर कार्रवाई करने से जब बचने लगा तो दैनिक जागरण ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया। खबर का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को आगे आना पड़ा। मंगलवार को दो अवैध अस्पतालों को सील कर दिया गया।

तीन जनवरी को भटहट के सत्यम हास्पिटल, 18 फरवरी को उरुवा के केश्री मेमोरियल हास्पिटल और 25 फरवरी को कैंपियरगंज के कमला हास्पिटल में एक-एक रोगी की मौत हुई थी। दैनिक जागरण ने मंगलवार के अंक में 'झोलाछाप कर रहे रोगियों का उपचार व आपरेशन, हो रही मौत' शीर्षक से प्रकाशित खबर में इस मामले को प्रमुखता से उठाया और स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता पर भी सवाल खड़ा किया। इसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने अवैध अस्पतालों की जांच का निर्देश दिया। जिन क्षेत्रों से स्वास्थ्य विभाग की टीमें आंख मूंदकर चली आती थीं, उन्हीं क्षेत्रों में जिला प्रशासन को अवैध अस्पताल संचालित होते मिल रहे हैं।



चौरी चौरा में आरपी हास्पिटल को सील करती जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम ●

एसडीएम चौरीचौरा शिवम सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर के चिकित्साधिकारी डा. ईश्वर लाल के साथ देवीपुर में आरपी हास्पिटल पर छापा मारा। अस्पताल अवैध मिलने पर उसे सील कर दिया। संचालक पंजीकरण के कागजात नहीं दिखा पाया। हास्पिटल में कोई डाक्टर था और न ही नर्स। वहां भर्ती एक रोगी को अन्य निजी अस्पताल में शिफ्ट करा दिया।



झोलाछाप कर रहे रोगियों का उपचार व आपरेशन, हो रही मौत

दैनिक जागरण में प्रकाशित खबर ● जागरण

इसी क्रम में उपजिलाधिकारी बांसगांव पवन कुमार ने कौड़ीराम में चार अस्पतालों पर छापेमारी की। अवैध मिले एमके हास्पिटल को सील कर दिया। वहां भर्ती एक रोगी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। रिया हास्पिटल के कागजात लेकर परीक्षण के लिए भेजा गया है। दुर्गा हास्पिटल में डाक्टर के न मिलने पर उनके कक्ष में ताला लगाकर चाबी अपने पास रख ली। डाक्टर से फोन पर बात की और उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इन अस्पतालों में जिन डाक्टरों का पंजीकरण है, उसकी भी जांच कराई जाएगी।

# अस्पताल पंजीकृत कराने वाला डाक्टर दिल्ली से हुआ गिरफ्तार

- डा. सुनील सरोज पर एसएसपी ने रखा था 20 हजार रुपये का इनाम
- सत्यम हास्पिटल का कराया था पंजीकरण, यहीं महिला की हुई मौत

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** गुलरिहा के सत्यम हास्पिटल में महिला की मृत्यु होने के मामले में नामजद डा. सुनील सरोज को पुलिस ने मंगलवार की सुबह दिल्ली में गिरफ्तार किया। पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर डाक्टर को गोरखपुर ले आएगी। जौनपुर जिले का रहने वाला डाक्टर मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार था। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

जौनपुर जिले के मछली शहर थाना क्षेत्र स्थित इन्हासापुर निवासी डा. सुनील सरोज ने अपनी डिग्री गुलरिहा के भटहट में स्थित सत्यम हास्पिटल के संचालक को उपलब्ध कराई थी और इसी की मदद से हास्पिटल का पंजीकरण हुआ था। शपथ पत्र में डा. सुनील ने लिखा था कि हास्पिटल में फुलटाइम उपस्थित रहेंगे। तीन जनवरी 2023 को जैनपुर निवासी रामवदन की पत्नी सोनावत की आपरेशन के बाद मृत्यु हो गई। जांच में पता चला कि डा. सुनील अस्पताल में नहीं रहते हैं। सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की, तब भी कोई डाक्टर नहीं मिला। पुलिस की जांच में पता चला कि हास्पिटल संचालक सुभाष के इंटरमीडिएट पास पुत्र रंजीत ने महिला का आपरेशन किया था। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि अब तक आपरेशन करने वाले रंजीत, संचालक सुभाष, नर्स गीता और पंजीकरण कराने में भूमिका निभाने वाले हिस्ट्रीशीटर सत्येंद्र शर्मा को गुलरिहा थाना पुलिस जेल भेज चुकी है। जांच में जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनकी तलाश चल रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## डा. मनीष का नहीं मिला सुराग

उरुवा में बिना पंजीकरण के चल रहे केबी मेमोरियल हास्पिटल में आपरेशन के बाद महिला की मृत्यु होने पर स्वजन ने हास्पिटल संचालक व आपरेशन करने वाले सीएचसी हरनही के प्रभारी डा. मनीष पांडेय के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाद पुलिस ने संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही डा. मनीष फरार हैं।

**यह और अन्य खबरें देखें–**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# सीबीआइ ने मांगे मेडिकल कालेज जाने वाले अधिकारियों के नाम

## कंट्रोल रूम का लाग बुक, पांच थानों की जीडी की कापी भी देनी होगी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** कानपुर के व्यापारी मनीष गुप्ता हत्याकांड में नया मोड़ आ गया है। मामले की अग्रेतर विवेचना कर रही सीबीआइ की टीम ने 27 सितंबर, 2021 की रात व अगले दिन बीआरडी मेडिकल कालेज जाने वाले अधिकारियों के साथ ही पुलिसकर्मियों के नाम और मोबाइल फोन नंबर मांगे हैं। तीन मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट में इस मामले में सुनवाई होनी है। मनीष गुप्ता की पत्नी मीनाक्षी ने सीबीआइ मुख्यालय में प्रार्थना पत्र देकर विवेचना में कई तथ्य छोड़ने का आरोप लगाया है। उसके बाद सीबीआइ की टीम इस प्रकरण की अग्रेतर विवेचना कर रही है।

सीबीआइ लखनऊ के सीओ एमके जायसवाल ने एसएसपी गोरखपुर को पत्र लिखकर पूछा है कि 27 सितंबर, 2021 की रात में रामगढ़ताल थाना पुलिस होटल से मनीष गुप्ता को जब बीआरडी मेडिकल कालेज ले गई तो वहां कौन-कौन पहुंचा था। मौके पर जाने वाले अधिकारियों के नाम व मोबाइल फोन नंबर बताएं। पुलिस कंट्रोल रूम से 28 सितंबर, 2021 को क्या-क्या निर्देश जारी हुए, इसकी जानकारी देने के साथ ही लाग बुक की प्रमाणित कापी भी देने को कहा है।

इसके अलावा 27, 28 व 29 सितंबर की रामगढ़ताल, कैंट, शाहपुर, चिलुआताल और गुलरिहा थाने की जीडी (जनरल डायरी) की प्रमाणित कापी भी मांगी है। सीबीआइ को भेजने के लिए जिले की पुलिस सभी बिंदुओं पर सूचना एकत्र कर रही है।

**मनीष गुप्ता हत्याकांड**

मीनाक्षी गुप्ता ने सीबीआइ मुख्यालय प्रार्थनापत्र देकर विवेचना में कई तथ्य छोड़ने का लगाया है आरोप

### यह है मामला

कानपुर के कारोबारी मनीष गुप्ता मित्रों के साथ गोरखपुर घूमने आए थे। सभी लोग रामगढ़ताल थाने के पीछे स्थित होटल कृष्णा पैलेस में ठहरे थे। 27 सितंबर, 2021 की रात तत्कालीन थाना प्रभारी जगत नरायन सिंह सहयोगी दारोगा अक्षय मिश्रा, राहुल दूबे, विजय यादव, सिपाही कमलेश यादव व आरक्षी प्रशांत संग होटल में पहुंचे। आरोप है कि इन लोगों ने मनीष को पीटकर मार डाला था।

### 14 को ईएमओ व कर्मचारियों का दर्ज किया था बयान

14 फरवरी, 2023 की दोपहर 12:30 बजे लखनऊ से सीबीआइ की टीम बीआरडी मेडिकल कालेज पहुंची थी। टीम का नेतृत्व कर रहे इंस्पेक्टर ने घटना के समय ड्यूटी पर तैनात आकस्मिक चिकित्साधिकारी डा.एके श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट एसपी चौधरी, रेजिडेंट और वार्ड ब्वाय को फोन कर मेडिकल कालेज बुलाया। बंद कमरे में इन लोगों से टीम ने साढ़े चार घंटे तक पूछताछ की। सीबीआइ ने ईएमओ व अन्य लोगों से पूछा कि घटना के बाद नेहरू चिकित्सालय में जब मनीष को ले जाया गया, तो वहां क्या-क्या हुआ था? पहले दर्ज बयान से ताजा बयान को मिलाया भी था। पूछताछ के बाद शाम पांच बजे नेहरू चिकित्सालय से निकली टीम लखनऊ लौट गई थी।

# दबंगों पर कसें शिकंजा, भू-माफिया पर करें कड़ी कार्रवाई

- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनी 350 लोगों की समस्या
- कहा, हर व्यक्ति को मिलेगा न्याय, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह जनता की समस्याओं को पूरी गंभीरता से लें। समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाकर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। भूमि पर कब्जे की शिकायत के प्रति सख्त हो जाएं और ऐसा करने वाले दबंगों पर शिकंजा कसते हुए भू-माफिया पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। वह मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ सभागार में जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।

इस दौरान मुख्यमंत्री के सामने एक के बाद एक ऐसी समस्याओं के आवेदन आने लगे, जिनका समाधान स्थानीय स्तर पर हो जाना चाहिए था। इनमें बड़ी संख्या जमीन से जुड़े मामलों की थी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी व्यक्तियों से आवेदन पत्र अपने हाथों उनके पास जाकर लिया और उन्हें आश्वासन दिया कि सभी के साथ न्याय होगा। सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। कुछ लोग शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ न मिल पाने की शिकायत लेकर आए थे। ऐसे लोगों के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वह हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने लगभग 350 लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ आए बच्चों को आशीर्वाद व दुलार देने के साथ चाकलेट देकर खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद के लिए तत्पर है। किसी के इलाज में धन की बाधा नहीं आने दी जाएगी। संबंधित खबर » 5



गोरखनाथ मंदिर मे जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान मुख्यमंत्री की दृष्टि एक मां की गोद में बैठे बच्चे पर पड़ी तो उनका बाल प्रेम प्रकट हो उठा। मुख्यमंत्री ने बालक को चाकलेट देते हुए दुलारा और आशीर्वाद दिया ● सौजन्य : गोरखनाथ मंदिर

# बिना पंजीकरण के संचालित दो अस्पताल सील

**चौरीचौरा/कौड़ीराम।** चौरीचौरा तहसील क्षेत्र के देवीपुर और कौड़ीराम में प्रशासन ने मंगलवार को छापा मारकर दोनों स्थानों पर एक-एक अस्पताल को सील कर दिया।

चौरीचौरा क्षेत्र के गोरखपुर-देवरिया मुख्य मार्ग स्थित देवीपुर में बिना डॉक्टर के संचालित आरपी हॉस्पिटल को एसडीएम शिवम सिंह ने मंगलवार को सील कर दिया। एसडीएम ने यह कार्रवाई ब्रह्मपुर पीएचसी के प्रभारी डॉ. ईश्वरलाल के साथ मिलकर की।

एसडीएम ने बताया कि हॉस्पिटल बिना कागजी कार्यवाही पूरा किए ही संचालित किया जा रहा था। इसके अलावा मौके पर कोई डॉक्टर व नर्स भी मौजूद नहीं थे। उधर कौड़ीराम में उपजिलाधिकारी बांसगांव पवन कुमार ने मंगलवार को चार अस्पतालों पर छापा मारा। बिना पंजीकरण के चल रहे एमके हास्पिटल को सील कर दिया। जबकि एक अस्पताल के कागजात परीक्षण के लिए भेजे हैं। संवाद

# सेफ सिटी बनाने की पहल 50 नए पुलिस बूथ बनेंगे

## पुलिस के प्रस्ताव पर जीडीए की मुहर, चौड़े किए जाएंगे तिराहे-चौराहे

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** दिल्ली की तर्ज पर गोरखपुर को भी हाईटेक सेफ सिटी बनाने की तैयारी कर ली गई है। पुलिस के प्रस्ताव पर जीडीए (गोरखपुर विकास प्राधिकरण) ने मंगलवार को मुहर लगा दी।

इसके तहत 50 प्रतिष्ठित स्थानों पर पुलिस बूथ बनेंगे, बड़े दुकानों के सामने भी यह सुविधा होगी। तिराहों और चौराहों को चौड़ा करने के साथ ही ट्रैफिक लाइटों को भी व्यवस्थित किया जाएगा। सड़कों के बाएं साइड को फ्री करने के लिए स्थायी व्यवस्था होगी। इसके अलावा 50 बाइक भी पुलिस को मिलेगी। इससे गश्त और तेज होगी।

पुलिस ने जीडीए के साथ मिलकर इससे संबंधित कार्ययोजना तैयार की थी। जीडीए बोर्ड की मंगलवार को हुई बैठक में इसके लिए बजट अनुमोदित कर दिया गया है। अब इसके तहत काम होने हैं। शहर के प्रतिष्ठित दुकानों और स्थानों का चयन कर सूची भी तैयार कर ली गई है। उम्मीद है कि जल्द ही बजट आते ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। इस योजना में जगह-जगह पैनिक बटन भी लगाए जाएंगे, इससे आधी आबादी की सुरक्षा और बढ़ जाएगी।

### ये कार्य होंगे

- प्रतिष्ठित स्थानों, प्रतिष्ठानों के बाहर फैसिलिटी सेंटर (पुलिस बूथ) बनेंगे
- सड़कों के बाएं साइड को फ्री करने के लिए स्थायी व्यवस्था होगी
- सीसीटीवी कैमरों की संख्या और बढ़ाई जाएगी
- चौराहों-तिराहों को और चौड़ा किया जाएगा
- पुरानी ट्रैफिक लाइटों को बदलकर नई लगाई जाएंगी
- नया ट्रैफिक प्लान तैयार कर आवागमन को सुगम बनाया जाएगा
- कई जगहों पर पैनिक बटन की सुविधा दी जाएगी

### सेफ सिटी में यह काम कर चुकी है पुलिस

- थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना
- चौकी, थाने में महिला पुलिसकर्मी, शेरनी दस्ता
- शहर से लेकर देहात तक सीसीटीवी कैमरों का जाल
- सिटी बसों में सीसीटीवी कैमरे, शहर में पिंक टॉयलेट
- पुलिसकर्मियों को आधुनिक असलहे उपलब्ध कराए गए
- थाने और चौकियों की संख्या बढ़ाई जा रही है



*सेफ सिटी के लिए दिल्ली की तर्ज पर महत्वपूर्ण दुकानों के बाहर फैसिलिटी सेंटर सहित अन्य कई अन्य कार्य कराए जाने हैं। जीडीए के सहयोग से सेफ सिटी बनाने का काम पूरा होना है। इसकी कार्ययोजना तैयार की गई थी, जिस पर जीडीए ने अपनी मुहर लगा दी है। कई काम जो पुलिस अफसर के स्तर से होने थे, उनमें से ज्यादातर को कराया जा चुका है। -**कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी***

# एम्स में दुकान व नौकरी दिलाने के नाम पर एक करोड़ की ठगी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। एम्स में नौकरी-ठेका और दुकान दिलाने के नाम पर एक करोड़ रुपये से अधिक की जालसाजी का मामला सामने आया है। आरोप है कि दंपती ने एम्स के कैंटीन, दवा की दुकान और पार्किंग का ठेका दिलाने के नाम पर संतकबीरनगर के तीन लोगों से 70 लाख रुपये ठग लिए। खुद को पीसीएस अधिकारी बताकर आरोपी दंपती ने तीनों पीड़ितों से जालसाजी की है।

पुलिस ने इस मामले में चिलुआताल थाने में तीन मुकदमे दर्ज किए हैं। आरोपी दंपती के खिलाफ इससे पहले भी 34 लाख की जालसाजी के मामले में कैंट थाने में केस दर्ज किया गया था।

आरोप है कि चिलुआताल थाना क्षेत्र के गायत्रीपुरम नकहा निवासी राजीव तिवारी ने खुद को पीसीएस अधिकारी बताकर अपनी पत्नी शिप्रा तिवारी के साथ मिलकर यह ठगी की है। धनघटा शनिचरा के रहने वाले दीपक कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि चिलुआताल इलाके के नकहा नंबर एक गायत्रीपुरम निवासी राजीव तिवारी और उनकी पत्नी शिप्रा तिवारी ने दीपक को एम्स गोरखपुर में पार्किंग का ठेका और दुकान दिलाने की बात कही। दीपक ने उन्हें 45 लाख रुपये वसूल लिए।

## खुद को पीसीएस अधिकारी बताकर दंपती ने की जालसाजी, तीन केस दर्ज

एक अन्य मामले में संतकबीरनगर जिले के धनघटा गायघाट निवासी दीपक कुमार ने 18.50 लाख रुपये की जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया है। जबकि, तीसरे मामले में संतकबीरनगर जिले के धनघटा मुखलिसपुर के रहने वाले जयहिंद चौधरी ने एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख रुपये की जालसाजी का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।

# अश्लील वीडियो बनाकर रंगदारी वसूलने वाली महिला गिरफ्तार

## पीड़ित स्वर्ण कारोबारी ने दर्ज कराया था केस, दो आरोपी जा चुके हैं जेल

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शाहपुर इलाके में स्पोर्ट्स कॉलेज रोड पर स्थित एक मकान में स्वर्ण कारोबारी को बंधक बनाकर अश्लील वीडियो बनाने और रंगदारी वसूलने वाली महिला पकड़ी गई है। मंगलवार को पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भिजवा चुकी है।

पकड़ी गई महिला बड़हलगंज के चिल्लूपार क्षेत्र की रहने वाली है। पुलिस के मुताबिक, शाहपुर इलाके में रहने वाले एक शख्स की बेलीपार इलाके में सोने-चांदी की दुकान है। 8 मार्च 2022 को अपनी कार से वह घर लौट रहे थे। रास्ते में मोहद्दीपुर के पास दो लोगों ने लिफ्ट मांगा और बैठ गए। कौवाबाग चौकी के पास गाड़ी रुकवा दी और एक ने खुद को थाना शाहपुर का एसओ बताते हुए बोला कि जहां बोल रहे, वहां पर लेकर चलो।

*अश्लील वीडियो बनाकर वसूली करने के मामले में वांछित महिला को शाहपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस तरह के प्रकरण को रोकने के लिए पुलिस आरोपियों पर गैंगस्टर के तहत के कार्रवाई भी करेगी। -**कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी सिटी***

कारोबारी को डरा-धमकाकर राप्ती नगर फेज-एक में लेकर आए, जहां पर दो महिलाएं पहले से मौजूद थीं। कारोबारी को कमरे में बंद कर दिया। मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए नग्न करा दिया। फिर वीडियो बनाकर रंगदारी मांगने लगे। पीड़ित ने रिश्तेदारों की मदद से 2.35 लाख रुपये गूगल पे करा दिया। इसके बाद उसे छोड़ दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर देवरिया के रुद्रपुर के जमुहा निवासी अरविंद पांडेय, महेवा चुंगी निवासी रत्नेश कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन महिला फरार थी, जिसे पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

**महिला ने नाम और जाति-धर्म सब बदल दिया :** पकड़ी गई महिला ने तीन शादियां की हैं। पहले वह नाजिया के नाम से जानी जाती थी। बाद में उसने हिंदू लड़के से शादी कर अपना नाम बदल लिया। इसके बाद फिर दूसरे युवक से शादी करने के बाद अपना नाम बदला।

# गैंगस्टर के दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल और बड़हलगंज पुलिस ने गैंगस्टर के दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। बड़हलगंज पुलिस ने गोला के नेवसा गांव निवासी अंकुर यादव और रामगढ़ताल पुलिस ने खोराबार के रामगढ़ निवासी पंकज पासवान को पकड़ा है। ब्यूरो

# महिला से दुष्कर्म व लूट का केस दर्ज, दो गिरफ्तार

गुलरिहा (गोरखपुर)। गुलरिहा इलाके के एक गांव की महिला ने मंगलवार को चार लोगों पर दुष्कर्म व लूट का केस दर्ज कराया है। आरोप है कि 26 फरवरी को चाकू के बल पर चार लोग उसे घर से उठा ले गए और दुष्कर्म किया। साथ ही उसके पास से जेवर भी लूट ले गए। जनता दरबार में शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

महिला ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि 26 फरवरी की रात में वह घर में सोई थी। चार लोग पहुंचे और दरवाजा खोलने के लिए कहने लगे। वह हड़बड़ाहट में उठी और दरवाजा खोल दिया।

आरोप है कि चारों उसे जबरदस्ती उठाकर बगल के खेत में ले गए। वहां आरोपियों ने चाकू दिखाकर उससे दुष्कर्म किया। इसके साथ ही आरोपियों ने मोबाइल फोन व गहने छीन लिए। ब्यूरो

# पुलिसकर्मी मारपीट के दोषी परिवीक्षा पर छोड़ा

गोरखपुर। अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने पीटने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर सहजनवां थाने के तत्कालीन एसओ कवींद्र नारायण मिश्र, कांस्टेबल जयप्रकाश सिंह, अतशामुद्दीन उर्फ हसामुद्दीन, शमशेर सिंह व तत्कालीन एसओ पिपराइच श्रीप्रकाश राय को दोष सिद्ध पाते हुए एक साल के सदाचरण की परिवीक्षा पर मुक्त करने का फैसला सुनाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता घनश्याम त्रिपाठी का कहना था कि वादी गोपाल गुप्ता कस्बा सहजनवां के निवासी हैं। उन्होंने कोर्ट के समक्ष अंतर्गत धारा 156(3) दंड प्रक्रिया संहिता में प्रार्थना पत्र दिया था।

उनका कहना था कि 25 फरवरी 1997 की सुबह अभियुक्तगण सरकारी जीप से वादी के घर आए। वादी तथा उसके भाई पुरुषोत्तम को पीटा और खींचकर जीप में बैठाकर थाने लाए। थाने में भी अभियुक्तों ने वादी की पिटाई की। आरोप है कि पुरुषोत्तम के विरोध जताने पर उसको थप्पड़ मारकर चुप करा दिया। ब्यूरो

# कुसम्ही जंगल में महिला से लूट, आरोपी गिरफ्तार

खोराबार। इलाके के कुसम्ही जंगल में मंगलवार दोपहर महिला से युवक ने सोने की चेन लूट ली। शोर सुनकर आए वनकर्मियों ने आरोपी को दबोच लिया। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जांच कर रही है। खोराबार थाना क्षेत्र के जंगल चौरी टोला वकील की छावनी निवासी संतराजी देवी अपनी बहन के दामाद के घर जा रही थीं। कुसम्ही जंगल के रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंची थीं कि एक युवक ने उधर जाने की बात कहते हुए बाइक पर बैठा लिया। बाइक जंगल में लेकर चला गया और फिर सोने की चेन लूट ली। पकड़े गए आरोपी की पहचान रामपुर पड़ाव निवासी चंद्रशेखर चौधरी के रूप में हुई है। ब्यूरो

# दो मोबाइल नंबर पुलिस के रडार पर

## सहजनवां हत्याकांड : दोनों नंबरों पर हुई नीलम की लंबी बातचीत, जांच शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

सहजनवां। सहजनवां थाना क्षेत्र के साहबगंज में युवक और उसके दो बेटों की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पत्नी नीलम की सीडीआर हासिल कर ली है। पता चला है कि दो नंबरों पर नीलम की लंबी बातचीत हुई है। यह नंबर किसके हैं और नीलम से उनके कैसे रिश्ते हैं, इसकी जांच पुलिस ने तेज कर दी है।

उधर, परिजनों ने आशंका जताई है कि इस हत्याकांड में नीलम के अलावा भी और लोग शामिल हो सकते हैं।

चाट विक्रेता अवधेश गुप्ता और उसके बेटों अरव व आर्यन की हत्या में दूसरी पत्नी नीलम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का दावा है कि नीलम ने ही बेटी पर गलत नजर रखने की वजह से अवधेश की हत्या की और फिर संपत्ति के लालच में सौतेले बेटों को भी मार डाला। पुलिस ने नीलम को जेल भिजवा दिया, लेकिन परिवार के सवाल उठाने के बाद पुलिस ने बारीकी से जांच जारी रखी है। अब पुलिस को भी संदेह है कि हो सकता है कि आरोपी नीलम किसी से संपर्क में रही हो या मदद से वारदात को अंजाम दिया हो।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# जेल लोक अदालत में नौ मामलों का निस्तारण

गोरखपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी के निर्देशानुसार मंगलवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामकृपाल ने बताया कि इस जेल लोक अदालत के लिए नामित पीठासीन अधिकारी अपर सिविल जज सीनियर डिविजन/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रभाष त्रिपाठी की ओर से कुल नौ मामलों का निस्तारण किया गया। ब्यूरो

# पांच गो-तस्करों पर गैंगस्टर का केस

गोरखपुर। पिपराइच पुलिस ने पांच गो-तस्करों पर गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने पिपराइच के रसूलपुर निवासी राजमन, मथुरा के गढसौली निवासी मोहन, कुशीनगर के पटेहरवा के काजीपुर निवासी किशोर यादव, कसया के भुख्खल यादव और कसया के ही जितेंद्र यादव को गिरोहबंद किया है। इस संबंध में एएसपी मानुष पारिक ने बताया कि गिरोह बनाकर गो तस्करी करने के आरोपियों पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया है। ब्यूरो

# अधिकारी और पुलिस वालों का नाम मांगा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कानपुर के कारोबारी मनीष गुप्ता हत्याकांड में अग्रेतर विवेचना कर रही सीबीआई ने मौत वाली रात मेडिकल कॉलेज गए सभी अधिकारियों व पुलिसकर्मियों का नाम मांगा है। गोरखपुर पुलिस से सीबीआई ने 27 सितंबर 2021 की रात व अगले दिन का ब्योरा मांगा है। साथ ही कंट्रोल रूम की गतिविधियों व पांच थानों की जनरल डायरी की प्रमाणित कॉपी भी मांगी है।

खबर है कि तीन मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट में इसकी सुनवाई होनी है, इस लिहाज से सीबीआई तैयारी कर रही है। सीबीआई लखनऊ के सीओ एमके जायसवाल ने गोरखपुर एसएसपी को इस संबंध में पत्र भेजा है। सीओ ने पत्र के जरिये पूछा है कि 27 सितंबर 2021 की रात में रामगढ़ताल पुलिस, जब घायल मनीष को लेकर बीआरडी मेडिकल कॉलेज गई थी तो कौन-कौन से अन्य अफसर पहुंचे थे।

उस समय पुलिस और प्रशासन के मौजूद अफसरों के नाम और मोबाइल फोन नंबर को मांगा गया है।

## मनीष हत्याकांड

### सीबीआई ने मांगा ब्योरा घटना वाली रात मनीष को ले गए थे मेडिकल कॉलेज

साथ ही पुलिस कंट्रोल रूम से 28 सितंबर 2021 को क्या-क्या निर्देश जारी हुए थे, इसकी जानकारी देने के साथ ही लॉग बुक की प्रमाणित कॉपी भी देने को कहा गया है। सीबीआई की ओर से सीओ ने 27 सितंबर,28 सितंबर व 29 सितंबर की रामगढ़ताल, कैंट, शाहपुर, चिलुआताल और गुलरिहा थाने की जनरल डायरी (जीडी) की भी प्रमाणित कॉपी मांगी है।

गोरखपुर पुलिस एक-एक बिंदु पर सूचना तैयार कर रही है, ताकि सीबीआई को उपलब्ध कराया जा सके। यह पूरी कवायद कारोबारी मनीष गुप्ता की पत्नी मीनाक्षी के सवाल उठाने के बाद हुआ है। मीनाक्षी ने सीबीआई को प्रार्थना पत्र भेजकर विवेचना में कई तथ्यों पर जांच न करने का आरोप लगाया है।

# दबंगों और भू-माफिया पर कसें शिकंजा, करें कड़ी कार्रवाई : योगी

## जनता दरबार के दौरान सीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश, 350 फरियादियों की समस्याएं सुनीं

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** जनता दरबार के दौरान ज्यादातर मामले राजस्व और पुलिस से जुड़े देख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं को पूरी गंभीरता से लेते हुए समय से गुणवत्तायुक्त निस्तारण किया जाए।

खानापूरी नहीं होनी चाहिए। जमीन कब्जा करने वाले भू-माफिया को अराजकता फैलाने की कोशिश करने वाले दबंगों पर शिंकजा कसते हुए कड़ी कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री, मंगलवार को लखनऊ प्रस्थान करने से पहले गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ सभागार में आयोजित जनता दरबार में 300 से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे। मुख्यमंत्री एक-एक कर सभी के पास पहुंचे। उनकी समस्याएं सुनी और उनके प्रार्थनापत्र को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया।



जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते सीएम योगी। संवाद

फरियादियों को भी उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द ही उनकी समस्याओं का निस्तारण हो जाएगा। कुछ लोग गंभीर रुप से बीमार अपनों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सभी का इस्टीमेट तैयार कर शासन को भेजने का निर्देश दिया। संबंधित फरियादियों को भी उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी जरूरतमंद का इलाज धन की कमी की वजह से प्रभावित नही होगा।

इसी तरह कुछ फरियादियों ने वृद्धा, विधवा पेंशन समेत कुछ अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की जिसपर मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिए कि सभी पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। फरियाद लेकर पहुंची महिलाओं के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने दुलारने के साथ ही उन्हें चाकलेट दिए और पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# डॉ. सुनील कुमार सरोज दिल्ली में हुआ गिरफ्तार

## डॉ. सुनील की डिग्री पर ही हुआ था सत्यम हॉस्पिटल का पंजीकरण

### अवैध नर्सिंग होम मामले में बड़ी कार्रवाई, दिल्ली में होने की सूचना पर गई थी पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गुलरिहा इलाके के अवैध सत्यम हॉस्पिटल मामले में नामजद अभियुक्त डॉ. सुनील कुमार सरोज को गोरखपुर पुलिस ने दिल्ली में दबोच लिया है। पुलिस ने उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर गोरखपुर आएगी। डॉ. सुनील ने ही रुपयों के लालच में अपनी डिग्री सत्यम हॉस्पिटल के संचालक को उपलब्ध कराई थी। इसी के मदद से हॉस्पिटल का पंजीकरण हुआ था। अवैध नर्सिंग होम पर यह पुलिस की बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, डॉ. सुनील सरोज ने सत्यम हॉस्पिटल के पंजीकरण के दौरान शपथपत्र दिया था, जिसमें उन्होंने यह जिक्र किया था कि वह फुलटाइम हॉस्पिटल में उपस्थित रहकर मरीजों की सेवा करेंगे, लेकिन ऐसा उन्होंने किया नहीं। छह जनवरी को जब जैनपुर निवासी रामवदन की पत्नी सोनावत की मौत हुई तो वह अस्पताल में नहीं थे। सीएमओ के निर्देश पर एसीएमओ डॉ. एके सिंह और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी केएन बरनवाल मौके पर जांच के लिए पहुंचे तो कोई भी डॉक्टर नहीं मिले।

इसके अलावा हॉस्पिटल में अप्रशिक्षित स्टॉफ मरीजों का इलाज करते मिले थे। मामला तूल पकड़ने के बाद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर पुलिस ने केस दर्ज कर डॉक्टर को भी आरोपी बना दिया था। पुलिस इस मामले में कथित डॉक्टर रंजीत, संचालक सुभाष, नर्स गीता और पंजीकरण कराने में भूमिका निभाने वाले हिस्ट्रीशीटर सत्येंद्र शर्मा को जेल भिजवा चुकी है।

**यह है मामला:** सत्यम हॉस्पिटल में तीन जनवरी 2023 को जैनपुर टोला काजीपुर निवासी रामवदन की गर्भवती पत्नी सोनावत की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने रामवदन की तहरीर पर रंजीत निषाद के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया था। मामले में रंजीत, कथित नर्स गीता को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है।

पुलिस ने मामले में दूसरा केस एसीएमओ डॉ. एके सिंह की तहरीर पर डॉ. सुनील सरोज व संचालक सुभाष निषाद के खिलाफ दर्ज किया है। सुभाष को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, लेकिन डॉक्टर फरार थे। अब पुलिस ने डॉक्टर सुनील को भी दबोच लिया।

# 22 साल पहले एसओजी गोरखपुर के हत्थे चढ़ा था गुड्डू मियां

## प्रयागराज हत्याकांड में नामजद है गुड्डू मियां, बिहार के बेउर जेल में बंद शहर के एक बदमाश से मिलने पहुंचा था तभी पुलिस ने कर लिया गिरफ्तार

रोहित सिंह

**गोरखपुर।** प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या में नामजद गुड्डू मियां, 22 साल पहले एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में खोराबार थाने से जेल जा चुका है। उसकी गिरफ्तारी बिहार के बेउर जेल के सामने से हुई थी। वहां एक बड़े नेता के हत्या की सुपारी लेने गया था। जेल के बाहर से तत्कालीन एसओजी प्रभारी ओपी तिवारी ने गुड्डू और सुल्तानपुर के उसके एक साथी को गिरफ्तार किया था।

उस समय पूछताछ में सामने आया था कि बेउर जेल में बंद गोरखपुर के बदमाश ने गुड्डू को पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसी बड़े नेता की हत्या की सुपारी दी थी। बाद में एसओजी टीम को यह भी पता चला कि गुड्डू कुख्यात श्रीप्रकाश शुक्ला का खास गुर्गा रह चुका है। पश्चिम में श्रीप्रकाश के साथ गुड्डू ने कई आपराधिक मामलों को अंजाम दिया था। गुड्डू मियां ने बताया था कि उसके गिरोह के सभी बदमाश अब मारे जा चुके हैं। वह अकेला बचा है।

### एक नेता की हत्या की सुपारी लेने की बात आई थी सामने

### कुख्यात श्रीप्रकाश शुक्ला का भी खास गुर्गा रहा है गुड्डू

दरअसल, तत्कालीन एसओजी की टीम बिहार में बंद गोरखपुर के बदमाश से सुराग लेने के चक्कर में अक्सर बेउर जेल जाती रहती थी। इसी बीच शहर के एक अपराधी जिसका नाम गुड्डू मियां से मिलता जुलता था, उसके बेउर जेल में जाकर गोरखपुर वाले बदमाश से मिलने की सूचना गोरखपुर पुलिस को मिली थी।



बाइक पर पीछे बैठा गुड्डू मियां। संवाद

### प्रयागराज हत्याकांड के वायरल वीडियो से चर्चा में है गुड्डू मियां

प्रयागराज के उमेश पाल की हत्या में नामजद गुड्डू मियां का नाम हत्याकांड के वायरल वीडियो के बाद सामने आया। हमले का जो वीडियो वायरल हुआ है, उसमें एक शख्स हाथों में बैग लिए बारी-बारी बम निकाल कर धमाका कर रहा है। पुलिस ने घटना के बाद जो फोटो जारी किया, उसमें बम फेंकने वाले की पहचान गुड्डू मियां के रूप में हुई।

### अमिताभ यश के निर्देशन में हुई थी गिरफ्तारी



तत्कालीन एएसपी अमिताभ यश सीओ कैंट भी थे। बिहार की जेल में बंद बदमाश के गोरखपुर रैकेट को खंगालने की जिम्मा उनपर थी। इसी बीच प्रदेश से सिर्फ दो लोगों के उस अपराधी से बिहार जाकर मिलने की सूचना मिली तो उन्होंने जिले की एसओजी टीम को लगाया था। अब अमिताभ यश प्रदेश में एडीजी एसटीएफ हैं।

तत्कालीन एसपी और सीओ कैंट अमिताभ यश ने बेउर जेल के बाहर की रेकी करवानी शुरू की।

इस दौरान बिहार में बंद अपराधी से मिलने पूरे प्रदेश से सिर्फ यही दोनों (गुड्डू मियां और सुल्तानपुर का शर्मा) पहुंचे थे। जेल के बाहर से टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और गोरखपुर लेकर आ गई। तलाशी में नशीला पदार्थ भी मिला था।

तत्कालीन एसओजी प्रभारी ओपी तिवारी ने बताया कि पूछताछ में उससे जानकारी मिली कि जेल में बंद गोरखपुर का बदमाश उसे पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसी बड़े नेता की हत्या की सुपारी देना चाहता था। इधर, पूछताछ चल रही थी कि एसटीएफ लखनऊ की टीम भी पहुंच गई। तत्कालीन प्रभारी यशवंत सिंह ने करीब दो घंटे तक पूछताछ की।

जानकारी लेने के बाद उसके पास से बरामद नशीले पदार्थ की वजह से पुलिस ने एनडीपीएस में चालान कर जेल भिजवा दिया था। संवाद

### अतीक अहमद ने ही करवाई थी जमानत

गुड्डू मियां मंडल कारागार में बंद रहा। ओपी तिवारी ने बताया कि उसकी जमानत भी अतीक अहमद ने ही करवाई थी। जमानतदार में भी शायद अतीक ही नाम शामिल था, या उसने किसी और से जमानत करवाई, यह उन्हें पूरी तरह से याद नहीं है।

> 2001 में एसओजी गोरखपुर की टीम ने गुड्डू मियां को बेउर जेल से गिरफ्तारी किया था। उस समय वह किसी नेता की हत्या की सुपारी लेने आया था।
> -अमिताभ यश, एडीजी एसटीएफ

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 01-03-2023

# शराब दुकान के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा



**बरहज (एसएनबी)।** नगर के पैना रोड शहीद स्मारक से उत्तर आबादी के मध्य सरकारी देशी की शराब वर्षो से संचालित होती चली आ रही है। आबादी के मध्य शराब की दुकान होने के कारण मुहल्ले सहित गली से आने जाने वाले लोगों के साथ आये दिन शराब के नशे में शराबी दुर्व्यवहार करते है। यहां तक कि महिलाओं व बच्चियों के साथ कई बार छेड़खानी की घटनाएं भी हुई है लेकिन लोकलाज वश महिलाओं द्वारा मामले को दबा दिया जाता है। मुहल्ले के बीच से शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को महिलाओं ने बड़ी संख्या में झाड़ू, लाठी व डण्डा लेकर दुकान पर पहुंच गयी और महिलाओं ने दुकान में ताला बन्द कर दुकान के आगे गली में बैठकर धरना प्रदर्शन करने लगी। सरकारी देशी शराब की दुकान पर महिलाओं द्वारा ताला बन्द करने व धरना प्रदर्शन की जानकारी होने पर मौके पर आबकारी टीम पहुंच गयी। पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद आबकारी टीम ने कस्बे के बीच से सरकारी शराब की दुकान अन्यत्र स्थानान्तरित कराये जाने का आश्वासन दिया। महिलाओं द्वारा शराब भट्ठी पर ताला बन्द करने की जानकारी मिलने पर भाजपा जिला महामंत्री अमित जायसवाल, श्यामसुन्दर जायसवाल, बृजमोहन गुप्त, गुड्डु सोनकर, विकास विश्वकर्मा, सुनील जायसवाल, विक्की जायसवाल, विशाल जायसवाल आदि लोगों ने महिलाओं के समर्थन में शराब दुकान के सामने धरने पर बैठ गये। अमित जायसवाल ने कहा कि सरकारी देशी शराब की दुकान शहीद स्मारक के समीप तथा आबादी के मध्य होने के कारण आये दिन लोगों सहित महिलाओं के शराबियों के आतंक का शिकार होना पड़ता है। प्रदर्शन के दौरान प्रेमा देवी, किसमती देवी, जामवन्ती देवी, कुसुमावती देवी, नासरीन, प्रिया देवी, सुधा, रिकी देवी आदि महिलाएं मौजूद रही। इस दौरान पूछे जाने पर आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक ने कहा कि राजस्व से जुड़ा मामला है दुकान से सम्बन्धित रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित किया जायेगा।

# अज्ञात ट्रैक्टर चालक पर केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में वादी भारतेश्वर निषोद पुत्र बाबूलाल ग्राम हैदरगढ़ पोस्ट जंगल धूसड़ थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर ने देते हुए कहा कि 26 फरवरी को रात्रि 8 बजे मेरा छोटा भाई संदीप व उसका साला गोविन्द पुत्र रामबृक्ष निवासी सेखुई थाना गौरीबाजार आ रहे थे, कि भगवानपुर के पास तेजी से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने मोटरसाईकिल में ठोकर मार दिया। जिससे दोनों की मौत हो गयी। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली के स्वामी सिकन्दर व अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 279, 304 (ए) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# अज्ञात बोलेरो चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में वादी जयसिंह यादव पुत्र भगवान दास निवासी ग्राम बड़गो थाना रामगढ़ ताल जिला गोरखपुर ने कहा कि मैं अपनी गाड़ी बोलेरो यूपी 53 एआर 2590 से मित्र की शादी में रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करौता में आये थे। 26 फरवरी को खाना खाने के बाद जब हम गाड़ी के पास गये तो, मेरी गाड़ी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गयी थी। पुलिस ने वादी के प्रार्थना पत्र में अज्ञात वाहन चोर के खिलाफ धारा 379, 179 (1) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# छेड़खानी के मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर पुलिस ने किया नोटिस चस्पा

राष्ट्रीय सहारा दि॰ 1/03/23

बरहज । छेड़खानी के मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर मुकामी पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कार्यवाही करते हुए मंगलवार को धारा 82 के तहत मुनादी कराते हुए उसके घर पर नोटिस चस्पा किया । पुलिस चौकी प्रभारी जेपी यादव पुलिस के साथ कपरवार रामलीला मैदान पहुँच माईक से एनाउंस व बैंड बाजा बजाकर आरोपी जितेंद्र साहनी पुत्र छांगुर साहनी के मकान पर नोटिस चस्पा किया । नोटिस चस्पा के बाद अदालत में पेश नही होते पर कुर्की की कार्यवाही होगी । गौर तलब है कि कुछ माह पूर्व सुरौली थाना क्षेत्र के ग्राम तिवई निवासी एक लड़की से मोबाइल पर चौट के दौरान जितेंद्र से प्यार हो गया था। धीरे-धीरे दोनों का मिलना जुलना शुरू हुआ और एक दूसरे के साथ रहने का कसम खाकर रहने लगें। कुछ दिन बाद दोनों में मतभेद हो गया और लड़के ने लड़की से दूरी बना लिया । लड़की के परिजनों ने लड़के के घर आकर पंचायत किया । बात नही बनने पर पीड़िता ने मुकामी था ने में शारिरिक शोषण व शादी से मुकरने का तहरीर दिया। लेकिन म थाने पर मुकदमा दर्ज नही होने पर पीडित शरमी देवी पत्नी रामदुलारे प्रसाद ने न्यायालय में 156 (3) के तहत वाद दाखिल किया ।

हिन्दुस्तान दि॰ - 01-03-23

# छह के खिलाफ बलवा का केस दर्ज

खुखुन्दू। आपसी रंजिश को लेकर छह दिन पूर्व हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने महिला समेत छह लोगों पर मारपीट व बलवा का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के अहिरौली पांडेय गांव में 23 फरवरी को दोपहर बाद में आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष की रीना देवी पत्नी गोरख साहनी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि कि दूसरे पक्ष के लोग एक राय व गोल बनाकर गाली देते हुए मेरे घर में घुसकर मुझे घसीट कर मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने इस मामलें में मुन्नी देवी, बलवंत साहनी, यशवंत साहनी, फूलमती व सोनम पर केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि० 01/03/23

# 50 हजार लूटने के मामले में चार पर केस

देवरिया, निज संवाददाता। मारपीट कर 50 हजार रुपए लूटने के मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के गजहड़वा गांव के रहने वाले संतोष यादव पुत्र हरेन्द्र यादव ने पुलिस ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि 22 फरवरी 2023 की शाम 6.30 बजे विशुनपुरा से काम करके अपने घर जा रहा था। रास्ते में सिकटिया मैदान के पास कुछ युवक मुझे घेर लिया। वे लोग मारपीट कर मेरे पास रखे हुए 50 हजार रुपये लूट कर फरार हो गए। पीड़ित कर तहरीर पर श्रीरामपुर पुलिस ने अभिषेक यादव पुत्र दिनेश यादव निवासी सिकटिया, राहुल यादव पुत्र वीरेन्द्र यादव, संजीव यादव पुत्र जितेन्द्र यादव और अंकित यादव पुत्र दिनेश यादव निवासी चफवा कला थाना खामपार के विरुद्ध 323,392 और 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

---

दैनिक जागरण दि० 2/3/23

www.jagran.com

# "मौत" के 15 साल बाद जिंदा लौटे अंगेश का नया नाम "बृजेश"

- भागलपुर के मुरासो प्रकरण में नया मोड़, भटनी में पांच माह बृजेश नाम से रहा
- बृजेश के नाम से बना आधार कार्ड, परिवार रजिस्टर में देवनंदन का बेटा दर्ज

**जागरण टीम, देवरिया :** भागलपुर के मुरासो गांव में "मौत" के 15 साल बाद जिंदा लौटे अंगेश की कहानी में रोचक मोड़ आ गया है। भटनी के पिपरा देवराज गांव के ओमप्रकाश ने दावा किया है कि जो युवक खुद को अंगेश बता रहा है वह मेरे चचेरे भाई बृजेश जैसा है।

18 साल पहले लापता हुआ बृजेश पांच माह पहले पिपरा देवराज आया था। यहां बृजेश नाम से न केवल उसका आधार कार्ड बना बल्कि परिवार रजिस्टर में देवनंदन के बेटे के तौर पर नाम भी दर्ज हो गया। चार दिन पहले वह अचानक गायब हो गया। इसके बाद अंगेश नाम से उसके मुरासो में मिलने की खबर अखबारों में छपी तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मुरासो पहुंची तो अंगेश ने खुद को रामसुमेर का ही बेटा बताया। मां कमलावती भी अड़ी है कि अंगेश उसका ही बेटा है।



मुरासो गांव में कथित अंगेश यादव नामक युवक से पूछताछ करता सिपाही • जागरण

भटनी के पिपरा देवराज गांव में मंगलवार की सुबह अखबार पहुंचते ही शोर मच गया कि स्व.देवनंदन यादव का बेटा बृजेश उर्फ पतरू जो पांच दिन से लापता है, वह अंगेश यादव के नाम से भागलपुर के मुरासो गांव पहुंचा है। उसने वहां भी 15 साल बाद लौटने की कहानी सुनाई है।

इससे संबंधित वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसकी पुष्टि दैनिक जागरण नहीं करता है। दरअसल पिपरा देवराज गांव के स्व.देवनंदन का बेटा बृजेश उर्फ पतरू 18 वर्ष 11 माह पूर्व लापता हो गया था। उस समय उसकी उम्र 15 वर्ष थी।

पांच माह पूर्व भाटपाररानी के बड़का गांव में एक युवक भटकते हुए पहुंचा। पिपरा देवराज के लोगों से उसने खुद को देवनंदन का बेटा बृजेश बताया। अमली देवी को मां तथा दिनेश यादव की पत्नी सीतापती को पड़ोस की भाभी के रूप में पहचान लिया। बृजेश के तौर पर उसकी पहचान पुष्ट होने पर खुली बैठक में उसका नाम परिवार रजिस्टर में भी दर्ज हो गया। बृजेश के नाम से आधार कार्ड बनवाने के बाद 24 फरवरी को वह घर से लापता हो गया।

**अंगेश सुना रहा है नई-नई कहानी :** पिपरा देवराज की कहानी और वायरल वीडियो के बारे में पूछने पर अंगेश नई कहानी सुना रहा है। उसने बताया कि एक व्यक्ति ने वृद्धा की भूमि हड़पने के लिए मुझे पिपरा देवराज गांव भेजा था, लेकिन वह वहां से भाग आया। अंगेश की मां कमलावती बोली कि यह युवक मेरा बेटा अंगेश ही है। लोग गलत आरोप लगा रहे हैं। उधर मईल पुलिस को गड़बड़झाले की जानकारी होने पर गांव में पुलिस कर्मियों को भेजा गया था। लेकिन किसी प्रकार का विवाद नहीं होने पर पुलिस कर्मी लौट गए।

### दो दिन पहले सामने आया था अंगेश

26 फरवरी को बलिया के बेल्थरा रोड पहुंचे युवक ने अपना नाम अंगेश यादव पुत्र रामसुमेर निवासी मुरासो, भागलपुर देवरिया बताया था। अंगेश को 15 साल पहले सांप ने काट लिया था। डाक्टरों के मृत घोषित करने पर स्वजन ने उसे केले के तने का चबूतरा बनाकर बहा दिया था। रामसुमेर की पत्नी कमलावती व अन्य स्वजन ने अंगेश को पहचान लिया, जिसके बाद उसे मुरासो भेज दिया गया।

> मेरा घर मुरासो गांव में है। मैं कमलावती उर्फ कृष्णावती का बेटा हूं। मेरा डीएनए टेस्ट करा लीजिए। हर जांच कराने को तैयार हूं। पांच माह पहले पिपरा देवराज गया था। पड़ोस के डाक्टर ने मेरा परिचय बृजेश के नाम से कराया था। उनके दबाव में मैंने अपना नाम बदल दिया था।
>
> **अंगेश यादव, कथित युवक**

> जो युवक पिपरा देवराज गांव में पांच माह से रह रहा था। उसी युवक के मुरासो गांव में दूसरे नाम से सामने आने का मामला संज्ञान में आया है। पिपरा देवराज गांव के लापता बृजेश के चचेरे भाई की तरफ से तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **श्यामानंद राय, प्रभारी निरीक्षक, भटनी**

> मेरा पुत्र बृजेश 18 वर्ष 11 माह पूर्व लापता हो गया था। जो पांच माह पहले घर आया था। पुनः गायब हो गया है। सभी जगहों पर उसकी तलाश की जा रही है।
>
> **अमली देवी, पत्नी स्व. देवनंदन, पिपरा देवराज**

> अंगेश नाम के युवक का हुलिया मेरे चचेरे भाई बृजेश से मिल रहा है। उसका बयान भी एकदम सटीक था। उसका व्यवहार बृजेश की तरह ही था। 24 फरवरी को वह लापता हो गया। अखबार में युवक की तस्वीर प्रकाशित है, जो मेरे गांव आए युवक से मिलती जुलती है। इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जानी चाहिए।
>
> **ओमप्रकाश यादव,**
> बृजेश का चचेरा भाई

हिन्दुस्तान दि.. 01/03/22

# मासूम की हत्या करने वाले दो आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

■ मासूम का अपहरण कर मांगी थी फिरौती
■ सिंधी मिल कालोनी से हुआ था मासूम का अपहरण

देवरिया,निज संवाददाता। मासूम का अपहरण कर हत्या करने वाले दोनों अभियुक्तों पर सदर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। दोनों अभियुक्तों ने मासूम को 4 दिसम्बर को दरवाजे से अपहरण कर 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। रुपये नहीं मिलने पर उसने मासूम की हत्या कर शव को कुशीनगर के हाटा कोतवाली क्षेत्र में फेंक दिया था।

कोतवाली क्षेत्र के सिंधी मिल कालोनी के रहने वाले ईद मोहम्मद उर्फ बकरीदन के बेटे नासिर का 4 दिसम्बर की सुबह दरवाजे पर खेलते समय अपहरण कर लिए थे। अपहरणकर्ताओं ने मासूम के लिए 30 लाख की फिरौती मांगी थी। 6 दिसम्बर को कुशीनगर के हाटा कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग गांव के पोखरे में मासूम का शव मिला था। पुलिस ने मामले में मासूम के रिश्तेदारी के चाचा अजहरुद्दीन पुत्र रफीक अंसारी और आरिफ अंसारी उर्फ मोनू पुत्र इसराफिल अंसारी उर्फ इसराफ निवासीगण पिपरा मदन गोपाल थाना रामपुर कारखाना को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कोतवाल राहुल कुमार सिंह ने डीएम और एसपी से गैंगेस्टर के लिए अनुमति मांगी। डीएम की अनुमति अजहरुद्दीन अंसारीऔर आरिफ अंसारी उर्फ मोनू निवासी पिपरा मदन गोपाल थाना रामपुर कारखाना के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गैंगस्टर के आरोपी को 9 वर्ष की सजा

देवरिया। गैंगस्टर कोर्ट ने मंगलवार को एक आरोपी को गिरोह बंद अधिनियम में दोषी करार देते हुए 9 वर्ष की कठोर कैद। उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगया। गैंगेस्टर कोर्ट के जज संजय सिंह की अदालत ने सजा सुनाया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता वाचस्पति मिश्र ने बताया कि सलेमपुर थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग गांव के रहने वाले अनूप सिंह उर्फ बबलू पुत्र हुकुम सिंह गिरोह बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए अपराध करता है। वह पेशेवर अपराधी है उसके डर से समाज में इतना भय व्याप्त हो गया है कि लोग उसके विरुद्ध गवाही देने से डर रहे हैं। सलेमपुर कोतवाल की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक ने डीएम को उक्त अपराधी के विरुद्ध गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज की रिपोर्ट रिपोर्ट प्रेषित किया था। डीएम के अनुमति मिलने पर सलेमपुर कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर का केस दर्ज किया था।

# मारपीट के मामले में दो के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, रामपुर कारखाना :** पारिवारिक विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया। पोखर भिंडा ईश्वरी प्रसाद गांव की सकीना खातून पत्नी शमशाद ने आरोप लगाया कि वह कपड़ा धो रही थीं। पुत्रियां कपड़ा पसार रही थी। तभी खुर्शीद व नबीसेन ने रस्सी काट दिया। विरोध करने पर पुत्रियों की पिटाई की।

दैनिक जागरण दि० 01/03/23

# शराब की दुकान पर महिलाओं ने लगाया ताला

## आक्रोशित महिलाएं सड़क पर उतरीं, आबकारी विभाग की मान-मनौव्वल के बाद माने आंदोलनकारी

**जासं, बरहज**: नगर के नन्दना वार्ड पूर्वी में देसी शराब की दुकान से आए दिन हो रही परेशानी से आजिज महिलाएं मंगलवार को सड़क पर उतर गईं। आक्रोशित महिलाएं लाठी-डंडा, झाड़ू के साथ प्रदर्शन कर देसी शराब की दुकान के गेट पर ताला बंद कर धरने पर बैठ गईं। गेट पर ताला बंद होने की सूचना मिलते ही कारोबारी के अलावा आबकारी विभाग में खलबली मच गई।

उधर युवाओं ने भी महिलाओं के आंदोलन का समर्थन करते हुए धरना दिया। करीब चार घंटे बाद आबकारी विभाग की मान मनौव्वल के बाद आंदोलनकारी माने। बरहज नगर के नन्दना वार्ड पूर्वी में घनी आबादी के बीच में करीब 35 वर्षों से देसी शराब की दुकान है। मोहल्ले में महिलाओं व स्कूल जाने वाली बच्चियों के साथ बदसलूकी होने से लोग परेशान हैं। आंदोलनकारियों में प्रेम देवी, राधा देवी, मीना देवी, सीमा देवी, कुसमवती देवी के अलावा बृजमोहन गुप्ता, गुड्डू सोनकर, विशाल जायसवाल, अमरजीत सोनकर, गुड्डू सोनकर, अमित जायसवाल, श्याम सुंदर जायसवाल, शुभम निषाद आदि शामिल रहे। आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक ने बताया कि नियमानुसार कार्रवाई के लिए आख्या डीएम को भेजी जाएगी।



देसी शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर धरना देते लोग • जागरण



देसी शराब की दुकान में ताला लगाती महिलाएं • जागरण

## दियारा क्षेत्र में धधकने लगीं कच्ची की भट्ठियां

- बड़े पैमाने पर जिले में स्टोर हो रही कच्ची व देसी शराब
- दियारा में तैयार होने वाली कच्ची की बिहार में भी होती है आपूर्ति

**जासं, लार**: रंगों का त्योहार होली चंद दिन है। होली को देखते हुए लार के दियारा क्षेत्र में कच्ची की भट्ठियां धधकने लगी हैं। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर कच्ची व देसी शराब स्टोर की जा रही है। जिले के अलावा पड़ोसी प्रांत बिहार में भी आपूर्ति करने की तैयारी है। उधर विभाग की तरफ से इसको लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

लार क्षेत्र के महाल मंझरिया में इन दिनों कच्ची तैयार की जा रही है। यहां तो पाइप लाइन से पहले कच्ची की आपूर्ति होती थी, कई बार कार्रवाई होने के बाद इसमें लिप्त लोगों पर शिकंजा कसा, लेकिन एक बार फिर बड़े पैमाने पर होली को देखते हुए कच्ची तैयार होने लगी है। इसके अलावा लार के देवसिया में चक्की तुसा डोही के दियारा में बच्ची बनाई व बेची जा रही है। यहां तैयार होने वाली कच्ची को मईल थाना के कुछ गांवों में स्टोर किया जा रहा है। लार के चुरिया देवार, मानिकपुर बंधा, कुंडावल तारा, फरनी टोला के बगल में, लार कस्बा के इंदिरा नगर सहित कई जगहों पर धड़ल्ले से कच्ची बनाई व बेची जा रही है। दो दिन पहले मेहरौनाघाट चौकी की पुलिस ने लार थाना के हाटा गांव के जगलाल साहू को उस समय पकड़ा जब वह प्लास्टिक की बोरी में भरकर देसी शराब ले जा रहा था।

> अभी परीक्षा ड्यूटी चल रही है। होली को लेकर जल्द ही कच्ची के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा। किसी भी दशा में न तो कच्ची बनने दी जाएगी और न ही बेचने दी जाएगी।
>
> **मनीष सिंह**
> आबकारी इंस्पेक्टर, सलेमपुर

> होली को लेकर कच्ची व अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाने के लिए सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है। जल्द ही अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **देव आनंद**
> सीओ, सलेमपुर

अमर उजाला दि०- 1/03/023

## हेतिमपुर टोल प्लाजा पर हुए विवाद में 40 पर केस दर्ज

देसही देवरिया। हेतिमपुर टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों से हुए विवाद के मामले में पुलिस ने मंगलवार को फुटेज के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कुल 40 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया गया है। महुआडीह थानाक्षेत्र के हेतिमपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित टोल प्लाजा पर रविवार को टोल टैक्स को लेकर कुछ लोगों (राहगीरों) का टोल कर्मियों से विवाद हो गया था। देखते ही देखते बात बिगड़ गई और आरोपियों ने टोल कर्मियों की पिटाई कर दी। तोड़फोड़ भी की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। टोल प्रबंधक उदयचंद की तहरीर पर पुलिस ने 40 अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मंगलवार को कसया से तीन आरोपियों गिरफ्तार कर लिया संवाद

दैनिक जागरण दि० 01/03/23



पौधरोपण करती महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक अर्चना सिंह ● जागरण

# रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**देवरिया :** शहर के दीनानाथ पांडेय राजकीय महिला पीजी कालेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजन के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन मंगलवार को रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। दोपहर बाद बौद्धिक चिंन शिविर का आयोजन किया गया। महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक अर्चना सिंह ने कहा कि स्वयं सेविकाओं को उच्च आदर्शों का ध्यान रखते हुए अपने दैनिक जीवन को अनुशासित तथा सद्भावना पूर्ण बनाना चाहिए। मुख्य अतिथि ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण भी किया। (जासं)

दैनिक जागरण दि० [illegible]/3/22

# गैंगस्टर अनूप सिंह को नौ वर्ष की कठोर कैद

**विधि संवाददाता, देवरिया :** गैंगस्टर कोर्ट के जज संजय सिंह ने मंगलवार को गैंगस्टर अनूप सिंह उर्फ बबलू को गिरोह बंद अधिनियम में दोषी पाया। उसे नौ वर्ष के कठोर कैद व पांच हजार रुपये जुर्माने से दंडित करने का फैसला सुनाया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता वाचस्पति मिश्र ने बताया कि सलेमपुर थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग निवासी अनूप सिंह उर्फ बबलू पुत्र हुकुम सिंह गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ के लिए अपराध करता है। वह पेशेवर अपराधी है। उसके डर से समाज में भय व्याप्त हो गया है। लोग उसके विरुद्ध गवाही देने से डर रहे हैं। थानाध्यक्ष सलेमपुर की रिपोर्ट पर एसपी की संस्तुति व डीएम के अनुमोदन के बाद उसके विरुद्ध गिरोह बंद अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। 30 जुलाई 2013 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उभय पक्ष के तर्कों व साक्ष्यों के अवलोकन के बाद अदालत ने पाया कि आरोपित हत्या के प्रयास, लूट, जैसे मामलों में नामजद है। वह गिरोह बंद अधिनियम का दोषी पाया गया।

दैनिक जागरण दि० 1/03/23

# कपरवार में छेड़खानी के आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

**जासं, कपरवार**: बरहज थाना के कपरवार गांव में न्यायालय के आदेश पर धारा 82 के क्रम में मंगलवार को कपरवार पुलिस चौकी प्रभारी जेपी यादव दल बल के साथ कपरवार रामलीला मैदान में आरोपित जितेंद्र साहनी पुत्र छांगुर साहनी के मकान एवं गांधी चबूतरे पर प्रचार प्रसार व मुनादी कराने के बाद कुर्की का नोटिस चस्पा किया।

कुछ माह पूर्व सुरौली थाना के तिवई गांव की एक लड़की से मोबाइल चैट के दौरान युवक का संपर्क हो गया था। वादिनी ने न्यायालय में वाद दाखिल किया था। न्यायालय के आदेश पर छेड़खानी व हरिजन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। चौकी प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि ध्वनि विस्तारक यंत्र से मुनादी कराते हुए युवक के मकान व तिराहा स्थित गांधी चबूतरा पर नोटिस चस्पा किया।

## साइड लेने के विवाद में मारपीट सात के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, गौरीबाजार** : क्षेत्र के ग्राम बर्दगोनियां में रास्ते से बाइक हटाने की बात लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने तीन नामजद व चार अज्ञात के विरुद्ध बलवा समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गांव के अनूप निषाद ने तहरीर पर पुलिस ने शिव निषाद व धीरज, मुनीब व चार अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।




# मारपीट में पांच के विरुद्ध बलवा का मुकदमा

खुखुंदू: रुपये के लेनदेन को लेकर घर में घुसकर महिला की पिटाई करने के मामले में पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला का इलाज गोरखपुर में चल रहा है। अहिरौली गांव की रहने वाली रीना देवी का बगल के लोगों से लेनदेन का विवाद था। आरोप है कि जसवंत साहनी, बलवंत साहनी समेत पांच ने मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने जांच की जा रही है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 01/03/23

# टोल कर्मियों से मारपीट के मामले में 43 लोगों पर मुकदमा

- **कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं आरोपित, तलाश में जुटी पुलिस**
- **तीन चारपहिया वाहन को महुआडीह पुलिस ने लिया कब्जे में, सीज**

**जासं, देसही देवरिया, देवरिया:** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 28 के हेतिमपुर टोल प्लाजा पर कर्मियों से मारपीट करने के मामले में महुआडीह पुलिस ने तीन नामजद व 40 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने तीन गाड़ियों को सीज कर दिया। आरोपितों की तलाश में पुलिस जुटी है।

दो दिन पूर्व 26 फरवरी को दोपहर करीब 1.15 बजे टोल प्लाजा कर्मी ड्यूटी कर रहे थे। तभी आठ गाड़ियां लेन नंबर छह में खड़ी हो गई। सबसे आगे की गाड़ी से टोल टैक्स मांगा तो सभी गाड़ियों से लोग उतरे और टोल कर्मी संदीप सिंह से कहासुनी व अपशब्दों का करने लगे। दूसरे टोलकर्मी दीपक रावत, नवीन यादव, शक्तिमान व मनीष यादव ने मना किया तो हाकी व ईंट पत्थर से हमला कर दिया। बचाव करने आए सुरक्षा गार्ड अजय भारती को भी मारापीटा। जिसके कारण अन्य गाड़ियां भी आकर रुक गईं। आरोपित गाड़ियों से बैरियर तोड़कर कसया की तरफ भाग गए। कुछ गाड़ियां मौके पर ही छूट गई। इनमें तीन आरोपितों की पहचान हो गई। जिसमें कुशीनगर के तमकुहीराज थानाक्षेत्र के मुकुंदपुर गांव का रितेश मिश्र पुत्र परशुराम मिश्र, कुशीनगर के कसया के शहीद अमिय नगर का वसीम अंसारी पुत्र वलायत अंसारी, कुशीनगर के हाटा थानाक्षेत्र के धरमौली गांव का राजकुमार पुत्र उदयभान प्रसाद शामिल हैं। सीसी कैमरे में घटना कैद है। महुआडीह थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि टोल मैनेजर उदयशंकर चंद पुत्र सदानंद चंद की तहरीर पर तीन नामजद व 40 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। तीन गाड़ियों को सीज कर दिया गया है। आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

दैनिक जागरण दि- 1/03/23

# हत्या के मामले में दोनों आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

- चार दिसंबर 2022 को नासिर की अपहरण के बाद कर दी थी हत्या
- एसपी की संस्तुति व डीएम के अनुमोदन के बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**जासं, देवरिया:** मासूम नासिर का अपहरण के बाद हत्या के दोनों आरोपितों के विरुद्ध पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। सदर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक की तहरीर पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी की संस्तुति व डीएम के अनुमोदन के बाद यह कार्रवाई की गई।

शहर के कसया बाईपास रोड नियर यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के निकट कृष्णा कालोनी के रहने वाले ईद मोहम्मद उर्फ बकरीदन के पुत्र नासिर का बीते चार दिसंबर 2022 को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। कुशीनगर जिले के हाटा के रामपुर बुजुर्ग गांव के समीप पोखरे से शव बरामद हुआ था। बच्चे के हाथ व पैर बंधे थे। अपहरणकर्ता ने नोटिस चस्पाकर 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। इस मामले में पुलिस ने रामपुर कारखाना के पिपरा मदन गोपाल निवासी मुख्य आरोपित अजहरुद्दीन अंसारी पुत्र रफीक अंसारी व आरिफ अंसारी उर्फ मोनू पुत्र इसराफिल अंसारी उर्फ इसराफ को गिरफ्तार किया था। दोनों जिला जेल में निरुद्ध हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों ने मिलकर संगठित गिरोह बनाया था, जो जिले स्तर पर सक्रिय है। आर्थिक लाभ के लिए गिरोह बनाकर बच्चों का अपहरण कर फिरौती मांगते हैं। फिरौती की रकम न मिलने पर हत्या जैसे जघन्य अपराध करते हैं।

# भूमि बैनामा करने के नाम पर रुपये हड़पने का आरोप

**जासं, रामपुर कारखाना:** भूमि बैनामा कराने के नाम पर रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। उपनगर के रहने वाले लियाकत राइनी पुत्र समसुद्दीन राइनी ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि देवरिया शहर के गायत्रीपुरम का रहने वाला एक व्यक्ति भूमि खरीदने व बेचने का कार्य करता है। भूमि बैनामा करने के लिए चार लाख एडवांस में ले लिया। एक सप्ताह के भीतर बैनामा करने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक बैनामा नहीं किया। डुमरी गांव के रहने वाले अमित कुमार यादव पुत्र अनुरोध यादव ने 2.65 लाख, नोनिया टोली वार्ड के सौरभ जायसवाल ने भी ढाई लाख रुपये बैनामा के लिए दिया है। आरोप है कि बैनामा करने में आरोपित हीलाहवाली कर रहा है।

### विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी

**जासं, खुखुंदू:** क्षेत्र के परसिया खाप प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर चोर सिलेंडर, चूल्हा, बर्तन सहित अन्य सामान उठा लेकर चले गए। प्रधानाध्यापक संभा यादव ने थाने में तहरीर दी है। उन्होंने कहा है कि चोर करीब 25 हजार रुपये का सामान चुरा ले गए।

दैनिक जागरण दि- 2/03/23

# न्यायाधीश ने जिला जेल का जाना हाल

- बैरकों व पाकशाला का निरीक्षण कर देखी हकीकत
- बंदियों से जानी समस्याएं, विधिक जानकारी दी



जिला जेल का निरीक्षण करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व न्यायाधीश अशोक कुमार दूबे ● सौजन्य जेल प्रशासन

**जासं, देवरिया:** न्यायाधीश ने मंगलवार को जिला जेल का हाल जाना। बंदियों से उनकी समस्याएं जानी। उन्हें विधिक जानकारी भी दी। जेल के पाकशाला व बैरकों का निरीक्षण किया। साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबे दोपहर में जिला जेल पहुंचे। उन्होंने मीन्यू के अनुसार भोजन बनाने, महिला बंदियों को पौष्टिक भोजन देने व बच्चों को दूध उपलब्ध कराने, बच्चों को बेहतर पढ़ाई की व्यवस्था कराने, साफ-सफाई व दवा की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। उन्होंने लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया। कहा कि यदि किसी बंदी को विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जिला जेल प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकता है। पैरवी के लिए प्राधिकरण की तरफ से निश्शुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर विधिक सहायता ले सकता है। सचिव ने महिला बंदियों को बच्चों के अधिकार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि आपके बच्चे नाबालिग हैं तो जेल में रह कर भी बच्चों को पढ़ाने का अधिकार है। बंदी राजेश, संजय, मदन, रमेश, सरोज, करिश्मा, इशरत जहां, संध्या आदि की समस्याओं का सुना। कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। इस दौरान जेल अधीक्षक भोलानाथ मिश्र, उप कारापाल वंदना त्रिपाठी व वंदना, उप कारापाल मोतीलाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण दि- 01/03/23

# हादसे में घायल प्रधानाध्यापक की इलाज के दौरान मृत्यु

**जासं, घांटी बाजार, भटनी:** सड़क हादसे में घायल प्राथमिक विद्यालय बांसघाटी के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार राय की अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार की रात मृत्यु हो गई। वह एक सप्ताह पहले विद्यालय जाते समय सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

भटनी के बांसघांटी गांव के रहने वाले 51 वर्षीय अरविंद कुमार राय अपने ही गांव के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। वह एक सप्ताह पहले वह बाइक से विद्यालय जा रहे थे। अभी वह एकला आम व अमवा गांव के बीच पहुंचे थे कि बाइक की आमने सामने टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजन ने उन्हें महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें गोरखपुर रेफर कर दिया। स्वजन ने उन्हें लखनऊ मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मौत की खबर मिलते ही पत्नी रीता देवी, बेटे प्रशांत कुमार राय, अभिशांत राय, बेटी प्रीति राय दहाड़े मार कर रोने लगे। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार गांव के बगल स्थित खनुआ नदी के घाट पर किया गया। शिक्षकों ने शोक जताया है।

# सशक्त बनकर आगे बढ़ें छात्राएं : अंशुमान

## देवपार स्थित मांती देवी विश्वनाथ महिला महाविद्यालय में दी गई सुरक्षा के विषय में जानकारी

पुलिस की पाठशाला

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। क्षेत्र के देवपार स्थित मांती देवी विश्वनाथ महिला महाविद्यालय में मंगलवार को अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से अपराजिता के तहत पुलिस की पाठशाला आयोजित की गई। इसमें अधिकारियों ने छात्राओं को सशक्त बनने के साथ ही आगे बढ़ने और कानून का पालन करने की नसीहत दी।

मुख्य अतिथि सीओ बरहज अंशुमन श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में रिस्क लेने के लिए क्षमता के मुताबिक कार्य करना चाहिए। स्वतंत्रता और स्वच्छंदता के बारे में कहा कि आप कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे अगले को असुविधा हो। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए होता है। सीओ ने सोशल प्लेटफॉर्म पर आए दिन हो रही ठगी, वीडियो कॉलिंग से परहेज करने और बदनामी से बचने के बारे में जागरूक किया।



बरहज के देवपार स्थित मांती देवी विश्वनाथ महिला महाविद्यालय में आयोजित पुलिस की पाठशाला को संबोधित करते मुख्य अतिथि। संवाद

विशिष्ट अतिथि पीसीएस अधिकारी रिशित कुमार सिन्हा ने कहा कि संघर्ष से लड़कर आगे बढ़ने वाला मुकाम हासिल कर सकता है। लक्ष्य निर्धारित कर कोई भी कार्य करना चाहिए, ताकि राह आसान हो सके।

इंस्पेक्टर मदनपुर मुकेश मिश्र ने साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने टोल फ्री नंबरों से अवगत कराया। उन्होंने व्हाट्सएप पर आने वाले अपरिचित नंबर से और आवश्यकता पड़ने पर कैमरे को ढक कर रिसीव करने के लिए कहा।

इससे पूर्व संध्या, नेहा, रुचि ने सरस्वती वंदना हे शारदे मां, संगीता, अनुप्रिया और गरिमा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को प्रबंधक डॉ. अजय प्रताप यादव, विनय पांडेय, अरविंद यादव, प्रसेनजीत, छोटे लाल विश्वकर्मा, महिला आरक्षी अन्नू सिंह आदि ने संबोधित किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. स्मृता यादव, डॉ. रंजना यादव, मुन्ना, नन्हे कुमार, संजय विश्वकर्मा, ज्योति यादव, नेहा आदि मौजूद रहीं।



*पुलिस की पाठशाला और कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम बहुत ही अच्छा रहा। इस तरह का कार्यक्रम महाविद्यालय में पहली बार हुआ है। काफी कुछ जानकारियां मिली हैं। इससे अन्य को भी अवगत कराया जाएगा। –रुचि शर्मा, छात्रा*



*महिलाओं से संबंधित जरूरत के हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया है। ये आवश्यकता पड़ने पर काम आएंगे। महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम काफी प्रशंसनीय है। इसकी जितनी सराहना की जाए कम है। ऐसे कार्यक्रम अक्सर होते रहने चाहिए। –वंदना चौबे, छात्रा*



*आत्मसुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया है। संकट के दौर में निपटने के जो तरीके बताए गए हैं, उनको अमल में लाते हुए अन्य से साझा करेंगे। झिझक दूर करने के लिए यह कार्यक्रम सराहनीय है। इससे आत्मबल मिलेगा। कठिन परिस्थितियों में जीने की सीख मिली है। –संध्या यादव, छात्रा*



*पुलिस की पाठशाला और कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम में बहुत कुछ सुनने और सीखने को मिला। महिलाओं और छात्राओं को आत्मसबल और सशक्त बनाने के लिए अमर उजाला समाचार पत्र का यह कार्यक्रम बहुत ही अच्छा है। ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं में जागरूकता बढ़ेगी। –नेहा यादव, छात्रा*

अमर उजाला दि० 01-03-22

# भटनी में बृजेश, भागलपुर में बना अंगेश

## मुरासों गांव में सर्पदंश से मौत के बाद नदी में बहाए गए युवक के 15 वर्ष बाद घर लौटने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

भागलपुर/भटनी। मईल थाना क्षेत्र के जिरासो टोला मुरासों में 15 वर्ष बाद घर लौटा युवक छह महीने से भटनी के पिपरा देवराज गांव में था। पिपरा देवराज में वह इसी तरह की कहानी-बताकर बृजेश उर्फ पतरू के नाम पर रह रहा था।

शुक्रवार की सुबह वह कमाने जाने की बात कह कर घर से निकला और मुरासों गांव में सर्पदंश के बाद बहाए जाने की कहानी बताकर अंगेश यादव बन गया। पकड़े जाने पर युवक ने पिपरा देवराज गांव के रहने वाले शख्स पर जमीन के लिए वारिस बनकर रहने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।



अंगेश।

उधर, अब भी दोनों परिजन युवक को अपना वारिस बता रहे हैं। मुरासों में जहां परिजन सर्पदंश के बाद घर लौटे युवक को देखकर फूले नहीं समा रहे हैं, वहीं, पिपरा देवराज गांव में परिजनों ने थाने में शिकायत कर बेटे को लौटाने की गुहार लगाई है। वे डीएनए टेस्ट कराने की बात भी कह रहे हैं। ऐसे में युवक बृजेश उर्फ पतररू है या अंगेश सवाल बनकर रह गया है।

मईल थाना क्षेत्र के मुरासों गांव में रविवार को एक युवक रामसुमेर यादव के घर पहुंचा और अपने आप को उनका बेटा बताया। परिजन बहुत खुश हुए और उसको हाथोंहाथ ले लिए। पूछने पर पिता रामसुमेर ने बताया कि 15 साल पूर्व उनके दस वर्षीय बेटे अंगेश की मौत सर्पदंश से हो गई थी। झाड़फूंक कराई लेकिन कोई फायदा नहीं होने पर मान्यता के अनुसार केले के तने के साथ नदी में प्रवाहित कर दिया।

वहीं, अंगेश ने बताया कि वह पटना के पास एक गांव में बंजारों के साथ था। बंजारे उसे पहरे में रखते थे। वह भाग न जाए, इसके लिए मारते-पीटते थे। सपेरे अमन माली के जरिये पता चला कि वह उसे झाड़फूंक कर पाला है। वह हरियाणा के यमुनानगर पहुंचा और एक जमींदार के वहां नौकरी करने लगा। उसके अनुसार वहां भी उसे यातनाएं दी गईं। फिर वह एक ट्रक ड्राइवर के साथ बेल्थरा पहुंचा। इसके बाद लोगों की मदद से मुरासों पहुंच गया।

इधर, भटनी के पिपरा देवराज गांव निवासी देवनंदन का 15 वर्षीय बेटा बृजेश उर्फ पतरू 18 साल पूर्व एक रिश्तेदार के साथ कमाने गया, लेकिन नहीं लौटा। पिछले साल अक्तूबर में दशहरा मेले के आसपास बृजेश घर पहुंचा और परिचय खोया हुआ बेटा बताकर हरियाणा वाली कहानी बताई।

एसओ श्यामानंद राय ने बताया कि जांच के बाद पता चलेगा कि क्या झूठ है और क्या सही।

अमर उजाला। दि०-2/03/023

# सात लोगों पर बलवा और मारपीट का मुकदमा दर्ज

**खुखुंदू।** थाना क्षेत्र के अहिरौली पांडेय गांव में पांच दिन पूर्व हुए विवाद में पुलिस नें मंगलवार को उसी गांव के ही सात लोगों के खिलाफ बलवा, घर में घुसकर मारपीट करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जांच कर मुकदमे की कार्रवाई की गई है। अहिरौली पांडेय निवासी रीना देवी के दरवाजे पर बीते 23 फरवरी को गांव के ही कुछ लोग पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर हमला बोल दिया। पीड़ित ने घर में घुसकर मारपीट करने की तहरीर दी थी। जांच के बाद मंगलवार को पुलिस ने मुन्नी देवी, सुमन देवी, फूलमती, सोनम, बलवंत साहनी और यशवंत साहनी सहित सात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने मामले की पुष्टि की। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-03-2023

# पशु लदा कंटेनर पकड़ा तस्कर भी गिरफ्तार

**सफलता**

- तमकुहीराज पुलिस ने फोरलेन पर टड़वा मोड़ पर पकड़ा कंटेनर
- कंटेनर में क्रूरतापूर्वक लादे थे 28 प्रतिबंधित पशु, कराया मुक्त

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय थाने की पुलिस ने फोरलेन के रास्ते कंटेनर ट्रक पर लादकर वध हेतु ले जाये जा रहे 28 प्रतिबंधित पशुओं को मुक्त कराने में सफलता हासिल किया। मौके से मुकामी पुलिस एक अंतरराज्यीय पशु तस्कर को गिरफ्तार कर आवश्यक कारवाई में जुटी हुई है। पकड़ा गया तस्कर बागपत जिले के दोघट थाना क्षेत्र का निवासी है।

मंगलवार को सीओ तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में तमकुहीराज पुलिस प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी के विरूद्ध अभियान चला रही थी। फोरलेन पर चेकिंग अभियान के दौरान थानाक्षेत्र के टडवा मोड़ से पुलिस टीम ने एक कंटेनर ट्रक पर लादकर तस्करी कर वध हेतु ले जाये जा रहे 28 प्रतिबंधित पशुओं की बरामद किया। मौके से पुलिस ने पशु तस्कर शहाबू पुत्र कालू निवासी नीरपड़ा थाना दोघट जिला बागपत को हिरासत में लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष नीरज कुमार राय ने बताया कि बरामद पशुओं को मुक्त कराते हुए पकड़े गए पशु तस्कर के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में एसओ नीरज राय के साथ एसएसआई रामबदन चौहान, हेड कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार एवं राजीव चौधरी शामिल रहे।

# हाटा कस्बे में दिनदहाड़े टेंपो चोरी

**हाटा।** नगर के करमहा चौराहे के पास बड़ी मस्जिद के सामने से मंगलवार की दोपहर में दो बजे टेंपो चोरी हो गया।

हाटा कोतवाली क्षेत्र के महुई निवासी अमन कुमार अपना टेंपो नगर के करमहा चौराहे के समीप बड़ी मस्जिद के सामने खड़ा किए थे। वह किसी कार्य से नगर में चले गए। वापस आए तो टेंपो नहीं था।

काफी खोजबीन करने के बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# हत्या के प्रयास के दोषियों को 10 साल की कैद

**पडरौना, निज संवाददाता।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर एक सुनील कुमार यादव ने 23 साल पूर्व दिनदहाड़े युवक की हत्या के प्रयास के दोषी दो लोगों को दस-दस साल की कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों पर एक-एक लाख रूपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न जमा करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

- **अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर एक ने सुनाई सजा**
- **तरयासुजान थाना क्षेत्र के गौश्रीराम में चली थी दिनदहाड़े गोली**

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता उपेंद्र कुमार पाठक व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी विजय कुमार यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि श्यामनारायण तिवारी निवासी मठिया श्रीराम थाना तरयासुजान ने पिछले 10 अक्तूबर 2000 को तरयासुजान थाने में तहरीर सौंप बताया था कि अपने बेटे ओमप्रकाश तिवारी के साथ खेत देखकर घर लौट रहा था। अभी गांव के राजेंद्र तिवारी के धान की खेत के समीप पहुंचा था कि गांव के रणवीर, रणधीर, भगवती, संजीव, धनंजय व विद्या मिश्रा आदि पुरानी रंजीश के कारण शाम पांच बजे धान के खेत में बैठे थे। सभी लोग संगीन अपराध करने की नीयत से पिता-पुत्र पर फायर करना शुरू कर दिये।

इस पर मैं वहां से भागकर किसी तरह जान बचाया, लेकिन बेटा ओमप्रकाश को रणवीर पुत्र रामा ने गोली मार दी। बेटा वीहीं अचेत होकर गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनकर गांव के बहुत से लोग मौके पर पहुंच बीच-बचाव किये। गोली लगने से बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था।

# गलत नंबर प्लेट लगा ट्रक बालू समेत सीज

**रामकोला।** सफेद बालू लदे ट्रक को पकड़े जाने के बाद एक और मामला उजागर हो गया। ट्रक पर जो नंबर लिखा था वह गलत मिला। नायब तहसीलदार की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक को सीज कर जांच शुरू कर दिया है। म्बताया जा रहा है कि ऐसे ही कूटरचित पेपर के माध्यम से बिहार से सफेद बालू की ढुलाई बालू तस्करों द्वारा की जा रही है।

# चोरी की दो बाइकें व चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**हाटा।** अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में हाटा कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। उसके निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की दो बाइकें बरामद किया है। पुलिस टीम में एसआई रविकान्त कुमार, कांस्टेबल मुकेश चौहान, रविप्रकाश, अमित वर्मा शामिल रहे।

# दरोगा ने भाजपा नेता को दी गाली

पडरौना। जनता खासकर फरियादी के साथ कुशल व्यवहार अपनाने की पुलिस विभाग की कोशिशों पर कुछ पुलिस अधिकारी अपने दुर्व्यवहार के कारण पानी फेरते नजर आ रहे हैं। इसका उदाहरण पडरौना कोतवाली में तैनात एक दरोगा ने एक भाजपा नेता को गाली देकर प्रस्तुत किया है। भाजपा नेता ने एसपी से इसकी शिकायत की है। एसपी ने मामले की जांच के लिए सीओ सदर को निर्देशित किया है। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री सुशील शर्मा ने एसपी को शिकायती पत्र में दिया है।

# किशोरी के अपहरण का आरोप, केस दर्ज

पटहेरवा। पटहेरवा क्षेत्र के एक गांव की महिला ने कक्षा 9 में पढ़ने वाली अपनी पुत्री का अपहरण कर लेने का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर दी है। महिला का आरोप है कि सेवरही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने उसकी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर में बताया है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री कक्षा 9 वीं की छात्रा है। उससे सेवरही के एक गांव का युवक छिप कर बात किया करता था।

## बहला-फुसला किशोरी का भगा ले गया युवक, मुकदमा

**पटहेरवा:** क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी को सेवरही क्षेत्र का एक युवक बहला-फुसला कर भगा ले गया। मां की तहरीर पर पुलिस आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी है। पीड़िता की मां द्वारा दी गई तहरीर में कहा गया या है कि मेरी 17 वर्षीय बेटी कक्षा 9 वीं की छात्रा है।उससे सेवरही क्षेत्र के गांव जगदीशपुर का राहुल यादव चोरी-छुपे मोबाइल पर बातचीत करता था।27 फरवरी की शाम चार बजे वह उसे बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया। थाना प्रभारी पटहेरवा गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही है।(जासं)

# नायब तहसीलदार ने सीज किया बालू लदा ट्रक

**रामकोला:** नायब तहसीलदार कप्तानगंज कुंदन वर्मा ने मंगलवार को रामकोला-कसया मार्ग पर बालू लदे ट्रक को पकड़कर सीज करते हुए पुलिस को सुपुर्द कर दिया। उन्होंने बताया कि किसी ने एसडीएम को सूचना दी थी कि अवैध बालू लदा ट्रक रामकोला कस्बा की ओर आ रहा है। उसका संज्ञान लेकर कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि अवैध खनन का बालू लदा ट्रक सीज कर नायब तहसीलदार की ओर से सुपुर्द किया गया है, आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# चोरी की दो बाइकों के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जासं, हाटा:** कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो बाइकों के साथ बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। एसएचओ निर्भय कुमार सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि एसपी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाए ला रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की सुबह आठ बजे चौकी प्रभारी सुकरौली आशुतोष कुमार जायसवाल व उपनिरीक्षक रविकांत कुमार समेत टीम के साथ नेशनल हाईवे के थरूआडीह क्रासिंग के पास वाहनों की जांच कर रहे थे कि जांच पड़ताल में बाइक चोरी की निकली। बदमाश की पहचान देवरिया जिले के थाना महुआडीह के टोला मेदनी हेतिमपुर निवासी अभय कुमार सिंह के रूप में हुई है।

# हत्या के प्रयास के मामले में दो को दस वर्ष की सजा

**जासं,पड़रौना:** न्यायालय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट संख्या-एक में सुनवाई के दौरान हत्या के प्रयास के मामले में मंगलवार को विद्वान न्यायाधीश सुनील कुमार यादव ने आरोप सिद्ध होने पर भगवती तिवारी व धनंजय पांडेय को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से पैरवी करते हुए सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता उपेंद्र पाठक व विजय कुमार यादव ने बताया कि तरयासुजान थाना क्षेत्र के मठिया श्रीराम निवासी श्याम नारायण तिवारी ने 14 अक्टूबर 2000 को दिए गए तहरीर में लिखा है कि वह व उनका लड़का ओम प्रकाश खेत देख कर लौट रहे थे कि राजेंद्र तिवारी के खेत के पास रणवीर तिवारी, रणधीर तिवारी, भगवती तिवारी, संजीव तिवारी, धनंजय पांडेय, विद्या मिश्र ने पुरानी रंजिश असलहा से फायरिंग शुरू कर दी। ओम प्रकाश को रणवीर तिवारी ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस विभिन्न धाराओं में छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। बचाव पक्ष की दलीलों व साक्ष्यों के आधार पर विद्वान न्यायाधीश ने चार को दोष मुक्त करते हुए दो आरोपितों को सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को एक-एक लाख रुपये का जुर्माना देने की आदेश पारित किया है।

# हत्या के प्रयास में दो को दस-दस साल का कारावास

**पडरौना।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के मठिया श्रीराम गांव में एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या करने के प्रयास के मामले में न्यायालय ने मंगलवार को फैसला सुना दिया। इस मामले में दो व्यक्तियों को दस-दस साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। इनमें से एक लाख रुपये पीड़ित व्यक्ति को दिए जाएंगे।

सहायक शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) उपेंद्र कुमार पाठक एवं वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि घटना 14 अक्तूबर 2000 की है। इस गांव के श्याम नारायण नाम के एक व्यक्ति ने तरयासुजान थाने में तहरीर दी थी कि 14 अक्तूबर 2000 को शाम को करीब सवा छह बजे ओमप्रकाश और उनके पिता श्याम नारायण अपना खेत देखकर घर आ रहे थे।

रणवीर तिवारी, भगवती, संजीव तिवारी, धनंजय पांडेय और विद्या मिश्र, जो मठिया श्रीराम गांव के रहने वाले हैं , पुरानी रंजिश के कारण उन पर फायरिंग की। इससे वह भागकर जान बचाए। ओमप्रकाश को रणवीर ने गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गए। गांव के बहुत से लोग दौड़कर आए और उन्हें बचाया। तरयासुजान थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। संजीव घटना के समय नाबालिग होने के कारण उसकी पत्रावली अलग कर सुनवाई हुई।

मंगलवार को इस मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर-एक सुनील कुमार यादव के न्यायालय में हुई। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने भगवती तिवारी और धनंजय पांडेय को हत्या के प्रयास में दोषी पाया। दोनों को सजा सुनाई। संवाद

# 28 गोवंश के साथ पकड़ा गया पशु तस्कर

**जासं, तमकुहीराज :** मंगलवार को टड़वा मोड़ हाईवे के समीप तमकुहीराज पुलिस टीम कंटेनर से तस्करी कर वध हेतु बिहार के सिवान ले जाए जा रहे 28 गोवंश बरामद की। एक तस्कर भी पकड़ा गया। तस्कर की पहचान बागपत जनपद के दोघट थाना क्षेत्र के नीरपड़ा निवासी शहाबू के रूप में हुई। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय, दारोगा रामबदन चौहान आदि शामिल रहे।

# बालू लदे दो ट्रक सीज किए गए

रामकोला/बनकटा बाजार। दो अलग-अलग जगहों पर अवैध तरीके से बालू लदे ट्रकों को पकड़कर कार्रवाई की गई।

कप्तानगंज के एसडीएम के निर्देश पर मंगलवार को अवैध तरीके से बालू लदे ट्रक को नायब तहसीलदार ने सीज कर दिया। यह ट्रक रामकोला-कसया मार्ग पर सीज कर रामकोला थाने की पुलिस को सौंप दिया गया।

दूसरी ओर खनन अधिकारी जितेंद्र शर्मा और चौराखास थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को दोपहर दो बजे के करीब जांच के दौरान अवैध बालू लदा ओवरलोड ट्रक को पकड़ा। यह बिहार से आ रहा था। संवाद

# छात्रा के अपहरण के आरोप में केस

**उजारनाथ/पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने कक्षा नौ में पढ़ने वाली अपनी पुत्री के अपहरण का आरोप लगाकर युवक पर केस दर्ज कराया है। महिला ने पटहेरवा थाने में तहरीर दी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री कक्षा नौ की छात्रा है।

उससे सेवरही थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक मोबाइल फोन पर बातचीत करता था। बीते सोमवार की शाम करीब चार बजे वह युवक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-03-2023

# कोटेदार संग मारपीट का आरोप, केस दर्ज

**फरेंदा।** आनंदनगर के कोटे की दुकान पर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है। कोटे की दुकान के संचालक ने तहरीर में लिखा है कि कुछ लोग शासन से चावल मिलने पर भी अधिक गेहूं मांगते हैं।

# दूसरी शादी करने पर पति समेत चार लोगों पर केस दर्ज

**परतावल।** एक महिला ने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। आरोप लगाया कि विरोध करने पर पति और ससुरालियों ने उसकी पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी। महिला की शिकायत पर पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सोहवल निवासी उर्मिला देवी ने बताया कि करीब 23 वर्ष पहले उसकी शादी सोहवल निवासी राजू के साथ हुई है। शादी के एक वर्ष के भीतर पति दिमागी रूप से कमजोर हो गए। उसके बाद वह मायके बांसगांव गोरखपुर में रहने लगी। करीब पांच वर्ष बाद सास ज्ञानमति और ससुर रामबहाल उसे ससुराल ले गए और अपने छोटे बेटे बबलू से उसकी शादी करा दी।

बबलू से शादी के बाद उसे दो संतान हुए। आठ फरवरी को ननद सोना देवी व सुनरा देवी तथा सास ज्ञानमती देवी के बहकाने पर पति बबलू ने दूसरी शादी कर ली। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी सोना देवी, सुनरा देवी, ज्ञानमती देवी तथा बबलू पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# 25 ई-रिक्शा जांच में बगैर पंजीकरण मिले

**महराजगंज।** जांच के दौरान 25 ई-रिक्शा बगैर पंजीकरण के मिले। 11 डीलरों को एआरटीओ ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कुछ दिनों पहले एआरटीओ ने ई-रिक्शा के पंजीकरण के संबंध में दिशानिर्देश जारी किया था। टीम इस समय वाहनों की जांच कर रही है। वाहन के दस्तावेज, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट आदि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान 25 ई-रिक्शा बगैर पंजीकरण के संचालित होते मिले। संवाद


# दूसरी शादी करने पर पति समेत चार लोगों पर केस दर्ज

**परतावल।** एक महिला ने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। आरोप लगाया कि विरोध करने पर पति और ससुरालियों ने उसकी पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी। महिला की शिकायत पर पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सोहवल निवासी उर्मिला देवी ने बताया कि करीब 23 वर्ष पहले उसकी शादी सोहवल निवासी राजू के साथ हुई है। शादी के एक वर्ष के भीतर पति दिमागी रूप से कमजोर हो गए। उसके बाद वह मायके बांसगांव गोरखपुर में रहने लगी। करीब पांच वर्ष बाद सास ज्ञानमति और ससुर रामबहाल उसे ससुराल ले गए और अपने छोटे बेटे बबलू से उसकी शादी करा दी।

बबलू से शादी के बाद उसे दो संतान हुए। आठ फरवरी को ननद सोना देवी व सुनरा देवी तथा सास ज्ञानमती देवी के बहकाने पर पति बबलू ने दूसरी शादी कर ली। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी सोना देवी, सुनरा देवी, ज्ञानमती देवी तथा बबलू पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# 25 ई-रिक्शा जांच में बगैर पंजीकरण मिले

**महराजगंज।** जांच के दौरान 25 ई-रिक्शा बगैर पंजीकरण के मिले। 11 डीलरों को एआरटीओ ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कुछ दिनों पहले एआरटीओ ने ई-रिक्शा के पंजीकरण के संबंध में दिशानिर्देश जारी किया था। टीम इस समय वाहनों की जांच कर रही है। वाहन के दस्तावेज, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट आदि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान 25 ई-रिक्शा बगैर पंजीकरण के संचालित होते मिले। संवाद




# नेपाली शराब संग एक गिरफ्तार

नौतनवा। नौतनवा पुलिस ने अवैध तरीके से लाई जा रही नेपाली शराब को छपवा के कोटही माता मंदिर के निकट से बरामद किया है।

भारतीय सीमा में ला रहे तस्कर को भी पुलिस ने मौके से हिरासत में लिया है। एसओ ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एसएसबी टीम के साथ सिंहोरवा निवासी सुरेश को 40 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# युवक ने राप्ती नदी में लगाई छलांग, राहगीरों ने बचाया

धानी बाजार। राप्ती नदी के पुल के पास मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक शख्स ने अचानक नदी में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह इस शख्स को नदी से अचेतावस्था में बाहर निकाला।धर्मसिंघवा जिला संतकबीरनगर निवासी सिद्धनाथ चौधरी बाइक से बिना बताये घर से निकला। दिन में 1 बजे के लगभग वह धानी बाजार स्थित राप्ती नदी के पुल पर पहुंचा। लोगों के मुताबिक उसने पुल पर अपनी बाइक खड़ी की और अचानक नदी में छलांग लगा दिया। मौजूद राहगीरों ने उसे बेहोशी की हालत में नदी से बाहर निकाला।

# 85 शीशी नेपाली शराब बरामद, दो धराए

**जासं,परसामलिक** : क्षेत्र के असुरैना व मर्यादपुर गांव से पुलिस ने मंगलवार दो लोगों के पास से 85 शीशी नेपाली शराब बराम्द किया। आरोपित विनोद साहनी निवासी जमुहानी व घिसन साहनी निवासी असुरैना टोला कुकेसर पकड़े गए।

# नेपाली शराब के गिरफ्तार

**जासं, नौतनवा :** एसएसबी व पुलिस ने संयुक्त रूप से सोमवार देर रात कोटही माता मंदिर छपवा से एक व्यक्ति को 40 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित नेपाली शराब लेकर भारत में आ रहा था। पूछताछ में उसने अपना नाम सुरेश निवासी सिंघोरवा थाना नौतनवा बताया।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, सात लोग घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

## मिट्टी निकालने को लेकर हुई थी बहस, गांव में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई

कोल्हुई। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम एकसड़वा टोला सोनबरसा में पुरानी रंजिश में मंगलवार की रात को दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों से सात लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मीपुर में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार एक पक्ष पप्पू यादव व दूसरे पक्ष से आशिफ खान के बीच मिट्टी निकलने को लेकर बहस हुई थी।

मंगलवार रात 10 बजे दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। सात लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटनास्थल पर सीओ कोमल प्रसाद मिश्र, थानाध्यक्ष महेन्द्र यादव पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे।

थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। कई लोग घायल हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मीपुर भेजकर गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। गांव में पुलिसकर्मी गश्त कर रहे हैं।

# कोचिंग पढ़ने जा रहे छात्र पर हमला, चार के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, नौतनवा** : कोचिंग पढ़ने जा रहे छात्र को कुछ लोगों ने रास्ते में रोक कर लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस व स्वजन के पहुंचने से पहले ही आरोपित फरार हो गए। घायल छात्र का निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

नौतनवा नगर पालिका महेंद्र नगर के रहने वाले धीरज बहादुर थापा ने नौतनवा थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा समीर थापा स्कूटी से उस्मान नगर वार्ड में कोचिंग पढ़ने जा रहा था। नवीन मंडी समिति के समीप चार लोग उसे रोककर अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडे से पीटने लगे। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया और पुलिस को सूचना दी। किशोर के शरीर में जगह-जगह चोट के निशान हैं।

चौकी प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि धीरज थापा की तहरीर पर आरोपित साजिद, साहिल, आलोक व शिवा निवासी नौतनवा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## पति पर दूसरी शादी करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**जासं, श्यामदेउरवा** : क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोभवल में रहने वाली उर्मिला देवी ने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति बबलू, सास ज्ञानमती, ससुर रामबहाल, ननद सोना, सुनरा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। उर्मिला ने बताया कि 23 वर्ष पूर्व उनकी शादी बबलू से हुई हुई थी। वह मायके में ही रहती हैं। इंस्पेक्टर रामाज्ञा सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 01-03-2023

# पांच जोड़ों को महिला थाना की पहल पर किया एक

**बस्ती (एसएनबी)।** महिला थाना द्वारा अलग रह रहे पति-पत्नी के 5 जोड़ों को मिलाकर हंसी-खुशी विदा किया गया।

प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय पुलिस टीम द्वारा पति-पत्नी के 7 जोड़ों को जोकि पारिवारिक कलह की बात को लेकर व आपसी मन-मुटाव के कारण विगत कुछ वर्षो से एक-दुसरे से अलग रह रहे थे, कि काउंसलिंग कर काफी समझा-बुझाकर उनके मध्य उत्पन्न मन-मुटाव/गलत फहमियों को दूर किया गया एवं पति-पत्नी के सभी 7 जोड़ों के परिवार को एक साथ रहने की बात पर राजी कर उनको हंसी-खुशी विदा किया गया। पुलिस टीम का विवरण प्रभारी निरीक्षक महिला थाना भाग्यवती पांडेय , महिला हेड का.शीला कन्नौजिया,विजयलक्ष्मी चौहान महिला थाना जनपद बस्ती शामिल रहे।

# क्षेत्राधिकारी ने किया लालगंज थाने का निरीक्षण

**बस्ती (एसएनबी)।** क्षेत्राधिकारी रुधौली प्रीति खरवार द्वारा थाना लालगंज का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संपत्ति रजिस्टर, सरकारी संपत्ति, अस्त्र शास्त्र ,गोला बारूद एवं माल मुकदमा ,माल लावारिस तथा अन्य संबंधित माल का गहनता से निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान थाने का भवन बैरक मेस, थाना परिसर की साफ-सफाई, कार्यालय की साफ-सफाई माल खाना की साफ सफाई देखी गयी। सफाई संतोषजनक पाई गई । रजिस्टर का रख रखाव संतोषजनक पाया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का अवलोकन किया गया । थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि अभिलेखों को अद्यावधिक करा ले। ग्राम चौकीदारो की मीटिंग की गई तथा उन्हें उनके कर्तव्यों के बारे अवगत कराया गया एवं उनकी समस्याओं की जानकारी ली । आगामी त्योहार होली, शब ए बारात त्योहार के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अंत में थाना स्थानीय पर नियुक्त उपनिरीक्षक गण की मीटिंग की गई तथा विवेचनाओ व जांच प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बीट प्रणाली को मजबूत बनाने, बीपीओ को बीट क्षेत्र में जाकर विवाद का चिन्हाकन करने, सक्रिय अपराधियों , दुराचारियो की निगरानी करने व बीट सूचना अंकित कराकर निरोधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष महेश सिह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक, राम भवन,राजेश कुमार प्रभारी चौकी महदेवा,चंद्रकांत पांडेय, प्रभारी चौकी रखौना,सूर्यभान यादव, प्रभारी चौकी महसो, उपनिरीक्षक रामचरण, उपनिरीक्षक महेन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।



बस्ती : लालगंज थाने में असलहे का निरीक्षण करती सीओ प्रीती खरवार। फोटो : एसएनबी

# मानदेय को लेकर धरने पर सफाईकर्मी

**रुधौली (एसएनबी)।** नगर पंचायत रुधौली के सफाई कर्मियों ने तीन महीने के बकाया मानदेय को लेकर मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंचे अधिशासी अधिकारी अवनीश सिंह ने जब होली के पहले बकाया मानदेय के भुगतान का आश्वासन दिया तब जाकर सफाई कर्मी धरना समाप्त कर वापस अपने काम पर लौटे।

रुधौली नगर पंचायत कार्यालय पर लगभग सौ संविदा सफाई कर्मी तैनात हैं। जिनका लगभग तीन महीने का मानदेय नगर पंचायत की ओर से नहीं जारी किया गया है। धरने पर बैठे सफाई कर्मियों ने बताया कि लगातार तीन महीने का मानदेय न मिलने से उनके परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है। बकाया मानदेय को लेकर मजबूरी में उन्हें धरने पर बैठना पड़ा। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अवनीश सिंह का कहना है कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं के चलते नगर पंचायत के कर्मियो के मानदेय सहित अन्य खर्चे नहीं जा रही हो पा रही थी। होली के पूर्व सभी कर्मचारियों के मानदेय जारी कर दिए जाएंगे। इस मौके पर शकुन्तला,माया,अरविन्द पाण्डेय, देवी, उर्मिला,ऊषा,दिलीप,राम मिलन, नबी हुसैन,सतीश,लाल कुवँर, श्यामू, मेवालाल, रामपाल, मेवालाल, रामचन्द्र, कैलाशनाथ, नीतीश कुमार, नीरज कुमार, गौरीशंकर, ओमकार सहित लोग मौजूद रहे।



बस्ती : धरना देते सफाई कर्मी। फोटो : एसएनबी

# प्रधानों, धर्म गुरुओं व डीजेधारकों के साथ बैठक

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव के दिशा निर्देश पर एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी के दिशा निर्देश के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी रुधौली की अध्यक्षता में आगामी होली शब ए बारात त्यौहार के संबंध में चौकी कुदरहा थाना लालगंज पर पीस कमेटी के पदाधिकारियों ग्राम प्रधानों धर्मगुरुओं डीजे धारकों के साथ बैठक की गयी।

गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा उच्च स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशों से सभी को अवगत कराया गया तथा त्यौहार को लेकर समस्या के बारे में पदाधिकारियों से बात की गई। किसी द्वारा कोई भी समस्या नहीं बताई गई। सभी को परम्परागत तरीके से त्यौहार को मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष महेश सिंह द्वारा बताया गया कि जहां होलिका जलाई जाती है। वही जलाई जाए । इस संबंध में गांव के नवयुवकों को जो होलिका दहन में सम्मिलित रहते हैंको अवगत कराने का अनुरोध पदाधिकारियों से किया गया। यह भी बताया गया कि त्योहारों के अवसर पर जिसके द्वारा कानून व्यवस्था को दूषित किए जाने का प्रयास किया जाएगा। उसके विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही दृढ़ता के साथ की जाएगी । गोष्ठी के दौरान चौकी क्षेत्र के ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, सजरुदीन , इन्द्र कुमार, जय सिह, श्यामवीर सहित अन्य सभी गणमान्य पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। पुलिस विभाग से प्रभारी चौकी अरविंद कुमार यादव, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम भवन प्रजापति, हेड कांस्टेबिल अशोक कुमार , हेड कांस्टेबिल सुभाष, कांस्टेबिल हनुमान यादव, कांस्टेबिल रजनीश यादव, कांस्टेबिल प्रशांत आदि मौजूद रहे।



# महिला विभूतियां सम्मानित, साझा किया अनुभव

**बस्ती (एसएनबी)।** महिला दिवस सप्ताह के अन्तर्गत डिजिटल संसाधन के जरिए लैंगिक समानता को लेकर विश्व युवक केंद्र व युवा विकास समिति द्वारा बस्ती में परिचर्चा और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका विषय डिजिटल लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी रहा।

इस कार्यक्रम में जहाँ उपस्थित लोगों नें लैंगिक समानता को लेकर आपसी समझ बनाई। वहीं ऐसे लोगों को सम्मानित भी किया गया जो लैंगिक समानता के क्षेत्र में अपना किसी न किसी रूप में योगदान दे रहें हैं। इस मौके पर मुख्य अतिथि डा. शशि पाण्डेय. असिस्टेंट कमिश्नर फूड ने कहा कि मैं नारीवादी महिला ही नहीं, मैं नारीवादी पुरुष भी चाहती हूँ, क्योंकि यह सोच, कोई जिस्मानी सोच नहीं है। नारीवाद से हमारा मतलब है समानता और सिर्फ समानता। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रोशनी श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं और लड़कियों की स्मार्टफोन तक पहुंच बढ़ी है। रुधौली क्षेत्राधिकारी प्रीती खरवार नें कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकियों के स्वामित्व और उपयोग में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को बढ़ाने की पर्याप्त क्षमता है।




बस्ती : महिलाओं को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : एसएनबी

# अफवाहों पर ध्यान न देकर भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार : एसडीएम

**हर्रैया(एसएनबी)।** त्यौहार के दौरान फैलने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें। घटना की आशंका होने पर तत्काल अधिकारियों को सूचित करें। सभी सामुदाय के लोग अपना-अपना त्यौहार परम्परागत रूप से भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए। उपजिलाधिकारी गुलाब चन्द ने उक्त बातें कही।

उपजिलाधिकारी मंगलवार को थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि त्यौहार एकता एवं अखण्डता का प्रतीक है। सौहार्द कायम रहे यह देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इसलिए हुडदंग से बचें और मिल-जुल कर त्यौहार मनाएं। पुलिस क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय ने कहा कि होलिक दहन एवं शब ए बरात एक ही दिन है। इसलिए दोनो सामुदाय के लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होने कहा कि जो रंग खेलना चाहे उसी को लगाएं। जबरदस्ती न करें। त्यौहार के आड में तमाम आराजक तत्व माहौल बिगाडने की फिराक में रहते है। ऐसे में हमें चौकन्ना रहना होगा। पुलिस के साथ-साथ सभी लोग आराजक तत्वों पर निगाह रखें। किसी भी अनहोनी की आशंका होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करे। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में 185 होलिका दहन होना है। त्यौहार में माहौल न बिगडे इसके लिए प्रत्येक नागरिक खुद को पुलिस का जवान समझे और जिम्मेदारियों का निर्वहन करे। थाना क्षेत्र गंगा जमुनी तहजीव के लिए जाना जाता है। इसे कायम रखना होगा। यही हमारी धरोहर है। उन्होने कहा कि सभी बीपीओ एवं हल्का दरोगा अपना मोबाइल नंबर जनता के बीच शेयर करें जिससे समय रहते सूचना मिल सके और घटना को रोका जा सके। उन्होने कहा कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सभी जन प्रतिनिधि अपने गांव में सीसीटीवी कैमरा लगवाएं जिससे घटना होने पर उसका खुलासा तत्काल किया जा सके। साथ ही समर्थवान लोग भी अपने घरों पर कैमरा लगवाएं। समय के साथ अपने आप को बदलते हुए नई तकनीकि का प्रयोग करें। थानाध्यक्ष ने आए हुए लोगो से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को यातायात के प्रति जागरूक करें। अधिशासी अधिकारी संजय राव ने कहा कि त्यौहार हमें एक दूसरे से जोडने का काम करते है। पुरानी बातों को भुलाकर त्यौहार के समय नई शुरूवात करें जिससे भाईचारा कायम रहे। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरपति त्रिपाठी, उपनिरीक्षक चन्द्रकांत यादव, मनोज कुमार दुबे, रामदरश यादव, छांगुर प्रसाद, क्षीतेश्वर, प्रधान अर्जुन सिंह, सभासद नमन कुमार सिंह, पूर्व सभासद झिनकान सोनकर, मो. यूनुस, अनिल तिवारी, मो. इमरान, राजमणि चौधरी, आलोक यादव, शिवकुमार, हरिशचन्द्र चौहान, मिठाईलाल, अजय कन्नौजिया, सुरेन्द्र कुमार गौतम, सीताराम यादव, अनूप कुमार, त्रयंकेश्वर शुक्ल, पंकज पाण्डेय, रामकेवल, सौरभ वर्मा, परशुराम सिंह, मनोज सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



बैठक करते प्रशासन व पुलिस के अधिकारी। फोटो : एसएनबी

# गुमशुदा गुड़ व्यवसायी को लालगंज पुलिस ने किया बरामद

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक अशीष कुमार श्रीवास्तव, के आदेश व एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी के दिशा निर्देश पर प्रीती खरवार, क्षेत्राधिकारी रुधौली के कुशल पर्यवेक्षण व महेश सिह थानाध्यक्ष लालगज के कुशल नेतृत्व में रहस्यमयी ढंग से रहमतुल्ला पुत्र अब्दुल रऊफ साकिन भुवनी थाना लालगंज बस्ती गायब हो गया था ।

पुलिस नेबताया कि गत रात्रि में कप्तानगंज हाईवे के पास से बरामद कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान गुड़ व्यापारी रहमतुल्ला पुत्र अब्दुल रऊफ द्वारा बताया गया कि मैंने अपने गांव आस-पास के लोगों से नगद व गन्ना अपने क्रेसर हेतु 1000000 के आसपास उधार ले लिया था। सभी द्वारा मांगा जा रहा था मैं परेशान हो गया था। मेरे पास कोई देने का हिसाब नहीं बन पा रहा था। इसलिए मैं घर से यह बताकर की एयरपोर्ट जा रहा हूं किसी को ले आना है। अपनी स्कर्पियो को लेकर घर से निकल गया और टेनिया चौराहा जिला संतकबीर नगर पहुंचा । टेनिया चौराहा पर चार-पांच घंटा रहा। जिनका मैं उधार लिया था उनका बार-बार फोन आ रहा था और घर वाले भी पूछ रहे थे की कहां है। मैं काफी घबराहट में था कि पैसा कहां से दूंगा। घर वालों को बता दिया कि मैं लखनऊ में हूं। शाम तक आ जाऊंगा और अपना मोबाइल मय सीम तोड़कर फेंक दिया। फिर वहां से शाम को निकल कर फुटहिया आया और अपनी स्कर्पियो वहां खडा करके कानपुर बस से चला गया । कानपुर शहर, रेलवे स्टेशन ,ढाबा पर बीच का समय बिताया । मैं एकदम घबरा गया था पैसा भी समाप्त हो रहा था तो मैं बस पकड़कर कप्तानगंज आया और वही उत्तर करके एक ठेला वाले से कहां कि मेरे लड़के सरफराज के नम्बर पर फोन लगा दो । फोन मुझे नहीं याद आ रहा था किसी तरह से याद आने पर फोन से लड़के से बात हुई तो वह पुलिस को सूचना दिया और मुझे लाया गया। मुझे किसी द्वारा अपहृत या अन्य कोई शारीरिक ,मानसिक आर्थिक नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। मैं केवल उधार का पैसा जो करीब 10,00000 के आस-पास है, न देना पड़े इसीलिए घर से भाग गया था ।

गुमशुदा गुड रहमतुल्ला पुत्र अब्दुल रउफ को उसके लड़के सरफराज को सिपुर्द नियमानुसार किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सूर्यभान यादव प्रभारी चौकी महसो, हेड का.विजय कुमार.का.उधम सिंह,का.ऋषि कपूर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अभियुक्त को भेजा जेल

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना मुन्डेरवा पुलिस व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थाना मुंडेरवा पुलिस टीम व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में थाना मुन्डेरवा जनपद बस्ती पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 22/2023 धारा 457/380/ 411 भादवि व मुकदमा अपराध संख्या 48/2023 धारा 457, 380, 411 भादवि से सम्बंधित वांछित अभियुक्त राजकुमार पुत्र शिवमूरत को गोदमवा मोड़ से 100 मीटर आगे बस्ती की तरफ से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण राजकुमार पुत्र शिवमूरत निवासी ग्राम असरफपुर थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर है। गिरफ्तार अभियुक्त का लम्बा आपराधिक इतिहास भी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेश चन्द थाना मुण्डेरवा,प्रभारी स्वाट टीम एसआई उमाशंकर त्रिपाठी आदि रहे।

# अपनी मांगों को लेकर गरजे लेखपाल

हर्रैया। हर्रैया तहसील पर मंगलवार को लेखपाल संघ अध्यक्ष कृष्ण मोहन पटेल की अध्यक्षता में लेखपालों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। एसडीएम को पत्रक सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। धरना देने वालों में दुर्गेश द्विवेदी, ऊषा चौधरी, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, भूपेन्द्र दूबे, रविन्द्र यादव सहित अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

### हरिगांव में सोमवार को सीएससी संचालक से लूट की कोशिश में मारी थी गोली

# गोली मारने का आरोपी मुठभेड़ में हुआ गिरफ्तार

**कामयाबी**

परसरामपुर/ सिकंदरपुर (बस्ती)। परसरामपुर थाने के हरिगांव स्थित सीएससी के संचालक से लूट में नाकाम रहने पर गोली मारने के आरोपी को मंगलवार की भोर करीब साढ़े चार बजे हुई मुठभेड़ में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। धेनुगांवा पंचमुखी चौराहे के पास हुई मुठभेड़ के दौरान बदमाश शिवम सिंह उर्फ प्रियांशु सिंह निवासी पड़री बाबू थाना परसरामपुर के दाहिने पैर में गोली लगी है, जबकि सिपाही विजय कुमार के दाहिने हाथ में गोली लगी। दोनों को इलाज के लिए पुलिस टीम सीएचसी परसरामपुर ले गई, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जिला अस्पताल पहुंचे एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए बदमाश ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। साथ ही उसने अपने दूसरे साथी का भी नाम बताया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही हैं। बदमाश के कब्जे से 32 बोर की पिस्टल व कारतूस बरामद किया गया है। दोनों घायलों को सीएचसी परसरामपुर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसपी ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश व सिपाही दोनों खतरे से बाहर हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम गिरफ्तार करन परसरामपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर यादव, एसएसआई श्याम मोहन ,कां शिव , धनंजय , सिकंदरपुर चौकी इंचार्ज उमेश चंद्र , विजय यादव, देवेन्द्र , एसओजी टीम के प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह कां अनंत , अभिषेक यादव शामिल रहे।



मुठभेड़ के बाद जिला अस्पताल में भर्ती घायल आरोपी से पूछताछ करते एसपी आशीष श्रीवास्तव। ● हिन्दुस्तान

### शिवपाल सिंह हत्याकांड का आरोपी है शिवम

सीएससी संचालक को गोली मारकर लूट के प्रयास का आरोपी शिवम सिंह हत्याकांड में भी नामजद है। चार दिसंबर 2019 को परसरामपुर थाना क्षेत्र के पड़री बाबू गांव निवासी पूर्व बीडीसी सदस्य शिवपाल सिंह की गोली मारकर उस वक्त हत्या कर दी गई थी, जब वह सब्जी खरीदने गए थे। वारदात में मृतक के बेटे की तहरीर पर गांव के राजेश सिंह (शिवम का पिता), राजन सिंह व शिवम सिंह व अन्य के खिलाफ अभियोग पंजीकृत हुआ था। घटना की वजह पुरानी रंजिश बताई गई थी।

**32** बोर की पिस्टल और कारतूस बरामद

### कैश न देने पर मार दी थी गोली

हरिगांव निवासी वीरेन्द्र राजभर अपने गांव के बाजार में वीरेन्द्र कुमार कम्प्यूटर एवं सीएससी केन्द्र नाम से दुकान चलाता है। सोमवार को अपने केन्द्र पर बैठे थे। दिन में करीब ढाई बजे एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश आए। उन लोगों ने खाते से रुपये निकालने को कहा। वीरेंद्र के अनुसार वह जैसे ही अपने सिस्टम पर जाने लगा तो एक बदमाश ने असलहा सटा दिया । पैसे निकालकर देने के बजाय वीरेंद्र ने चाबी का गुच्छा ही बदमाश को थमा दिया था।चाबी वापस देकर वीरेंद्र से लॉकर खोलकर पैसे निकालने को कहा। पड़ोस के दुकानदार अवधेश पांडेय को भनक लग गई और वह वीरेंद्र के ग्राहक सेवा केन्द्र की तरफ बढ़ने लगे। अपने को घिरते देख बदमाशों ने वीरेंद्र के दाहिने पैर में गोली मार दी।


राष्ट्रीय प्रौद्यो
एम.सी.ए. (M
प्रवेश–परीक्षा : निमसे
समन्वयक संस्थान : राष्ट्रीय

देश के 9 प्रतिभागी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी सं
"NIMCET" प्रवेश–परीक्षा के माध्यम से लिया ज
विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट (स्थानन) बी.टेक
NIMCET-2023 के विस्तृत जानकारी, प्रवेश परी
आधिकारिक वेबसाइट https://www-nimce
अनुसूचित जाति / जनजाति / दिव्यांग के लिए
पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मी
ऑनलाइन आवेदन दिनांक 5 मार्च 2023 से 10 अ

प्रवेश–परीक्षा का दिनां

# संतकबीरनगर का वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी चोरी की दो वारदातों में तलाश थी। थाना प्रभारी अरविंद कुमार शाही ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बस्ती-कांटे मार्ग पर गोदमवा मोड़ से आरोपी राजकुमार निवासी असरफपुर थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार किया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि शातिर राजकुमार के खिलाफ बस्ती और संतकबीरनगर में 14 मुकदमे दर्ज हैं। बस्ती के मुंडेरवा, कप्तानगंज, छावनी व पुरानी बस्ती में उसके खिलाफ चोरी व अन्य धाराओं में केस दर्ज हैं। संतकबीरनगर के दुधारा, धनघटा और खलीलाबाद कोतवाली में कई मुकदमे दर्ज हैं। मुंडेरवा पुलिस चोरी की दो वारदातों में उसकी तलाश थी। संवाद

# पंचायत उपचुनाव कराने आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

बस्ती, निसं। त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में मतदान के लिये बुधवार को छह पोलिंग पार्टियां बूथों के लिये रवाना होंगी। परसरामपुर के हैदराबाद गांव में प्रधान के एक मात्र पद पर हो रहे चुनाव के लिए कुल तीन हजार 99 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए चार पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।

हैदराबाद में दस उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। दो मार्च को मतदान व चार मार्च को ब्लाकों पर मतगणना होगी, जबकि दुबौलिया के चकोही में वार्ड सदस्य के लिये दो बूथ बनाये गये हैं, यहां पर दो प्रत्याशियों की तकदीर का फैसला 201 मतदाता करेंगे।

**हैदराबाद के ग्रामप्रधान पद के लिये आज कोर्ट में है सुनवायी:** बस्ती। परसरामपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत हैदराबाद में पूर्व में एसडीएम हर्रैया की कोर्ट ने अवैध घोषित कर दिया गया था तभी से यहां प्रधान का पद रिक्त चल रहा है।

# जमीन पर उतरा निवेश का करार, शहर में खुला हॉलमार्किंग सेंटर

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT

बस्ती, निज संवाददाता। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट बस्ती में परवान चढ़ने लगा है। समिट के तहत हुए एमओयू साइन का असर धरातल पर दिखने लगा है। आगाज बस्ती में मंडल का पहला हॉलमार्किंग सेंटर खुलने के साथ हुआ है। दो करोड़ की लागत से बने इस सेंटर का मंगलवार की शाम डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष श्रीवास्तव और सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने फीता काटकर किया। उद्घाटन करते हुए डीएम ने कहा कि इन्वेस्टर



पुरानी बस्ती के मंगल बाजार में हॉलमार्किंग सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ करती डीएम व अन्य अधिकारी। • हिन्दुस्तान

समिट के पहले उद्यम का शुभारंभ करते हुए उन्हें खुशी हो रही है। उन्होंने स्वर्ण व्यवसायियों से अपील किया कि आभूषण पर एचयूआईडी हॉलमार्क कराकर ही बिक्री करें। इसका सीधा लाभ जनपद के ग्राहकों को मिलेगा। वह सोने के गहने खरीदने में ठगी का शिकार होने से बच जाएंगे। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि बस्ती जनपद के लिए यह बड़ा तोहफा है। स्वर्ण व्यवसायियों से अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने तथा सीसीटीवी कैमरा लगवाने का अनुरोध किया। सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि बस्ती के लोगों को भारतीय मानक ब्यूरो के गाइडलाइन के अनुसार स्वर्ण आभूषण प्राप्त हो सकेगा। ग्राहकों की भी जिम्मेदारी है कि हॉलमार्क देख कर के ही शुद्ध सोना का आभूषण ले ताकि कोई धोखा ना हो सके। राजा ऐश्वर्या राज सिंह ने कहा कि इन्वेस्टर समिट का धरातल पर उतरना बड़ी उपलब्धि है। पुरानी बस्ती क्षेत्र में खुल रहे इस सेंटर से काफी लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। कार्यक्रम के अंत में रामकृष्ण सोनी ने आये हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वर्ण व्यवसाई संघ के अध्यक्ष कुंदन लाल वर्मा, विश्वनाथ वर्मा, हरि मोहन सोनी, रमजान अली, अब्दुल अजीज, प्रमोद गुप्ता, सचिन तामखड़े, प्रकाश जाधव, बबलु, अंकुश पाटिल, बाला जी माने, तानाजी, गणेश, अब्दुल रहमान, प्रशांत, राकेश सोनी, विनोद, इमरान अली, चंद्रभान यादव, किसान, कोमल, आंशिका, सुधा, वंदना सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### बस्ती में 191 उद्यमियों ने किया एमओयू पर साइन

बस्ती के 191 उद्यमियों ने पिछले दिनों बस्ती और लखनऊ में हुए एमओयू पर साइन किया है। इसमें कुल 13681 करोड़ के उद्यम लगने का प्राविधान किया है। प्रमुख उद्योगों में डिस्टलरी, एथेनॉल निर्माण, होटल, हाउसिंग योजना व अन्य बड़े प्रोजेक्ट हैं। उद्योग विभाग की मानें तो मार्च माह में डिस्टलरी व एथेनॉल प्लांट का शुभारंभ हो जाएगा।

**02** करोड़ की लागत से बना है हॉलमार्किंग सेंटर

### 20 को मिला रोजगार

महाराष्ट्र के व्यापारी आनंद पाटिल ने जिले में हॉलमार्किंग सेंटर खोला है। इस प्रोजेक्ट में दो करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इस सेंटर से खुलने से 20 लोगों को रोजगार मिल गया है। मंडल के 700 सर्राफा व्यापारियों को इस सेंटर से लाभ होगा। उन्हें हॉलमार्किंग के लिए अब दूसरे जिले में नहीं जाना पड़ेगा।

# विद्यालय में छात्र की मौत पर आयोग ने मांगी आख्या

## आश्रम पद्धति

बस्ती, निज संवाददाता। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय जोगिया भानपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई किशोर की मौत का मामला राज्य बाल अधिकारी संरक्षण आयोग लखनऊ ने स्वतः संज्ञान में लिया है। आयोग की सदस्य ने डीएम बस्ती से प्रकरण में आख्या मांगा है।

राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय जोगिया भानपुर में 18 फरवरी की शाम संतकबीरनगर जिले के लहुरादेवा जगदीशपुर निवासी कक्षा आठ के छात्र कृष्णा (14) पुत्र संजय तिवारी का शव फंदे से झूलता मिला था। 21 फरवरी को प्रभारी प्रधानाचार्य प्रमोद और छात्रावास सहायिका सुलेखा सिंह को निलंबित कर दिया गया है। 22 फरवरी को समाज कल्याण विभाग के निर्देश विद्यालय में कार्यरत हिन्दी के शिक्षक सूर्यनाथ मिश्र को कार्यवाहक प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी सौंप दी गई थी। घटना को स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य बाल संरक्षण अधिकारी आयोग की सदस्य अनीता अग्रवाल ने डीएम बस्ती को पत्र लिखा है। संरक्षण आयोग सदस्य ने विद्यालय में हुए किशोर की मृत्यु पर अपडेट आख्या मांगा है। आयोग सदस्य ने इस पत्र को एसपी बस्ती, डीआईओएस बस्ती और जिला समाज कल्याण अधिकारी को भी भेजा है।

## हरिगांव में सोमवार को सीएससी संचालक से लूट की कोशिश में मारी थी गोली

# गोली मारने का आरोपी मुठभेड़ में हुआ गिरफ्तार

**कामयाबी**

परसरामपुर/ सिकंदरपुर (बस्ती)। परसरामपुर थाने के हरिगांव स्थित सीएससी के संचालक से लूट में नाकाम रहने पर गोली मारने के आरोपी को मंगलवार की भोर करीब साढ़े चार बजे हुई मुठभेड़ में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। धेनुगांवा पंचमुखी चौराहे के पास हुई मुठभेड़ के दौरान बदमाश शिवम सिंह उर्फ प्रियांशु सिंह निवासी पड़री बाबू थाना परसरामपुर के दाहिने पैर में गोली लगी है, जबकि सिपाही विजय कुमार के दाहिने हाथ में गोली लगी। दोनों को इलाज के लिए पुलिस टीम सीएचसी परसरामपुर ले गई, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जिला अस्पताल पहुंचे एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए बदमाश ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। साथ ही उसने अपने दूसरे साथी का भी नाम बताया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही हैं। बदमाश के कब्जे से 32 बोर की पिस्टल व कारतूस बरामद किया गया है। दोनों घायलों को सीएचसी परसरामपुर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसपी ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश व सिपाही दोनों खतरे से बाहर हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम गिरफ्तार करन परसरामपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर यादव, एसएसआई श्याम मोहन ,कां शिव , धनंजय , सिकंदरपुर चौकी इंचार्ज उमेश चंद्र , विजय यादव, देवेन्द्र , एसओजी टीम के प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह कां अनंत , अभिषेक यादव शामिल रहे।



मुठभेड़ के बाद जिला अस्पताल में भर्ती घायल आरोपी से पूछताछ करते एसपी आशीष श्रीवास्तव। ● हिन्दुस्तान

### शिवपाल सिंह हत्याकांड का आरोपी है शिवम

सीएससी संचालक को गोली मारकर लूट के प्रयास का आरोपी शिवम सिंह हत्याकांड में भी नामजद है। चार दिसंबर 2019 को परसरामपुर थाना क्षेत्र के पड़री बाबू गांव निवासी पूर्व बीडीसी सदस्य शिवपाल सिंह की गोली मारकर उस वक्त हत्या कर दी गई थी, जब वह सब्जी खरीदने गए थे। वारदात में मृतक के बेटे की तहरीर पर गांव के राजेश सिंह (शिवम का पिता), राजन सिंह व शिवम सिंह व अन्य के खिलाफ अभियोग पंजीकृत हुआ था। घटना की वजह पुरानी रंजिश बताई गई थी।

**32** बोर की पिस्टल और कारतूस बरामद

### कैश न देने पर मार दी थी गोली

हरिगांव निवासी वीरेन्द्र राजभर अपने गांव के बाजार में वीरेन्द्र कुमार कम्प्यूटर एवं सीएससी केन्द्र नाम से दुकान चलाता है। सोमवार को अपने केन्द्र पर बैठे थे। दिन में करीब ढाई बजे एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश आए। उन लोगों ने खाते से रुपये निकालने को कहा। वीरेंद्र के अनुसार वह जैसे ही अपने सिस्टम पर जाने लगा तो एक बदमाश ने असलहा सटा दिया । पैसे निकालकर देने के बजाय वीरेंद्र ने चाबी का गुच्छा ही बदमाश को थमा दिया था।चाबी वापस देकर वीरेंद्र से लॉकर खोलकर पैसे निकालने को कहा। पड़ोस के दुकानदार अवधेश पांडेय को भनक लग गई और वह वीरेंद्र के ग्राहक सेवा केन्द्र की तरफ बढ़ने लगे। अपने को घिरते देख बदमाशों ने वीरेंद्र के दाहिने पैर में गोली मार दी।


राष्ट्रीय प्रौद्यो
एम.सी.ए. (M
प्रवेश–परीक्षा : निमसे
समन्वयक संस्थान : राष्ट्रीय
देश के 9 प्रतिभागी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्
"NIMCET" प्रवेश–परीक्षा के माध्यम से लिया ज
विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट (स्थानन) बी.टेक
NIMCET-2023 के विस्तृत जानकारी, प्रवेश परी
आधिकारिक वेबसाइट https://www-nimce
अनुसूचित जाति / जनजाति / दिव्यांग के लिए
पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मी
ऑनलाइन आवेदन दिनांक 5 मार्च 2023 से 10 अ
प्रवेश-परीक्षा का दिनांक


# सीएससी संचालक को गोली मारने वाला गिरफ्तार

## मुठभेड़ में आरोपित के पैर में लगी गोली, एक सिपाही भी घायल, घिरता देख आरोपित ने झोंक दिया फायर

**जासं, परशुरामपुर, बस्ती:** परशुरामपुर पुलिस, एसओजी, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम को मंगलवार को एक बड़ी सफलता मिली। भोर में 04.30 बजे थानाक्षेत्र के धनुगांवा-पंचमुखी चौराहा पर मुठभेड़ में सीएससी संचालक को गोली मारने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में आरोपित के दाहिने पैर में गोली लगी। जबकि एक सिपाही के दाहिने हाथ को गोली छूते हुए निकल गई। आरोपित की पहचान थानाक्षेत्र के पड़री गांव निवासी शिवम सिंह पुत्र राजेश सिंह के रूप में हुई।



पुलिस मुठभेड़ मे घायल बदमाश शिवम सिंह ●जागरण



परशुरामपुर थाना क्षेत्र के धनुगांवा पंचमुखी चौराहा पर पुलिस मुठभेड़ मे घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल ले जाती पुलिस ● सौ.विभाग

प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर रामेश्वर यादव ने बताया कि भोर में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट की नीयत से हरिगांव निवासी ग्राहक सेवा केंद्र संचालक वीरेंद्र कुमार राजभर पुत्र रामधीर को गोली मारने वाला आरोपित धेनुगांवा- पंचमुखी चौराहे की तरफ जा रहा है। परशुरामपुर पुलिस, एसओजी, स्वाट तथा सर्विलांस सेल की टीम ने घेरा बंदी कर ली। पुलिस से घिरता देख आरोपित ने फायर झोंक दिया। जिसमें एक गोली सिपाही विजय यादव के दाहिने हाथ को छूती हुई निकल गई। जवाबी फायरिंग में आरोपित के दाहिने पैर में गोली लगी। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से एक पिस्टल 32 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर, स्वाट टीम प्रभारी उमा शंकर त्रिपाठी, एसओजी प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह, सर्विलांस सेल प्रभारी शशिकांत, वरिष्ठ उप निरीक्षक श्याम मोहन त्रिपाठी, उप निरीक्षक उमेश चंद्र वर्मा, हेड कांस्टेबल सुधीर शर्मा, अनंत यादव, दिग्विजय सिंह, हेमंत सिंह, विनोद यादव, भगवानदास, सत्येंद्र कुमार, कांस्टेबल, धीरज यादव, अरविंद कुमार, रमेश चौहान, धर्मेंद्र कुमार, साजिद जमाल, अभिषेक सिंह, विजय यादव, देवेंद्र निषाद, शिव यादव, विंद्रेस साहनी व धनंजय चौधरी शामिल रहे।

### यह है घटना क्रम

परशुरामपुर थानाक्षेत्र के हरिगांव में सोमवार को दिन दहाड़े बदमाशों ने लूटने की कोशिश की। कैश काउंटर की चाबी न देने पर हरिगांव निवासी वीरेंद्र राजभर को गोली मार दी थी। गोली दाहिने पैर में लगी थी।

फायरिंग की आवाज सुनकर आस पास के लोगों को एकत्र होता देख बदमाश फायरिंग करते हुए भाग निकले थे। पुलिस ने दो अज्ञात युवकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उनकी तलाश में थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर मुठभेड़ में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया।

# अवैध कब्जा में दो पर जुर्माना सहित बेदखली का आदेश

**जासं, बांसी:** एसडीएम न्यायालय से नगर के दो कब्जेदारों के खिलाफ जुर्माना सहित बेदखली का आदेश पारित किया गया है। इस कार्रवाई के लिए एसडीएम न्यायालय ने तहसीलदार को नामित किया है। इस आदेश के बाद कई अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है।

नगर पालिका के राप्ती नगर वार्ड स्थित .001 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर दयाशंकर ने अपना मकान व दुकान बनाकर अर्से से निवास कर रहे हैं। शिकायत पर राजस्व कर्मियों द्वारा की गई पैमाइश पर अवैध कब्जा साबित हुआ, जिस पर एसडीएम न्यायालय से मंगलवार की शाम 10 हजार जुर्माना सहित बेदखली का आदेश पारित करते हुए तहसीलदार डा.संजीव दीक्षित को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। नगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को जाने वाले मार्ग पर सुरेश चंद्र शुक्ला ने .003 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कर मकान व दुकान बनवा लिया है।

**गायब नवविवाहिता गौर से बरामद : बभनान।** एक सप्ताह पहले नवाबगंज से गायब नवविवाहिता गौर में बरामद हुई। गौर पुलिस की सूचना पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने सुपुर्दगी में लिया। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक गौर बृजेंद्र पटेल ने बताया कि एक सप्ताह पहले नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक नवविवाहिता गायब हो गई थी। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट नवाबगंज थाने में दर्ज हुई थी।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा संतकबीरनगर का शातिर वांछित

**बस्ती, निज संवाददाता।** मुंडेरवा थाना पुलिस व स्वॉट टीम ने चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहे शातिर को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बस्ती-कांटे मार्ग पर मुंडेरवा थानांतर्गत गोदमवा मोड़ से आरोपी राजकुमार निवासी असरफपुर थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर लिया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि शातिर राजकुमार के खिलाफ बस्ती व संतकबीरनगर जनपद में कुल 14 मुकदमे दर्ज हैं। बस्ती के मुंडेरवा, कप्तानगंज, छावनी व पुरानी बस्ती में उसके खिलाफ चोरी व अन्य धाराओं में केस दर्ज हैं। संतकबीरनगर के दुधारा, धनघटा और खलीलाबाद कोतवाली में आधा दर्जन मुकदमे कायम हैं। मुंडेरवा पुलिस चोरी की दो घटनाओं में उसकी तलाश कर रही थी। गोदमवा मोड़ से हुई धरपकड़ में एसआई दिनेश चन्द, स्वॉट प्रभारी उमाशंकर त्रिपाठी, थाने के हेड कांस्टेबल हनुमान यादव, दयाराम यादव, सुधीर शर्मा और स्वॉट टीम के कांस्टेबल रमेश चौधरी, धीरज यादव, धर्मेन्द्र कुमार, अरविन्द यादव शामिल रहे।

# पानी के मोटर व हैंडपंप के साथ एक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, सोनहा, बस्ती:** सोनहा पुलिस ने चोरी के पानी का मोटर व हैंडपंप के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के मनौढी निवासी विक्रम पुत्र राम अजोर ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया था कि 25 फरवरी को उसका पानी का मोटर चोरी हो गया था, अगले दिन घर के सामने लगा हैंडपंप भी चोरी हो गया। आरोप लगाया कि उसके भाई ने चोरी की घटना को अंजाम देकर पानी का मोटर गांव के रामनरेश व हैंड पंप हैंडपंप पटखौली निवासी सागर को बेच दिया था। प्रभारी निरीक्षक सोनहा रवीन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध चोरी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने मंगलवार दिन में विजय कुमार को भानपुर रुधौली मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक पानी का मोटर व हैंडपंप बरामद हुआ है।

# अज्ञात बस चालक के विरुद्ध हादसे में मौत का केस

हर्रैया। क्षेत्र के फोरलेन पर रजौली गांव के सामने 25 दिसंबर को एक तीर्थ यात्री की सरकारी बस की चपेट में आने से इलाज के दौरान मौत हो गई थी। हर्रैया पुलिस ने दो माह बाद अज्ञात बस चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। मध्य प्रदेश के छतरपुर जनपद गहबरा गांव निवासी सुनील ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरे पिता स्व.स्वामीदीन सोनी चारों धाम की यात्रा के लिए 21 दिसंबर को रिजर्व बस से अयोध्या से गोरखपुर की तरफ निकले थे।

# चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

सल्टौआ। सोनहा पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के मनौढी गांव निवासी विक्रम ने अपने भाई के ऊपर आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी कि 25 फरवरी को उनका मोटर चोरी हो गया था। उसके दूसरे दिन 26 फरवरी को मेरे घर के सामने लगा हैंडपंप भी चोरी हो गया। इसके बारे में पता लगाया तो पता चला कि मेरे भाई विजय कुमार ने चोरी का मोटर व हैंडपंप दो लोगों को बेच दिया। इस बारे में पूछने पर अपशब्द कहते हुए धमकाया।

# आपसी रंजिश को लेकर मारपीट, मुकदमा

**बस्ती** : पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के दक्षिण दरवाजा निवासी मो.रफीक ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि आपसी रंजिश को लेकर विपक्षी ने उन्हें व उनके भाई को मारापीटा। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपित मो. नसीर, मो. जमील और गुलाम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आपत्तिजनक गाना बजाने का विरोध करने पर युवक की पिटाई

**जासं, दुबौलिया, बस्ती:** दुबौलिया थानाक्षेत्र के एक गांव में आई बारात में द्वारपूजा के समय डीजे पर आपत्तिजनक गाना बजाने का विरोध करना युवक को भारी पड़ गया। विरोध के दौरान लोगों ने युवक की जमकर पिटायी कर दिया। दुबौलिया पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

बरसांव दुबहिया गांव निवासी एक ब्यक्ति के घर नियामतपुर गांव से सोमवार की शाम बारात आई थी। रात करीब साढ़े दस बजे द्वारपूजा के समय डीजे पर तेज आवाज में आपत्तिजनक गाना बजाया जा रहा था। इसी बीच बरसांव दुबहिया गांव निवासी गंगोत्री धर उर्फ बिक्की दूबे ने आपत्तिजनक गाना बजाने से मना किया, जिस पर रामनगर निवासी विनोद, निदूरी खम्हैवा गांव निवासी रिसालत व कुछ अज्ञात ने उन्हें अपशब्द कहते हुए डंडा व लोहे के राड से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। दुबौलिया पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घायल को सीएचसी दुबौलिया भेजा। वहां चिकित्सक ने युवक की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश गौतम ने बताया की डीजे पर गाना बजाने को लेकर विवाद हुआ है, मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# पत्नी व बच्चों की पिटाई का आरोप, पति पर मुकदमा

**बस्ती:** नगर पुलिस ने पत्नी व बच्चों की पिटाई करने के आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। खजुरिया श्रीनेत गांव निवासी ज्ञानमती ने पुलिस को तहरीर का आरोप है कि उनके पति गंगाराम आए दिन उसे प्रताड़ित करते रहते हैं। 27 फरवरी को उन्हें व उनके बच्चों को भी मारा पीटा। अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की।

# नींव डालने से मना करने पर मारपीट, मुकदमा

**बस्ती :** वाल्टरगंज थाने के धवरपारा गांव की रहने वाली कपूरा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी जमीन पर विपक्षी जबरदस्ती नींव डाल रहे थे। मना किया तो अपशब्द कहते हुए मारापीटा और जान माल की धमकी दी। पुलिस ने लालबहादुर, पूनम और अंगुरा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# ईंट-पत्थर चलाकर मारापीटा, मुकदमा

**बस्ती:** रुधौली थाने के बांसखोर कला गांव निवासी आशा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने उन्हें अपशब्द कहा। ईंट-पत्थर चलाकर मारा पीटा व जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव की रीमा देवी, संजू देवी और अमरावती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# अज्ञात बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जासं, हरैया:** रजौली गांव के सामने 25 दिसंबर को एक तीर्थ यात्री की हाइवे पार करते समय सरकारी बस की चपेट में आने से हुई मौत के मामले में हरैया पुलिस ने दो माह बाद अज्ञात बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

मध्य प्रदेश के छतरपुर जनपद के गहबरा गांव निवासी सुनील पुत्र स्वामीदीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता स्वामीदीन सोनी चारों धाम की यात्रा के लिए 21 दिसंबर को बस से अयोध्या से गोरखपुर की तरफ निकले थे। 25 दिसंबर को हरैया थाना क्षेत्र के रजौली गांव के सामने स्थित मंदिर के पास बस यात्रियों के विश्राम व जलपान के लिए रुकी थी। तभी उसके पिता नित्यक्रिया के लिए हाईवे पार कर रहे थे, तभी बस्ती की तरफ से जा रही पडरौना डिपो की बस ने ठोकर मार दिया। जिससे वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय बस्ती पहुंचाया सुधार न होने पर लखनऊ में एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# प्रसव पूर्व जांच से मातृ मृत्यु पर रोक संभव

- अस्पतालों में हो रही जांच, विभाग चला रहा है कई योजनाएं
- चना, मूंग के साथ प्रतिदिन एक हरी सब्जी जरूर खाएं

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** अप्रैल 2022 से दिसंबर 2022 तक सरकारी अस्पताल में कुल 31297 गर्भवती का सुरक्षित प्रसव कराया जा चुका है, इसमें 2273 हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाएं रहीं। जिला मातृत्व स्वास्थ्य सलाहकार राजकुमार ने बताया कि स्टेट का मानक प्रति एक लाख प्रसव पर 167 मातृ मृत्यु है। जिले का यह मानक 137 है। एसीएमओ आरसीएच डा. एके मिश्रा ने बताया कि मौजूदा सत्र में कुल 25 मातृ मृत्यु की सूचना है।

भानपुर ब्लाक के तुलसीपुर गांव की रहने वाली साजदा खातून (29) का पहला बच्चा आपरेशन से निजी अस्पताल में हुआ था। दूसरी बार गर्भवती होने पर सीएचसी भानपुर में जांच कराई तो उन्हें हाईरिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) की श्रेणी में रखते हुए बताया गया कि दूसरे प्रसव में भी आपरेशन जरूरी हो सकता है। आशा कार्यकर्ता सुमन का कहना है कि प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी भानपुर ले जाकर दिखाया तो प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. सचिन ने बताया कि सीएचसी में आपरेशन हो जाएगा। 27 जनवरी 2023 को सफल आपरेशन हुआ।

**प्रसव के दौरान होने वाली मौत की होती है समीक्षा:** सीएमओ डा.आरपी मिश्र ने बताया कि प्रसव पूर्व आवश्यक जांच नियत समय पर कराकर मातृ मृत्यु को कम किया जा सकता है। प्रसूता की प्रत्येक मौत की आॅडिट कर समीक्षा की जाती है। समीक्षा में जो कमियां पाई जाती हैं, उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाता है। 15-49 साल तक की प्रत्येक महिला की प्रसव के दौरान, प्रसव के 42 दिन के अंदर व गर्भावस्था के दौरान मौत होने पर मृत्यु की आॅडिट कराई जाती है। रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार कराया जा रहा है।

**नियमित जांच के साथ खान-पान पर रखें विशेष ध्यान:** जिला महिला अस्पताल के महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. एसके मौर्या ने बताया कि गर्भधारण के साथ ही नियमित रूप से जांच कराएं तथा टीकाकरण कराकर दवा लेती रहें। अस्पताल से आॅयरन व कैल्शियम की जो गोली दी जा रही है, उसका सेवन जरूर करें।

चना, मूंग के साथ प्रतिदिन एक हरी सब्जी जरूर खाएं। नियमित जांच से हाईरिस्क की पहचान आसानी से हो जाती है। दिक्कत होने पर अस्पताल में दिखाएं व गंदा कपड़ा न इस्तेमाल करें, इससे इंफेक्शन का खतरा रहता है। बीपी आदि की समस्या है तो हायर सेंटर पर ही प्रसव कराएं।

**पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान में हो रही मानिटरिंग:** डीपीएम एनएचएम राकेश पांडेय ने बताया कि प्रत्येक माह की नौ तारीख को ब्लाक व जिला स्तरीय अस्पताल तथा प्रत्येक 24 तारीख को चार एफआरयू हर्रैया, रुधौली, भानपुर व महिला अस्पताल में पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन कर गर्भवती की विशेषज्ञ चिकित्सक से जांच कराई जा रही है। एचआरपी को चिन्हित किया जा रहा है।

# कप्तानगंज में मिले रहस्मय परिस्थिति में गायब व्यवसायी

**जासं, महादेवा, बस्तीः** लालगंज थानाक्षेत्र के भुवनी गांव निवासी गुड़ व्यवसायी रहमतुल्लाह को पुलिस ने बरामद कर लिया है। वह 11 फरवरी को रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया था। उसकी स्कार्पियों उसी दिन रात में कुआनो नदी के अमहट पुल के पास बरामद हुई।

गुड़ व्यवसायी ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने अपने गांव तथा आस-पास के लोगों से 10 लाख रुपये का गन्ना ले लिया था। उसका भुगतान न कर पाने की स्थिति में लोग उससे गन्ना मूल्य मांग रहे थे। उसकी आर्थिक स्थिति गड़बड़ थी, इस वजह से वह लोगों को रकम नहीं दे पा रहा था। लोग उसे लगातार फोन कर रहे थे। उसकी दिमागी उलझन बढ़ती जा रही थी। ऐसे में उसने सोचा कि वह कुछ दिन बाहर चला जाए।11 फरवरी को वह परिवार वालों को यह बताकर कि वह अपने एक परिचित को एयरपोर्ट लिवाने जा रहा है का बहाना कर अपने स्कार्पियो से निकल पड़ा। वह पहले संतकबीरनगर के टेनिया चौराहा पहुंचा, वहां चार-पांच घंटे रुका रहा। इस दौरान बार बार लोगों का फोन आ रहा था। लोग अपनी रकम मांग रहे थे। घर वाले भी पूछ रहे थे की वह कहां हैं। ऐसे में वह काफी घबरा गया और अपने मोबाइल का सिम तोड़कर फेंक दिया, फिर वहां से शाम को निकल कर अमहट घाट के पास आया। वहां वह अपनी स्कार्पियो खड़ा करके, बस से कानपुर चला गया। कानपुर में कुछ दिन बिताया। जब उसके पास रुपये नहीं बचे तो वह किसी तरह कानपुर से कप्तानगंज आया। वहीं बस से उतर कर एक ठेले वाले के पास पहुंचा और अपने बेटे सरफराज के नंबर पर फोन लगाने का अनुरोध किया। बात होने के बाद बेटे ने लालगंज पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह, सोनूपार चौकी प्रभारी सूर्यभान यादव और उनकी टीम ने सोमवार की रात 9.30 बजे कप्तानगंज पहुंचकर उसे बरामद कर लिया।

# सीसी कैमरे का फुटेज खंगाल रही पुलिस

**जासं, दुबौला, बस्ती:** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के दुबौला स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में चोरी का प्रयास करने वालों को पकड़ने के लिए पुलिस ने जाल बिछाना शुरू कर दिया है। सीसीटीवी फुटेज के साथ कई अन्य अहम सुराग पुलिस टीम के हाथ लगे है। ऐसे में माना जा रहा है कि पुलिस जल्द ही घटना में शामिल तक पहुंच जाएगी।

रविवार की रात भवन के पीछे की दीवाल में नकब लगाकर चोर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद चोरों ने सीसीटीवी और अलार्म को बंद कर दिया। चोर बैंक के भीतर लगे लाक को तोड़कर स्ट्रांग रूम तक पहुंच गए थे। काफी प्रयास के बाद भी वह कैश ले जाने में सफल नहीं हो पाए। सोमवार की सुबह जब गार्ड ने बैंक खोला तो नजारा देखकर अवाक रह गया। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, एसबीआइ के रीजनल मैनेजर रमेश उप्पल ने मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी ली। घटना के बाद से पुलिस और बैंक की तकनीकी टीमें लगातार काम कर रही हैं। उच्चाधिकारियों की जांच के बाद कैश मिलान कराया गया। इसके बाद यह स्पष्ट हुआ कि कैश नहीं गया है। दूसरी और घटना के पर्दाफाश में लगी पुलिस की टीमों को सीसीटीवी फुटेज सहित कई अन्य जरूरी साक्ष्य मिले है। जिनके सहारे चोरों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

- **रविवार की रात एसबीआइ दुबौला में नकब काटकर हुआ था चोरी का प्रयास**
- **मंगलवार को भी नहीं हुआ लेन देन, दिन भर मौजूद रही पुलिस और तकनीकी टीम**




बंद भारतीय स्टेट बैंक दुबौला शाखा ●जागरण

## बैंक बंद होने से उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

घटना के बाद से ही बैंक शाखा पूरी तरह से बंद चल रही हैं। बैंक कर्मी और पुलिस के अलावा अन्य सभी लोगों का आवागमन बंद कर दिया गया है। लगातार तो दिनों से बैंक बंद होने के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। लग्न का समय होने के कारण तमाम लोगों को पैसों के लेन देन की जरूरत है, लेकिन चोरी के प्रयास की घटना के बाद से ही बैंक में लेन देन बंद कर दिया गया है। तीन दशक पुरानी इस शाखा में बड़ी संख्या में किसानों और अन्य लोगों का खाता संचालित हो रहा है। ऐसे में लेन देन बंद होने से लोगों की परेशानी बढ़ी है।

घटना के पर्दाफाश के लिए टीमें लगी हैं। सीसीटीवी फुटेज के अलावा कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।
**विनय चौहान, सीओ, कलवारी**

# इन्वेस्टर्स समिट के पहले उद्यम का डीएम व एसपी ने किया शुभारंभ

**जासं, वस्ती**: उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत एमओयू साइन करने वाले सिद्धिविनायक हॉलमार्किंग सेंटर का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तथा पुलिस अधीक्षक आशीष ने शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इंवेस्टर्ससमिट के पहले उद्यम का शुभारंभ करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने स्वर्ण व्यवसायियों से अपील किया कि आभूषण पर एच यूआइडी हालमार्क कराकर ही बिक्री करें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बस्ती जनपद के लिए यह बड़ा तोहफा है। उन्होंने स्वर्ण व्यवसायियों से अपने अपने प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने तथा सीसीटीवी कैमरा लगवाने का अनुरोध किया। सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि बस्ती के लोगों को भारतीय मानक ब्यूरो के गाइडलाइन के अनुसार स्वर्ण आभूषण प्राप्त हो सकेगा। ग्राहकों की भी जिम्मेदारी है कि हॉलमार्क देख कर के ही शुद्ध सोना का आभूषण ले ताकि कोई धोखा ना हो सके।

**डीएम ने की आभूषण पर एच यूआइडी हालमार्क कराकर ही बिक्री करने की अपील पुलिस अधीक्षक ने कहा- बस्ती जनपद के लिए यह बड़ा तोहफा**

राजा ऐश्वर्या राज सिंह ने कहा कि इन्वेस्टर समिट का पूरा उद्घाटन पुरानी बस्ती में किया जा रहा है। इसे काफी लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

अंत मे रामकृष्ण सोनी ने आये हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वर्ण व्यवसायी संघ के अध्यक्ष कुंदन लाल वर्मा, विश्वनाथ वर्मा, हरि मोहन सोनी, रमजान अली, अब्दुल अजीज, प्रमोद गुप्ता, सचिन तामखड़े, प्रकाश जाधव, बबलू, अंकुश पाटिल, बाला जी माने, तानाजी, गणेश, अब्दुल रहमान, प्रशांत, राकेश सोनी, विनोद, हणमंत, इमरान अली, चंद्रभान यादव, किसन, कोमल, आंशिका, सुधा, वंदना सहित अन्य मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में मौत मामले में दो माह बाद बस चालक पर मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** फोरलेन पर हर्रैया थानांतर्गत रजौली गांव के सामने गत वर्ष 25 दिसंबर को एक तीर्थ यात्री की सड़क पार करते समय सरकारी बस की चपेट में आकर मौत हो गई थी।

इस मामले में दो माह बाद तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चालक पर केस दर्ज किया है। मध्य प्रदेश के छतरपुर जनपद गहबरा गांव निवासी सुनील ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पिता स्वामीदीन सोनी (65) चारों धाम की यात्रा के लिए 21 दिसंबर को रिजर्व बस से अयोध्या से गोरखपुर की तरफ निकले थे। 25 दिसंबर को हर्रैया थाना क्षेत्र के रजौली गांव के सामने स्थित मंदिर के पास बस यात्रियों के विश्राम व जलपान के लिए रुकी थी।

तभी सड़क पार करते वक्त बस ने ठोकर मार दी थी। इलाज के दौरान दो जनवरी को लखनऊ में उनकी मौत हो गई थी। संवाद

# बच्चों के विवाद को लेकर धमकाया गया

**बस्ती।** मुंडेरवा थाने में तहरीर देकर मदरा उर्फ बाघापार निवासी ठकुरा देवी ने आरोप लगाया है कि बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर विपक्षियों ने धमकियां दी हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हल्लौर निवासी बदरी, रामसिंह, गंगाराम, रामकरन व राकेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# नींव का जबरन निर्माण करने पर विवाद

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर धवरपारा निवासी कपूरा देवी ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन पर नींव का निर्माण करने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। निर्माण कार्य का विरोध किया गया तो उन्हें अपशब्द कहते हुए मारापीटा गया, और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने इस मामले में लालबहादुर, पूनम और अंगुरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि इस मामले को लेकर पूरी गंभीरता और सतर्कता बरती जा रही है। संवाद

# संतकबीरनगर का वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी चोरी की दो वारदातों में तलाश थी। थाना प्रभारी अरविंद कुमार शाही ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बस्ती-कांटे मार्ग पर गोदमवा मोड़ से आरोपी राजकुमार निवासी असरफपुर थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार किया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि शातिर राजकुमार के खिलाफ बस्ती और संतकबीरनगर में 14 मुकदमे दर्ज हैं। बस्ती के मुंडेरवा, कप्तानगंज, छावनी व पुरानी बस्ती में उसके खिलाफ चोरी व अन्य धाराओं में केस दर्ज हैं। संतकबीरनगर के दुधारा, धनघटा और खलीलाबाद कोतवाली में कई मुकदमे दर्ज हैं। मुंडेरवा पुलिस चोरी की दो वारदातों में उसकी तलाश थी। संवाद

# होलिका दहन, शब-ए-बरात मिलकर मनाए, लोगों को दें अमन चैन का पैगाम

## छह और सात मार्च को दहन को लेकर अफसरों में बना हैं असमंजस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** होलिका दहन और शब-ए-बरात साथ होने से पुलिस व प्रशासन की परेशानी बढ़ गई है। दोनों त्योहार सात मार्च को पड़ रहे हैं। इसे लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी ज्यादा तैयारी कर रहे हैं।

पुलिस का मानना है कि पंचांग के अनुसार अगर होलिका दहन छह मार्च को होता है तो शांति व्यवस्था बनाए रखने में ज्यादा आसानी होगी। मगर परंपरा के अनुसार रंगोत्सव से एक दिन पहले सात मार्च को होलिका दहन होने की स्थिति में संवेदनशीलता बढ़ जाएगी। पुलिस ने दोनों समुदाय के लोगों से अनुरोध किया है कि लोग शांति के साथ पर्व को मनाएं और समाज को अमनचैन का पैगाम दें।

रात में मुस्लिम समाज के लोग मजारों व कब्रिस्तानों को सजाने के साथ फातेहा पढ़ते हैं। ऐसे में को रात में शब-ए-बरात मनाया जाएगा। इसको लेकर पूरी रात चहल पहल बनी रहती है। वहीं, होलिका दहन के समय लोग हर्षोल्लास के साथ नाचते-गाते बाहर निकलते हैं।

### ज्योतिषाचार्य छह मार्च को होलिका दहन का मुहूर्त बता रहे हैं

होलिका दहन व शब-ए-बरात एक साथ होने पर सुरक्षा व शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन को ऐड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ सकता है।

इस बार होलिका दहन की तिथि को लेकर ज्योतिषाचार्यों का अलग-अलग मत है। कुछ ज्योतिषाचार्य छह मार्च को होलिका दहन का मुहूर्त बता रहे हैं, तो कुछ सात मार्च के दिन को शुभ बता रहे हैं। ऐसे में लोग अभी असमंजस में हैं कि उन्हें क्या करना है। उनकी यही दुविधा पुलिस प्रशासन की परेशानी का सबब बना हुआ है।

पुलिस प्रशासन चाहता है कि लोग छह मार्च को ही होलिका दहन कर लें। ऐसा करने से उनकी कानून व्यवस्था को लेकर दुविधा खत्म हो जाएगी। कारण यह कि सात मार्च

### *पुलिस प्रशासन दोनों स्थिति में तैयार*

*पुलिस प्रशासन दोनों स्थितियों में तैयार है। इसके लिए दो-तीन दिन पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी संवेदनशील स्थानों, होलिका दहन के स्थानों के अलावा दरगाह, मजार, कब्रिस्तानों की सूची तैयार की जा रही है। सभी जगह आवश्यक पुलिस बल और मजिस्ट्रेट तैनात किए जा रहे हैं। थानावार शांति-सुरक्षा समिति की बैठकें की जा रही हैं। संवेदनशील क्षेत्र का आकलन भी किया जा रहा है। दोनों संप्रदाय से अपील है कि वे सामाजिक सौहार्द कायम रखते हुए त्योहारों की गरिमा कायम रखने में सहयोग करें।*

***-आशीष श्रीवास्तव, एसपी***

# छावनी क्षेत्र के बैंकों और एटीएम सुरक्षा की हुई जांच

**बस्ती।** एसबीआई दुबौला शाखा में चोरी के प्रयास का मामला सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन चौकन्ना हो गया है। इस क्रम में मंगलवार को छावनी थानाक्षेत्र के विभिन्न बैंक शाखाओं और एटीएम बूथों की जांच की गई। यहां पहुंचे खातेदारों, कर्मचारियों व अन्य लोगों से पूछताछ भी की गई।

एसओ दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव के आदेश पर क्षेत्राधिकारी हर्रैया शेषमणि उपाध्याय के निकट पर्यवेक्षण में थाना छावनी क्षेत्र के सभी बैंकों को चेक किया गया। बैंकों में लगे सीसीटीवी व आसपास खड़े वाहनों को चेक किया गया। वहां संदिग्ध व्यक्तियों को रुकवा कर पूछताछ की गई। सही पाए जाने पर छोड़ा गया। सभी बैंकों के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि सावधानीपूर्वक व सतर्कता से ड्यूटी करें। संवाद

# लैंगिक समानता के लिए समाज को और जागरूक करने की है जरूरत

## महिला दिवस सप्ताह के तहत प्रेस क्लब में हुई गोष्ठी, डिजिटल माध्यमों से खुद को सशक्त बना सकती हैं महिलाएं

अपराजिता
100 MILLION SMILES

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** महिला दिवस सप्ताह के तहत प्रेस क्लब में मंगलवार को विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली और युवा विकास समिति की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें डिजिटल संसाधनों के जरिये लैंगिक समानता विषय पर गोष्ठी और समाज में बेहतर काम करने वालों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि खाद्य आयुक्त डॉ. शशि पांडेय ने कहा कि लैंगिक समानता के लिए समाज को अभी और जागरूक करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि नारीवाद का मतलब सिर्फ समानता के अधिकार से है। महिलाओं का समाज में प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है। विशिष्ट अतिथि आबकारी निरीक्षक डॉ. रेखा श्रीवास्तव ने कहा कि जिस परिवार में माता-पिता एक दूसरे से दुर्व्यवहार करते हैं, वहां कभी समानता नहीं आ सकती है। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रोशनी श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाएं और बेटियां डिजिटल माध्यमों के सहारे खुद को सशक्त बना रही हैं।



प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को किया गया सम्मानित। संवाद

सीओ रुधौली प्रीती खरवार ने कहा की डिजिटल तकनीकें लैंगिक समानता बढ़ाने में कारगर साबित हो रही हैं, लेकिन इनका उपयोग सावधानी से किया जाना चाहिए। डिजिटल तकनीकों के कारण साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। बाल कल्याण अधिकारी वीना सिंह ने कहा कि आधुनिक संचार माध्यमों का उपयोग महिलाएं अपने विचार अन्य तक पहुंचाने के लिए कर सकती हैं। महिला थानाध्यक्ष भाग्यवती पांडेय ने बताया कि आज महिलाएं जिस भी क्षेत्र में जाना चाहती हैं, आसानी से जा सकती हैं। डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय उनकी प्रमाणिकता जरूर जांच लें। अनीता यादव ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से उन्नति कर रही हैं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. संगीता यादव ने किया। कार्यक्रम में नारी सशक्तीकरण की दिशा में समाज में बेहतर काम करने वाली सन्नो दुबे, डॉ. ज्योति सिंह, श्वेता श्रीवास्तव, महावीर सिंह, अरुण कुमार, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, माधुरी, डॉ. लक्ष्मी सिंह, अर्चना श्रीवास्तव, केतकी आर्य, दीपा खंडेलवाल, अनुपमा वर्मा, राममूर्ति मिश्र, आशा अग्रवाल, संकट हरण पांडेय आदि को सम्मानित किया गया।

# सीएससी संचालक को गोली मारने वाला बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

## पुलिस की गोली पैर में लगी, बदमाश ने भी की फायरिंग, एक सिपाही हो गया घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती/परशुरामपुर।** परशुरामपुर थानाक्षेत्र के हरिगांव में सीएससी संचालक वीरेंद्र राजभर से लूटपाट करने आए दो बदमाशों ने गोली चला दी थी।

इनमें से एक बदमाश आरोपी शिवम उर्फ प्रियांशु सिंह को मंगलवार सुबह धेनुगांवा के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है। उसे लेकर इलाज के लिए पुलिस टीम पहले सीएचसी परशुरामपुर पहुंची, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मुठभेड़ के दौरान एक सिपाही विजय कुमार की बांह में भी गोली लगी है। उसे भी जिला अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। पकड़ा गया बदमाश इसी थानाक्षेत्र के पड़री बाबू गांव का निवासी है।


बदमाश से पूछताछ करती पुलिस।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए बदमाश ने पूछताछ में दूसरे साथी का भी नाम बताया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही हैं। बता दें कि सोमवार को दोपहर बाइक सवार दो बदमाशों ने एक सीएससी पर धावा बोला और संचालक वीरेंद्र राजभर से रुपये निकालने की बात कही। इस बीच एक बदमाश ने संचालक की कनपटी पर पिस्तौल लगा दी। बगल के दुकानदार इस लूटपाट की आशंका हो गई, और वह मदद के लिए आने लगे, तो बदमाश सीएससी संचालक के पैर में गोली मारकर भाग गए। एसपी के मुताबिक वारदात में शामिल बदमाशों की तलाश में थाने की टीम के अलावा एसओजी टीम भी जगह-जगह दबिश दे रही थी। इसी दौरान मंगलवार सुबह करीब 4:40 बजे टीम ने धेनुगांवा के पंचमुखी चौराहे पर एक संदिग्ध को घेर लिया।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए एमओयू के तहत खुला पहला प्रतिष्ठान

## सिद्धि विनायक हॉलमार्किंग सेंटर का डीएम ने किया उद्घाटन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एमओयू साइन करने वाले व्यवसायी रामकृष्ण के पुरानी बस्ती स्थित सिद्धि विनायक हॉलमार्किंग सेंटर का मंगलवार को डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी आशीष श्रीवास्तव ने शुभारंभ किया। डीएम ने कहा कि इन्वेस्टर समिट के पहले उद्यम का शुभारंभ करते हुए खुशी हो रही है।

### प्रतिष्ठान की सुरक्षा के हर संभव इंतजाम जरूर कराएं: एसएसपी

उन्होंने उद्यमी रामकृष्ण से अपील की कि आभूषण पर एचयूआईडी हॉलमार्क जरूर कराएं, इससे ग्राहकों में विश्वसनीयता बढ़ेगी। एसपी ने कहा कि जिले के लिए यह बड़ा तोहफा है। उन्होंने स्वर्ण व्यवसायियों से कहा कि प्रतिष्ठान की सुरक्षा के हर संभव इंतजाम जरूर करा लें। सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगवाएं।

सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि इस प्रतिष्ठान से जनपद वासियों को भारतीय मानक ब्यूरो की गाइडलाइन के अनुसार स्वर्ण आभूषण प्राप्त होंगे। ग्राहकों की जिम्मेदारी है कि वे हॉलमार्क देखकर के ही आभूषण की खरीददारी करें। राजा ऐश्वर्या राज सिंह ने कहा कि इन्वेस्टर समिट के तहत परियोजनाओं के साकार होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं।



सिद्धि विनायक हॉलमार्किंग सेंटर का उद्घाटन करतीं डीएम। संवाद

मौके पर स्वर्ण व्यवसायी संघ के अध्यक्ष कुंदन लाल वर्मा, विश्वनाथ वर्मा, हरि मोहन सोनी, रमजान अली, अब्दुल अजीज, प्रमोद गुप्ता, सचिन तामखड़े, प्रकाश जाधव, बबलू, अंकुश पाटिल, बाला जी माने आदि मौजूद रहे।

# गुड़ व्यवसायी ने कर्ज में डूबने पर छोड़ा था घर

संवाद न्यूज एजेंसी

**बनकटी।** दो फरवरी से लापता लालगंज थानाक्षेत्र के भुवनी निवासी गुड़ व्यवसायी रहमतुल्लाह को मंगलवार को पुलिस घर ले आई। इस दौरान व्यवसायी ने बताया कि गांव व आसपास के लोगों से करीब 10 लाख रुपये कर्ज ले रखा है, जिसे वापस करने के दबाव के बीच वह इधर-उधर भटक रहा था। 12 फरवरी को उसके बेटे सरफराज ने इस संबंध में थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

रहमतुल्लाह भुवनी में गुड़ बनाने का व्यवसाय करता है। थानाध्यक्ष महेश सिंह के अनुसार उसने बताया कि उसने अपने गांव के आसपास के लोगों से करीब 10 लाख रुपये नकदी व गन्ना उधार ले रखा था। वह सभी लोग अपने रुपये मांग रहे थे। उसके पास रुपये का इंतजाम नहीं था, इसलिए वह घर से एयरपोर्ट लखनऊ जाने की बात कहकर अपनी स्कॉर्पियो कार लेकर निकल लिया। वहां से टेनिया चौराहा जिला संत कबीर नगर पहुंचा। टेनिया चौराहा पर चार-पांच घंटे रहा। इस दौरान बार-बार उधार

## गांव व आसपास के लोगों से ले रखे हैं 10 लाख रुपये

## दो फरवरी को एयरपोर्ट जाने के लिए कहकर निकला था

मांगने वालों और घर के लोगों का फोन आता रहा। घबराहट में सबको बता दिया कि वह लखनऊ में है। मोबाइल व सिम तोड़कर फेंक दिया। फिर वहां से शाम को नगर थानाक्षेत्र के फुटहिया पहुंचा और अपनी कार खड़ी करके बस से कानपुर चला गया। वहां रेलवे स्टेशन, ढाबों पर समय बिताता रहा। रुपये जब खत्म होने लगे तो 27 फरवरी को बस से कप्तानगंज आया। वहां एक ठेले वाले से अपने लड़के सरफराज के नंबर पर फोन किया। सरफराज को जानकारी होने पर उसने पुलिस को इसकी सूचना दी। मंगलवार को पुलिस के साथ जाकर सरफराज पिता को घर ले आया।

इस मामले को लेकर पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही कि उस पर इतना कर्ज कैसे आया है।

# रंजिश में की गई युवक से मारपीट,मामला दर्ज

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के दक्षिण दरवाजा निवासी मो. रफीक ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि रंजिश में कुछ लोगों ने उन्हें व उनके भाई से मारपीट की। इसके साथ ही उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने इस संबंध में मो. नसीर, मो. जमील और गुलाम के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया है। संवाद

# दो चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद किया

**सोनहा।** पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक सोनहा रवीन्द्र सिंह ने बताया कि सोनहा थाना क्षेत्र के कोहड़ा गांव के वारंटी मन्नान को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। दूसरी तरफ चोरी के आरोपी विजय कुमार को भानपुर रुधौली मोड़ से गिरफ्तार किया गया। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-03-2023

# मानववध के दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा

**सिद्धार्थनगर** । एडीजे द्वितीय हिमांशु दयाल श्रीवास्तव ने आपराधिक मानवध का अपराध करने के तीन दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा सुनाते हुए 16-16 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।घटना ढेबरुआ थानाक्षेत्र के ग्राम तौलिहवा टोला कचरिहवा में 23 जुलाई 2015 में हुई थी। पियारी देवी ने तहरीर दिया कि 23 जुलाई 2015 को रात करीब 10 बजे पेड़ काटने की बात को लेकर गाँव के ही तुलसीराम पुत्र बलिकरन, पप्पू व अर्जुन पुत्रगण तुलसीराम एवं घरभरनी पत्नी तुलसीराम एकराय गोलबन्द होकर उसके पति सितई, जवाहिर, प्रभु व रामवदन को लाठी डंडे से मारकर घायल कर दिए सितई को सिर पर गम्भीर चोट लगने से वह वेहोश होकर गिर गया । उनलोगों ने जानमाल की धमकी भी दिया है। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में हो रहा है। सितई की चोटों की वजह से मृत्यु हो गयी विवेचना के बाद पुलिस ने न्यायालय में मारपीट धमकी एवं हत्या की कोटि में न आने वाले आपराधिक मानवध के आरोप में आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान ही अभियुक्त अर्जुन बाल अपचारी घोषित किया गया जिससे उसकी पत्रावली अलग करके किशोर न्याय बोर्ड भेज दी गयी तथा शेष 3 अभियुक्तों का विचारण न्यायालय ने किया। न्यायालय ने तीनों बालिग अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए सभी को 10-10 वर्षो के कठोर कारावास की सजा सुनाते 16-16 हुए रुपये का अर्थदण्ड भी अधिरोपित किया है।

# जानलेवा हमले का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**डिड़ई (एसएनबी)** । गत 22 फरवरी देर रात कुर्थिया चौकी क्षेत्र के मेहनौना गांव के पूरब पुलिया के पास घात लगा कर बैठे हमलावरों द्वारा खेसरहा थाना क्षेत्र के बौंडिहार निवासी सुरेन्द्र उर्फ नाटे पर जानलेवा हमला करने वाले दूसरे आरोपी को भी कुर्थिया चौकी इंचार्ज की पुलिस टीम को 28 फरवरी मंगलवार को सिरसिया पुल से गिरफ्तार करने में कामयाबी मिल गई। इससे पूर्व घटना उपरोक्त के चौबीस घंटे के भीतर ही थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में खेसरहा पुलिस टीम ने मुअसं 39/2023 धारा 307,504,506 आईपीसी से सम्बन्धित मुख्य आरोपी बौंडिहार निवासी प्रमोद उर्फ पिन्टू पुत्र सभापति को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज कर दूसरे आरोपी की तलाश कर ही रही थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चौकी इंचार्ज अमित कुमार की टीम ने थाना क्षेत्र के भूपतजोत निवासी दूसरे आरोपी पूर्णवासी पुत्र रमई को चौकी क्षेत्र के सिरसिया पुल से गिरफ्तार कर लिया। उक्त बावत थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि धारा उपरोक्तके मामले में वांछित दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस टीम में का. रितेश सिंह तथा का. विरेन्द्र कुमार भी शामिल रहे।

# दुर्घटना में सफाईकर्मी की मौत

**बेवां (एसएनबी)**। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के बेवां उतंरौला मार्ग स्थित ग्राम बेवा मुस्तफा के पास ट्रैक्टर से बाइक की हुई जोरदार टक्कर। जिससें मौके पर ही बाइक सवार की मृत्यु हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की किया। देर शाम भवानीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भरड़िया निवासी परशुराम पुत्र छेदीलाल(40) जो पेशे से सफाई कर्मी थे। जो किसी कार्य से अपनी बाइक ब से बेवां की ओर जा रहे थे।तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली से जोरदार टक्कर हो गई।जब तक लोग उनकी मदद के लिए पहुचे तब तक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष डुमरियागंज ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव व वाहन को कब्जे में ले लिया साथ ही आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है।

दहेज हत्यारोपियों को आजीवन कारावास

तीन पुलिसकर्मियों को एसपी ने दी विदाई

गैर इरादतन हत्या के आरोपियों को 10 वर्ष की सुनाई सजा

पर्व को आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं सभी लोग: सीओ

# घपले के आरोप में प्रधान का अधिकार सीज



भरवटिया मुस्तहकम में विवाह घर का चार माह पूर्व टूटा पिलर ● फाइल फोटो

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** विकास खंड भनवापुर के भरवटिया मुस्तहकम में विवाह घर के मरम्मत में की गई मनमानी ग्राम प्रधान पर भारी पड़ गयी। विवाह घर के मरम्मत में मानकों की अनदेखी के कारण बाढ़ के दौरान शरण लिए तीन ग्रामीणों की मृत्यु हो गई थी। मामले की जांच में ग्राम प्रधान को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए उनके प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगाते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने तीन सदस्यों की समिति गठित कर ग्राम पंचायत की कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा मामले की जांच के लिए ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक को जांच अधिकारी नामित कर मामले में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

बीते वर्ष के अक्टूबर माह में भरवटिया मुस्तहकम विवाह घर में बाढ़ से प्रभावित लोगों ने शरण ली थी। रात में विवाह घर का पिलर गिर जाने से तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी। मामले की जांच जिला विकास अधिकारी व लोक निर्माण विभाग बांसी के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता ग्राम्य विकास अभिकरण, खंड विकास अधिकारी भनवापुर द्वारा संयुक्त टीम के रूप में किया गया। टीम की जांच रिपोर्ट में पाया गया कि भवन काफी जर्जर अवस्था में था, जिसकी मरम्मत के लिए 497000 रुपये का प्राक्कलन तैयार किया गया था। इसमें पुराने भवन के प्लास्टर को तोड़कर नया प्लास्टर, फर्श को तोड़कर नया फर्श बनाने, खिड़की व छत की मरम्मत, फर्श पर फ्लोर टाइल्स लगाए जाने का कार्य प्रस्तावित था। लेकिन यहां पर माह जनवरी में कार्य पूर्ण दिखाकर पूरे रकम का भुगतान कर लिया गया, परंतु फ्लोर टाइल्स नहीं लगाया गया था, तथा इसका गबन कर लिया गया। छत की सुरक्षा के लिए तीन स्थानों पर पिलर तो बनाया गया लेकिन पिलर में छड नहीं लगाया गया था। जबकि प्राक्कलन में पिलर नहीं बनाया जाना था। इसके बाद भी पिलर का निर्माण कर 64430 रुपये की अनियमितता की गई है। मामले में ग्राम प्रधान का स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उक्त कार्यवाही करते हुए ग्राम प्रधान का प्रशासनिक अधिकार सीज करने का आदेश जारी किया है।

# तीन दारोगा सेवानिवृत्त दी गई विदाई

**जासं, सिद्धार्थनगर :** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में सेवानिवृत्त होने वाले तीन दारोगा को अंगवस्त्र व धार्मिक पुस्तक देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों का नाम भवानीगंज थाना में तैनात एसआइ सुग्रीम, डुमरियागंज में तैनात रामध्यान यादव व राम उजागिर है। एसपी ने सेवाकाल के अनुभवों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। पुलिसकर्मियों को सेवानिवृत्त होने के बाद भविष्य की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, सीओ सदर अखिलेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# दहेज हत्या में महिला समेत तीन को आजीवन कारावास

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : जनपद न्यायाधीश संजय कुमार मलिक की अदालत ने मंगलवार को दहेज हत्या के मामले में फैसला सुनाया। महिला समेत तीन आरोपितों को दोषसिद्ध पाया। तीनों को आजीवन कारावास व पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अभियुक्तों का नाम ढेबरुआ थाना के सेवरा गांव निवासी रामऔतार, रामतीरथ व चानमती है।

एडीजीसी फौजदारी चंद्र प्रकाश पांडेय ने न्यायालय को बताया कि वर्ष 2017 में ढेबरुआ थाना क्षेत्र के सेवरा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मृत्यु हो गई थी। मृतका के स्वजन ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया था। थाना पुलिस ने मामले की जांच कर न्यायालय में सभी प्रपत्र दाखिल किए। जनपद न्यायाधीश ने गवाही व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तों को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।



**हत्या के मामले में महिला समेत चार को दस वर्ष का कारावास**: अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम कामेश शुक्ला की अदालत ने मंगलवार को गैर इरादतन हत्या के मामले में फैसला सुनाया। महिला समेत चार आरोपितों को दोषसिद्ध पाते हुए दस-दस वर्ष कारावास व 16-16 हजार का अर्थदंड लगाया है। अभियुक्तों का नाम ढेबरुआ थाना के तौलिहवा के टोला कचिरहवा निवासी तुलसीराम, पप्पू, अर्जुन व घरभरनी है। घटना वर्ष 2019 की है। अभियोजन की ओर से एडीजीसी फौजदारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने न्यायालय में पक्ष रखा।

# डीजीपी से की शिकायत लगाई सुरक्षा की गुहार

**जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर** : डुमरियागंज तहसील के दो युवकों ने पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजकर जानमाल के सुरक्षा की गुहार लगाई है। जनपद में तैनात एक पुलिस क्षेत्राधिकारी पर उत्पीड़न करने के साथ छह लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है। दोनों ने उच्च न्यायालय में याचिका भी दायर किया है। न्यायालय ने सुनवाई के लिए मंजूरी भी प्रदान कर दी है।

अरनी गांव के ताहिर हुसेन व वासा चक निवासी कृष्णचंद्र ने आरोप लगाया है कि जनपद में तैनात सीओ एक भूमि विवाद के मामले में छह लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। जब रुपये नहीं दिए तो फर्जी मुकदमा में फंसा दिया। बताया कि बेवां हुसेन में एक भूमि का बैनामा कराया था। इस पर कब्जा दिलाने के नाम पर सीओ ने रुपये की मांग की। फोन पर पत्नी व मां को धमकी भी दिया। हालात यह हो गया है कि घर को छोड़ कर छिपते फिर रहे हैं। पुलिस आए दिन घर पर दबिश दे रही है। इससे स्वजन मानसिक रूप से परेशान हो गए हैं।

> इस मामले में पक्ष मेरे अधिकारी दे सकते हैं, जो मामले की जांच कर रहे हैं। इस मामले में जो सुन रहे हैं, जो निकाल रहे हैं, वह जानें उनका काम जानें। इससे मेरा कोई लेना देना नहीं है।
>
> **राणा महेंद्र प्रताप सिंह**
> पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज

# शिविर में हुई पुलिसकर्मियों के परिवार की स्वास्थ्य जांच

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** वामा सारथी पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को पुलिस कर्मियों व उनके परिवार के लोगों के स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द की पहल पर पुलिस लाइंस में आयोजित शिविर में कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण माधव प्रसाद त्रिपाठी महाविद्यालय के चिकित्सक गौरव दूबे ने स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा एलटी संजीत कुमार ने सभी की सेहत की जांच के साथ ही ब्लड शुगर, थायरायड आदि सहित 12 तरह की जांच की।

इस दौरान चिकित्सक द्वारा कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों को फिट रहने के उपायों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

# सड़कों पर संकेतक नहीं, बढ़ी रहीं दुर्घटनाएं

## डीसी घाट मार्ग पर वाहनों की रफ्तार हुई तेज, 96 घंटे में हुए तीन बड़े हादसे

**जागरण संवाददाता, भवानीगंज, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर** : यातायात पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है, जिससे हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके, लेकिन वहीं पीडब्ल्यूडी विभाग सड़क पर संकेतक, रम्बल स्ट्रीट, रोड मार्किंग लगाने की जरूरत नहीं समझ रहा है। इससे तेज रफ्तार वाहनों की वजह से आए दिन दुर्घटना हो रही है।

डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बेवां-भड़रिया मार्ग पर अब तक विभिन्न दुर्घटनाओं में करीब 45 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। लापरवाही में बिना हेलमेट बाइक चलाने के साथ पीडब्लूडी विभाग की ओर से सड़क पर कोई संकेतक न लगाना बताया जा रहा है। इधर डीसी घाट मार्ग का निर्माण पूरा हो रहा है तो उक्त मार्ग पर भी कहीं स्पीड ब्रेकर व निशान नहीं लगाया गया है। आने-जाने वाले वाहनों की रफ्तार बहुत तेज रहती है, जिससे दुर्घटना बढ़ती जा रही है।



पंचर की दुकान में घुसी अनियंत्रित ट्रक ● फाइल फोटो

●**25 फरवरी**- दिन में 11 बजे के आसपास चन्द्रदीप घाट मार्ग पर अपने तेज रफ्तार कार में सवार बढ़या इटवा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एक डाक्टर ड्यूटी पर जा रहे थे। जैसे भड़रिया पुलिस चौकी पर पहुंचे कि रोड क्रास करते समय बेवां से आ रही कार से टकरा गए, डाक्टर की कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, गनीमत रहा कोई घायल नहीं हुआ।

●**26 फरवरी**- रात 11 बजे में ही तेज रफ्तार इनोवा गाड़ी चन्द्रदीप घाट मार्ग से भड़रिया पुलिस चौकी को क्रास करते समय बेवां की तरफ से आ रही पिकअप से टकरा गई, हालांकि दोनों वाहनों के सवार सुरक्षित बच गए।

●**27 फरवरी**- की रात 11 बजे के आसपास कोयला लदा एक ट्रक बेवां से भड़रिया आ रहा था। चन्द्रदीप घाट से भड़रिया आ रही कार को टक्कर मार दिया। ट्रक चौराहे के पास बने ढाबा के पास खड़ी चार बाइक को रौंद दिया और पंचर की दुकान में घुस गई।

पीडब्लूडी बांसी के अधिशासी अभियंता विवेक राय बांसी ने बताया कि भड़रिया पुलिस चौकी के पास डीसी घाट मार्ग पर जल्द ही स्पीड ब्रेकर बना दिया जाएगा।

# भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ा था विवाह घर, गिरने से हो गई थी तीन की मौत

## डीएम ने ग्राम प्रधान के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार छीनने की शुरू की कार्रवाई

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लॉक के भरवठिया मुस्तकहम गांव में विवाह घर के निर्माण में मात्र 67,434 रुपये के गबन के कारण तीन शरणार्थियों की जान चली गई थी। चार सदस्यीय टीम की जांच में विवाह घर के निर्माण में अनियमितता की पुष्टि हुई है।

अक्तूबर 2022 में हुई घटना के बाद ग्राम प्रधान, जेई और सचिव पर केस दर्ज हुआ था। डीएम संजीव रंजन ने प्रधान इसरार अहमद के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार छीनने एवं तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जिले में अक्तूबार माह में आई भयावह बाढ़ में भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के अधिकांश गांव प्रभावित थे। इसमें क्षेत्र के भरवठिया मुस्तकम गांव में घर में पानी घुसने के कारण लोग गांव के बाहर ऊंचे स्थान पर बने विवाह घर में शरण लिए थे।

16 अक्तूबर 2022 की रात अचानक विवाह घर का पिलर जमींदोज हो गया था। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तीन लोगों की मलबे में दबकर मौत हो गई थी। ग्रामीणों का आरोप था कि कुछ ही दिन पहले हुए विवाह घर के मरम्मत कार्य में अनियमितता की गई है, जिसकी वजह से पिलर ढह गया और तीन लोगों की जान चली गई।

### जांच में हुई 67,434 रुपये सरकारी धन के गबन की पुष्टि

जांच कमेटी की ओर से रिपोर्ट मिलने के बाद ग्राम प्रधान इसरार अहमद को नोटिस जारी किया गया था। 15 दिन के भीतर जवाब मांगा था। उन्होंने प्लास्टर तोड़कर नया प्लास्टर, टाइल्स और खिड़की की मरम्मत की हवाला दिया था। ग्राम प्रधान के जवाब की जांच में पाया गया कि कार्य में अनियमितता से तीन लोगों की जान गई। प्रथम दृष्टया 67,434 रुपये की शासकीय धनराशि का गबन पाया गया है।

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने ग्राम प्रधान इसरार अहमद का वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार रोकते हुए निर्वाचित तीन ग्राम पंचायत सदस्य की कमेटी के गठन का निर्णय लिया है। साथ ही पीडी को जांच अधिकारी नामित कर निर्देश दिया है कि जांच एवं कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# सौहार्दपूर्वक मनाए पर्व

सिद्धार्थनगर : मोहाना थाना के ककरहवा पुलिस चौकी में मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। होली को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की रूपरेखा तैयार हुई। पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने नेपाल सीमा पर पैदल गश्त किया। सीओ सदर अखिलेश वर्मा ने कहा कि होली में गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखने में लोगों को सहयोग करना होगा। यह सामाजिक सौहार्द का पर्व है। रंग खेलते समय यह ध्यान रखें कि किसी की धार्मिक भावना नहीं आहत हो। होलिका दहन के समय पर्यावरण प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए उपले का प्रयोग करें। डीजे धारकों को भड़काऊ गाने नहीं बजाने के संबंध में निर्देशित किया गया है। (जासं)

# शादी में मारपीट का लगाया आरोप



चौकनिया गांव के ग्रामीणों से बात करते एएसपी सिद्धार्थ। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**भारतभारी।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के चौकनिया में सोमवार की रात एक शादी समारोह में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

क्षेत्र के चौकनिया गांव निवासी भगवानदीन के मुताबिक, सोमवार रात उनके पट्टीदार के यहां लड़की की शादी थी। उनके साथ अमर सिंह, राम सुमेरन आदि मौजूद थे। विवाह में डीजे बज रहा था। वहां मेहमान व औरतें भी थीं।

विवाह में गांव के ही आठ लोग बिन बुलाए विवाह में आकर डीजे पर नाचने लगे। मना करने पर ईंट, पत्थर, बेल्ट से बरातियों व घरातियों को मारने पीटने लगे। अमर सिंह व राम सुमेरन को काफी चोटें आईं। काफी मना करने पर गली देने लगे। पुलिस को सूचना दी।

जब जाकर लड़के भागे। पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने गांव में पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली। इस संबंध में डुमरियागंज प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिली है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# गैर इरादतन हत्या में तीन दोषियों को 10 वर्ष की कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय हिमांशु दयाल श्रीवास्तव ने गैर इरादतन हत्या के तीन दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई है। कोर्ट ने ढेबरुआ थानाक्षेत्र के ग्राम तौलिहवा टोला कचरिहवा में 2015 में हुई घटना में यह सजा सुनाई है।

ग्राम तौलिहवा टोला कचरिहवा गांव निवासिनी पियारी देवी ने थाने पर तहरीर दी कि 23 जुलाई 2015 को रात में पेड़ काटने के विवाद में गांव के ही तुलसीराम, पप्पू एवं घरभरनी समेत चार लोगों ने उनके पति सितई, जवाहिर, प्रभु व रामबदन को लाठी डंडे से मारकर घायल कर दिया।

सिर में गंभीर चोट लगने से सितई बेहोश होकर गिर गए। विपक्षियों ने जानमाल की धमकी भी दी। पुलिस

## ढेबरुआ थानाक्षेत्र के ग्राम तौलिहवा टोला कचरिहवा में 2015 में हुई थी घटना

ने केस दर्ज करके विवेचना की। विवेचना के दौरान सितई की चोटों की वजह से मृत्यु हो गई।

पुलिस ने न्यायालय में मारपीट धमकी एवं गैर इरादतन हत्या का आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय में सुनवाई के दौरान बाल अपचारी की पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड भेज दी गई। शेष तीन को कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 16-16 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माने के धनराशि का 80 फीसदी हिस्सा पीड़ित पक्ष को दिया जाएगा। पीड़ित पक्ष की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार त्रिपाठी ने की।

# अब पुलिस लाइन में हमेशा होता रहेगा बेसिक प्रशिक्षण

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** पुलिसकर्मियों की दक्षता बढ़ाने के लिए पुलिस लाइन में बेसिक ट्रेनिंग सेंटर खोला जाएगा। जहां पर पुलिस कर्मियों आईपीसी और सीआरपीसी के अलावा साइबर अपराध से निपटने का तरीका बताया जाएगा। इसी माह के अंतिम सप्ताह से शुरू प्रशिक्षण शुरू होने की उम्मीद है।

पुलिस के समक्ष कई प्रकार की चुनौती बढ़ रही हैं। जिसका सामना करने में पुलिस कर्मियों को कई कठिनाई होती है। इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि ट्रेनिंग के समय मिली जानकारी धीरे-धीरे भूल जाती है। उन्हें पढ़ाई के लिए समय ही नहीं मिलता है।

वहीं नए-नए तरीके से अपराध हो रहे हैं, जिसे रोकने के बारे में पुलिस कर्मियों को जानकारी नहीं है। इसके लिए पुलिस कर्मियों को बेसिक ट्रेनिंग देने की कवायद शुरू हुई है। पुलिस लाइन में इसके लिए अलग से हाल तैयार किया गया है। इसमें वरिष्ठ निरीक्षक पुलिस कर्मियों को समय-समय पर आईपीसी, सीआरपीसी के बारे में जानकारी देंगे। साथ ही अपराध नियंत्रण के बारे में जानकारी देंगे। अनसुलझे केस सुलझाने के बारे में बताएंगे।

इसके अलावा डायल-112 के कर्मियों को समय-समय पर प्रशिक्षित किया जाएगा। महिला पुलिस कर्मियों को महिला अपराध से संबंधित कार्रवाई के बारे में बताया जाएगा।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि पुलिस कर्मियों को समय-समय पर कानून की जानकारी देने के लिए पुलिस लाइन में बेसिक ट्रेनिंग सेंटर बनाने की कवायद शुरू हुई है, जिसे मार्च के अंतिम सप्ताह तक शुरू किया जाएगा।

Medical

# जानलेवा हमले का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

घोसियारी। खेसरहा पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार आरोपी को मंगलवार को दबोच लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

क्षेत्र के बौडिहार निवासी सुरेंद्र उर्फ नाटे ने गांव के ही प्रमोद उर्फ पिंटू व एक अन्य अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी थी।

उसका दूसरा साथी पूर्णवासी निवासी भूपतिजोत थाना खेसरहा को सिरसिया पुल से चौकी प्रभारी कुर्थिया अमित कुमार ने गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# ठगी के शिकार व्यक्ति को मिली धनराशि

**सिद्धार्थनगर।** साइबर सेल की टीम की मदद से मंगलवार को खाते से गए 50 हजार रुपये पीड़ित के खाते में वापस हो गया। प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल सुभाष यादव ने बताया कि मो. रमजान अली निवासी रूधौली कोतवाली बांसी के बैंक खाते से 50 हजार रुपये की हेराफेरी हो गई। मोबाइल पर मिले मैसेज के बाद शिकायत किया। तो जांच की गई। मंगलवार को पूरी राशि पीड़ित के खाते में वापस हो गया। संवाद

# पुलिस कर्मियों के परिवार की सेहत की हुई जांच

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस लाइन परिसर में वामा सारथी की ओर से मंगलवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस परिवार के लोगों के सेहत की जांच की गई। इसमें सुगर, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई। जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें दवा लेने की सलाह दी। डॉ. गौरव दूबे, संजीत गुप्ता आदि मौजूद रहे। संवाद

# आत्मविश्वास के साथ करें पढ़ाई, मिलेगी मंजिल

## पीपीएस पब्लिक स्कूल गड़ाकुल में अपराजिता मुहिम के तहत छात्राओं को कॅरियर संबंधी दी गई जानकारी






शोहरतगढ़ के पीपीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित अपराजिता कार्यक्रम को संबोधित करते एसडीएम प्रदीप कुमार यादव। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** कस्बे के पीपीएस पब्लिक स्कूल गड़ाकुल में मंगलवार को अमर उजाला फाउंडेशन की अपराजिता मुहिम के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। छात्राओं को कॅरियर संबंधी जानकारी दी गई। उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसमें 120 छात्राओं ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि एसडीएम प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि छात्राओं को बेचारी बनने की जरूरत नहीं है। अपना आत्मविश्वास बढ़ाएं, पढ़ाई करें, तभी मंजिल मिलेगी। कहीं मदद की जरूरत पड़े तो परिवार वालों से बात करें। वहीं सुख दुख के साथी हैं।

सुरक्षा के लिहाज से पुलिस हरदम तैयार है। केवल किताबी कीड़ा बनने से ज्ञान अर्जित नहीं होता है। प्रतिदिन हिंदी व इंग्लिश अखबार पढ़ें। इससे देश-विदेश व आसपास के समाज की जानकारी मिलेगी।

उन्होंने कहा कि बेटियां अपनी रुचि के अनुसार अपने कॅरियर का चुनाव करें। मोबाइल फोन में गूगल एप से सिलाई, कढ़ाई, खाना बनाने की विधि सहित अन्य जानकारी लें। इससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा।

प्रबंधक पटेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि छात्र जीवन बहुत अधिक समय का नहीं होता है। पूरे मनोयोग से पढ़ाई करने से जीवन में सबकुछ पाया जा सकता है। शोहरतगढ़ थाने के क्राइम इंस्पेक्टर शिवधारी, एसआई रामा प्रसाद व महिला आरक्षी साधना ने छात्राओं को शोहदों से बचाव के बारे में जानकारी दी।

कहा कि किसी प्रकार की समस्या आने पर बिना डरे 1090, 181, 112, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग कर सकती हैं। इस दौरान प्रधानाध्यापक सूर्यकांत उपाध्याय, संदीप कुमार, कैलाश चंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 01-03-2023

# चार अदद अंगूठी व नगदी बरामद आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद के टेमा चौराहे के पास चोरी करने के लिए दुकानों की रेकी करते समय दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोरों के पास से पुलिस ने चोरी की 04 अदद अंगूठी व 7500 ₹ बरामद किया है। इन चारों की गिरफ्तार से चोरी की 04 घटनाओं का सफल अनावरण हुआ है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली की टेंमा चौराहे के पास चोरी करने हेतु दुकानों की कुछ लोग रेकी कर रहे हैं। पुलिस ने दो अभियुक्तों विकास उर्फ लाला पुत्र शिवकुमार उर्फ भुल्लू यादव निवासी मल्लाह टोला थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ तथा निशचन्द उर्फ ईशचन्द उर्फ शिवरतन उर्फ पण्डित पुत्र रुपदत्त मिश्रा निवासी इब्राहिमपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर लिया। चोरों के पास से 04 अदद अंगूठी 02 अदद अंगूठी पीली धातु व 4200 ₹ नकद ( अभियुक्त विकास उर्फ लाला के पास से) तथा 02 अदद अंगूठी पीली धातु व 3300 ₹ नकद (अभियुक्त निशचन्द के पास से) व 7500 ₹ बरामद किया गया है। चोरों को उ.नि. हरेन्द्र नाथ राय, उ.नि. सत्येन्द्र यादव, उ.नि. राकेश कुमार, उ.नि. रमेश यादव ने हे.कां. ओमप्रकाश, हे.कां. राणा प्रताप यादव, कां. अरुण कुमार ने गिरफ्तार किया है। **इन चोरी की घटनाओं का हुआ अनावरण :** 26/27.12.2022 की रात्रि में बूधाखुर्द के पास अंग्रेजी शराब की दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने का प्रयास किए थे परन्तु पड़ोसी के जाग जाने के बांद भाग गए थे। दिनांक 24/25.01.2023 की रात्रि में जनता मार्ग बजरंग नगर व गोरखल गैस गोदाम के सामने गली में स्थित मकानों मे ताला तोड़कर चोरी किए थे। दिनांक 05/06.02.2023 की रात्रि में सरौली स्थित विवेकानन्द अस्पताल वाली गली में बंद पड़े मकान के पीछे से चढ़कर चोरी किए थे।

## दो के विरूद्ध लूट, मारपीट व एससी-एसटी के तहत केस

धनघटा (एसएनबी)। महुली थानान्तर्गत गायघाट गांव की बाग में बीते रविवार की देर रात दलित रथ चालक को मारपीट कर उसके कब्जे से 18 हजार नकदी छीनने के आरोप में महुली पुलिस ने मंगलवार को एक नामजद समेत दो के विरूद्ध लूट, मारपीट और एससी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना के सम्बन्ध में महुली पुलिस को दी गई तहरीर में धनघटा थानान्तर्गत कटार मिश्र गांव निवासी दलित राजकरन पुत्र अर्जुन ने बताया कि वह धनघटा थाना क्षेत्र के कोचरी गांव से घोड़ा रथ लेकर महुली थानान्तर्गत गायघाट गांव निवासी राजकुमार सिंह के घर आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए रविवार को गया था। शादी समारोह में द्वारपूजा समाप्त होने के बाद वह रथ लेकर वापस घर जा रहा था कि रास्ते में गायघाट गांव स्थित बाग में गायघाट गांव निवासी मनबढ़ सन्नी सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह अपने कुछ अज्ञात साथियो के साथ उसे रोक लिए और उसके उपर हमला कर दिया। हमलावरों ने मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया बाकी हमले में उसके शरीर में भी गंभीर चोटे आ गयी। घटना में उसके घायल हो जाने के बाद हमलावर उसके कब्जे से शादी समारोह में मिली सट्टे की नकदी 18 हजार सहित दो मोबाइल भी छीन लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर सन्नी सिंह समेत उसके अज्ञात सहयोगियों के विरूद्ध महुली पुलिस ने आईपीसी की धारा 392,323 व एससी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

# सेवानिवृत्त 3 उप निरीक्षकों को दी विदाई

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए 03 पुलिसकर्मियों के सुखमय जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने उपरोक्त सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को अंग वस्त्र देकर व



माल्यार्पण कर सम्मानित तथा प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उनके सुखमय जीवन व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक के साथ ही अन्य पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सम्मानपूर्वक सरकारी वाहनों में बैठाकर विदा किया गया। प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा ने बताया कि 28.02.2023 को जनपद संतकबीरनगर में तैनात उ.नि. श्यामा यादव, उ.नि. अमला प्रसाद तथा उ.नि. रामअलख यादव अपनी-अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस मौके पर अधिकारीगण/कर्मचारीगण व सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिजन मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पर मिली महिला की लाश

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद के रेलवे स्टेशन खलीलाबाद एवं मगहर के मध्य में एक महिला की लाश रेलवे एवं कोतवाली पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की गई। जिसकी पहचान अन्नू पत्नी राम सोमन निवासी रमवापुर थाना दुधारा संतकबीरनगर के रूप में हुई। शव की पहचान मृतका के भाई ने की है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उक्त महिला ट्रैक पर सो गयी और आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से खलीलाबाद रेलवे स्टेशन की दूरी लगभग 3 किलोमीटर है। मामले की जांच उप निरीक्षक सुनील कुमार कसाना द्वारा की जाएगी। वहीं इस घटना में कोई भी गाड़ी विलंबित नहीं हुई है।

# त्योहार में मिलावट रोकने को करें जांच : आयुक्त

**आयुक्त एवं आईजी ने त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने को पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दिया निर्देश**

**होली एवं शबे-बारात त्योहारों के दृष्टिगत शांति एवं कानून-व्यवस्था संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न**



कलेक्ट्रेट सभागार में त्योहार के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक करते आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती योगेश्वरराम मिश्र तथा आईजी आरके भारद्वाज।

संतकबीरनगर (एसएनबी)। आगामी होली त्योहार एवं शबे-बारात को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के दृष्टिगत स्थानीय प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती योगेश्वर राम मिश्र तथा आईजी आरके भारद्वाज उपस्थित रहे। आयुक्त श्री मिश्र ने त्योहारों के दौरान मदिरा की दुकानों की जांच एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों के बिक्री को रोकने के दृष्टिगत जांच करने एवं सक्रिय रहने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में जनपद में त्योहारों के दौरान घटनाओं इत्यादि के संवेदनशीलता को देखते हुए उसका स्थानीय स्तर पर संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी मौके पर जाकर सूक्ष्म निरीक्षण एवं भ्रमण अवश्य कर लें तथा स्थानीय स्तर के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ भी स्थिति की समीक्षा कर लें, ताकि किसी भी दशा में असहज स्थिति न उत्पन्न हो। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि त्योहारों में किसी भी दुर्घटना आदि की दशा से निपटने के लिये जिला चिकित्सालय सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को अलर्ट मोड पर रखा जाय। अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाय। उन्होंने खासकर होली के दौरान पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत ईओ नगर पालिका सहित सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था को सुनिश्चित रखने के निर्देश दिया। आयुक्त ने त्योहारों के दौरान जुलूस के मार्गों के सड़कों को दुरुस्त करने हेतु अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यू डी तथा जुलूस मार्गों में बिजली के तारों आदि को पहले से ही देखकर ठीक कराने के लिए अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया। उन्होंने त्योहारों के दौरान किसी भी नई परम्परा की शुरुआत न किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। आईजी आरके भारद्वाज ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों, सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को त्योहारों के दौरान जनपद में कानून व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यकतानुसार निर्देशित किया। जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने जनपद में आगामी त्योहारों को सकुशल, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने तथा कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के संबंध में आयुक्त एवं आईजी द्वारा दिये गये निर्देशों में मार्गदर्शन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु आश्वस्त किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिरुद्ध कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद रमेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह, उप जिलाधिकारी धनघटा डॉ. रवीन्द्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अंशुमान मिश्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा, पुलिस क्षेत्राधिकारी मेंहदावल, थाना प्रभारीगण, सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# पचीस किलो गोमांश के साथ एक गिरफ्तार

बेलहर (एसनबी)। वेलहर थाना क्षेत्र के करनजोत में गोवध करने का मामला प्रकाश में आया है इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई जहां से 25 किलो गोमांश के साथ एक महिला की गिरफ्तारी हुई है तथा उसका पति फरार है।उसके खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मंगलवार की सुबह एसओ अमित कुशवाहा मय फोर्स लोहरसन बाजार में मौजूद थे कि मुखविर की सूचना मिली की मोहम्मद शफीक पुत्र इंसान अली करनजोत स्थित अपने घर के वगल में अपने चाचा बेचन के घर के पीछे खंडहरमें गोमांस काटकर लोगों को वेचने के फिराक में है। इसकी सूचना पर छापेमारी की गई तो एक व्यक्ति बोगदे से मांस काट रहा था तथा एक महिला उसे पन्नी में रखकर तराजू में तौल रही थी।पुलिस को देखकर युवक तेजी से भाग गया लेकिन महिला को शिल्पा तिवारी ने पकड़ लिया जिसने पूछताछ करने पर अपना नाम शावरा पत्नी मोहम्मद शफीक निवासी करनजोत वताया।उसके पास से एक अदद तराजू, बाट, छूरा, एक अदद बोगदा, पत्थर ग्लेंडर, ठीहा, पचीस किलो गोमांस,खाद की वोरी,तराजू वरामद किया गया। दोनों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करके महिला आरोपित शावरा खातून को जेल भेज दिया गया तथा मोहम्मद शफीक के गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई। इस दौरान उपनिरीक्षक अवधेश कुमार सिंह, विजय कुमार यादव, आलोक प्रजापति, शिल्पा तिवारी समेत पूरी फोर्स मौजूद रही।

# मिलजुल कर मनायें होली व शब ए बारात

मगहर(एसएनबी) ।खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर पुलिस चौकी पर मंगलवार की शाम होली व शवेबारात को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। नवागत चौकी प्रभारी रजनीश राय ने उपस्थित लोगों से कहा कि आगामी होली व शबेवारात त्योहार को आपसी सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील की।दोनों पर्व को आपसी प्रेम सद्भावना एवं परंपरागत तरीके से मनाया जाना चाहिए। जिससे कवीर के मानवतावादी विचारों का संदेश कायम रह सके। किसी भी पर्व को अपने धर्म के अनुसार मनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिकार है लेकिन त्यौहार के मौके किसी सम्प्रदाय अथवा किसी भी को मानने वाले व्यक्ति को निशाना बनाकर किसी प्रकार का कमेंट न करें। जिससे समाज में गलत संदेश जाए और उससे माहौल गंदा हो जाये। इस पर हम सभी को ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है डीजे बजाने वालों से आग्रह है कि तेज ध्वनि से आयेदिन लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए डीजे कम ध्वनि में बजाएं। त्यौहार में खलल डालने वाले अराजक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। जो भी माहौल विगाड़ने की कोशिश करेगा उसको जेल की हवा खानी पड़ेगी।पीस कमेटी की बैठक में पूर्व चेयरमैन नूरुज्जमा अंसारी, राजेश वर्मा गुड्डू, सेराज खां, किसान नेता रणजीत सिंह, धीरज मिश्रा, मेंहदी हसन, मो. असअद अंसारी, भोलू पासवान, फैज खां फैजी, तनवीर अहमद, विजय कान्दू,अवधेश सिंह, अतुल श्रीवास्तव, टीएन वर्मा, अब्दुर्रहमान खां, मो. असजद,राज नाथ, रूदल चौरसिया, विजय गुप्ता, एसआई जय प्रकाश कुशवाहा, एसआई जितेंद्र यादव, मिथिलेश मिश्रा, आदित्य यादव, विष्णु भगवान, आंनद दूबे, अजीत गुप्ता, प्रमोद राय, राहुल प्रसाद, अशोक सिंह, महंत यादव, लाला यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक

मगहर। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर पुलिस चौकी पर मंगलवार की शाम होली व शवेबारात को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान सभी ने दोनों पर्व को मिल जुल मनाने का संकल्प लिया। मगहर चौकी प्रभारी रजनीश राय ने कहा कि आगामी होली व शबे बरात त्योहार को आपसी सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील की। बैठक में पूर्व चेयरमैन नुरुज्जमा अंसारी, फैज खां फैजी, तनवीर अहमद, रणजीत सिंह, धीरज मिश्रा व अन्य लोग रहे।

# चोरी के सामान के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को चोरी के सामान के साथ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी की चार अंगूठी व 7500 रूपए बरामद हुए हैं। चार मामलों का खुलासा किया है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय ने बताया कि सूचना पर टेमा चौराहे के पास चोरी करने के लिए दुकानों की रेकी करते समय विकास उर्फ लाला पुत्र शिवकुमार उर्फ भुल्लू यादव निवासी मल्लाही टोला थाना ठाकुरगंज लखनऊ व निशचन्द उर्फ ईशचन्द उर्फ शिवरतन उर्फ पण्डित पुत्र रूपदत्त मिश्रा निवासी इब्राहिमपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी की चार अदद अंगूठी व 7500 रूपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया। उनसे पूछताछ में चार मामलों का खुलासा भी हुआ है। अभियुक्तों ने बताया कि सुनसान जगह वाली दुकानों व अन्य जगहों से चोरी करते हैं।

24 जनवरी की रात्रि में जनता मार्ग बजरंग नगर व गोरखल गैस गोदाम के सामने गली में स्थित मकानों मे ताला तोड़कर चोरी की थी। 05 फरवरी की रात्रि में सरौली स्थित विवेकानन्द अस्पताल वाली गली में बन्द पड़े मकान के पीछे से चढ़कर चोरी की थी। बरामद सभी 04 अंगूठियां सरौली स्थित मकान से चोरी की हैं। बरामद पैसा अन्य स्थानों से चोरी करने के उपरान्त हिस्सेदारी में मिले हैं।

# प्रतिबंधित पशु का मांस बरामद, महिला गिरफ्तार

बेलहर। बेलहर थाना क्षेत्र के करनजोत में प्रतिबंधित पशु का वध करने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई जहां से 25 किलो प्रतिबंधित पशु के मांस के साथ एक महिला की गिरफ्तारी हुई है। उसका पति फरार है। पुलिस की पूछताछ करने पर महिला ने अपना नाम शाबरा पत्नी मोहम्मद शफीक निवासी करनजोत बताया।

# एसपी ने पैदल गश्त कर सुरक्षा का जताया भरोसा

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सत्यजीत गुप्ता ने जनता में सुरक्षा भावना को बढ़ाने के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र व पुलिस बल के साथ खलीलाबाद में पैदल गश्त की। लोगों में सुरक्षा का भरोसा जताया। गश्त के दौरान एक पीड़ित की समस्या को सुना गया व सम्बन्धित को आवश्यक जाँच व कार्यवाही हेतु निर्देश दिया। व्यापारियों व आम नागरिक से सीधा संवाद स्थापित कर उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

# प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं त्योहारः आयुक्त

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। मंडलायुक्त बस्ती योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को शांति कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में होली एवं शबे बारात के पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए सभी से अपील कर तैयारियों की समीक्षा भी की गई। मंडलायुक्त ने कहा कि यह संतकबीरनगर की धरती है जो पूरे विश्व को एकता, सरसता और भाईचारा का संदेश देती है। वैसे तो यहां हमेशा से ही त्योहार सभी वर्ग मिल जुलकर मनाते रहे हैं, इस बार भी पूरा विश्वास है मनाएंगे। कहीं कोई अव्यवस्था उत्पन्न करने का प्रयास करेगा तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी।

उन्होंने जनपद में चिन्हित विवादित स्थल की जानकारी ली। इसके अलावा पर्व को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। आयुक्त ने जनपद के शांतिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की परम्परा को बनाए रखते हुए त्योहारों को मनाए जाने के सम्बन्ध में पुलिस विभाग सहित अन्य सम्बन्धित विभागों को उनके कार्यों एवं उत्तरदायित्वों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में जनपद में त्योहारों के दौरान घटनाओं इत्यादि के संवेदनशीलता को देखते हुए एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी मौके पर जाकर निरीक्षण अवश्य कर लें।



कलक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक करते मंडलायुक्त व डीआईजी।

- शांति समिति की बैठक में बोले कमिश्नर
- बैठक में शामिल हुए मंडलायुक्त व डीआईजी

**मिलावट रोकने के लिए सक्रिय रहें:** आयुक्त ने कहा कि त्योहारों के दौरान मदिरा की दुकानों की जांच कर लें। अपमिश्रित शराब की बिक्री न होने पाए। त्योहारों पर मिलावटी खाद्य पदार्थो के बिक्री बढ़ने की आशंका रहती है। इसको रोकने के लिए जांच करने एवं सक्रिय रहने के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिए।

**अस्पतालों में तैयारी पूरी रखें:** आयुक्त ने सीएमओ को निर्देश दिया कि त्योहारों में किसी भी दुर्घटना आदि की दशा से निपटने के लिए जिला चिकित्सालय सहित स्वास्थ्य केन्द्रों पर जीवन रक्षक दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। होली के दौरान पानी की उपलब्धता को नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों को बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था की सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए।

**जुलूस मार्गों को दुरुस्त रखें :** आयुक्त ने त्योहारों के दौरान जुलूस के मार्गों के सड़कों को दुरुस्त करने हेतु अधिशाषी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया तथा कहा कि जूलूस मार्गों में बिजली के तारों आदि को पहले से ही देखकर ठीक कर लिया जाए। उन्होंने त्योहारों के दौरान किसी भी नई परम्परा की शुरुआत न किए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

**कानून व्यवस्था दुरुस्त रखें**

आईजी आरके भारद्वाज ने सभी अधिकारियों को त्योहारों के दौरान जनपद में कानून व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित कराएं जाने को निर्देशित किया। कहा कि खासकर जुलूस निकाले जाने वाले मार्गों पर पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी त्योहारों से पहले स्थली भ्रमण कर स्थितियों का जायजा ले लें।

# विधवा के घर पर कब्जे का प्रयास, फायरिंग

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर** : कोतवाली खलीलाबाद के मड़या अचकवापुर मोहल्ले में शराब भट्ठी के पास सोमवार की रात में एक विधवा के घर पर कब्जा करने आए उसके पट्टीदारी के मनबढ़ों ने मोहल्ले में जमकर उत्पात मचाया। महिला तथा उसके बेटे को बुरी तरह से पीटा। हंगामा सुनकर जब मोहल्ले के लोग एकत्रित हुए तो एक मनबढ़ ने लोगों को डराने के लिए रिवाल्वर से फायर कर दी। मोहल्ले के एकत्रित लोगों ने जान की परवाह न करते हुए रिवाल्वर निकालने वाले मनबढ़ को जमकर धुना। इस दौरान मकान पर कब्जा करने के लिए घर में घुसे लोगों ने छत से पथराव भी किया।

मड़या अचकवापुर मोहल्ले में देशी शराब की दुकान के पास आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुंतला देवी का घर है। वह मूल रूप से महुली थाना क्षेत्र के चोलखरी गांव की रहने वाली हैं। कोविड काल में पति की मृत्यु के बाद शकुंतला 14 वर्षीय बेटे के साथ अकेले रहती हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात में उनके पट्टीदार मिठाई लाल यादव अपने भाई रविन्द्र यादव तथा बेटे अरुण यादव, दिनेश चंद्र यादव, रेनू यादव व सरोज यादव तथा अन्य चार पांच लोगों को साथ लेकर आए। अपने साथ सीढ़ी लेकर आए आरोपितों ने महिला के विरोध के बाद भी छत पर चढ़कर ऊपरी मंजिल पर घुस गए। शकुंतला तथा उनके बेटे को पीटा। छत से ईंट चलाया जिससे शकुंतला का सिर फट गया। उसके साथ दुर्व्यवहार भी किया। इन्हीं में से एक ने रिवाल्वर निकालकर आसपास खड़े लोगों में दहशत बनाने के लिए फायरिंग भी कर दी। फायरिंग के बाद मोहल्ले के दो सौ से अधिक लोग मौके पर पहुंच गए और फायरिंग करने वाले की जमकर धुनाई की और उसका रिवाल्वर छीन लिया। इस बीच लोगों ने मुकामी पुलिस को फोन किया तो गोला पुलिस चौकी की पुलिस और कोतवाल सर्वेश कुमार राय के साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी पहुंच गए। इतनी फोर्स के बीच से चकमा देकर रिवाल्वर वाला व्यक्ति फरार हो गया। लोगों ने रिवाल्वर चौकी प्रभारी आशुतोष मणि त्रिपाठी को सौंप दिया। पुलिस ने कब्जा करने वाले सात लोगों को हिरासत में ले लिया। इस मामले में पुलिस रिवाल्वर छोड़कर भागने वाले की तलाश कर रही है। बताया जाता है कि यह रिवाल्वर लाइसेंसी है। पूरी रात पुलिस तैनात रही। वहीं देर रात तक मोहल्ले वाले महिला के पक्ष में कोतवाली खलीलाबाद में जमे रहे।

**मोहल्ले वासियों ने पुलिस के विरुद्ध की नारेबाजी** : कोतवाल सर्वेश राय की मौजूदगी में मोहल्ले के लोगों ने पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी की। आरोप था कि मनबढ़ों की गैंग पिछले सात दिनों से मकान पर कब्जा करने का प्रयास कर रही है। पुलिस सब कुछ जानते हुए भी मनबढ़ों को प्रश्रय देकर कब्जा दिलाने के प्रयास में थी। सोमवार की दोपहर मोहल्ले के लोग एसपी कार्यालय भी गए थे, एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया और रात में यह घटना हो गई।

> मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि दोनों लोग पट्टीदार हैं और मकान पर कब्जे को लेकर आपस में विवाद है। इस दौरान आरोपित की रिवाल्वर को कब्जे में लिया। उसमें पांच गोलियां पाई गयीं। महिला की तहरीर पर आरोपितों पर मुकदमा दर्ज करके आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।
>
> **सर्वेश राय**, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली खलीलाबाद

# दिनदहाड़े हो रहा था गोवध, एक गिरफ्तार



गोवध की सूचना पर जांच करती पुलिस ● जागरण

**जासं, सांथा :** बेलहर थाना क्षेत्र के करनजोत में दिनदहाड़े गोवध करने का मामला प्रकाश में आया है। जहां गोवध हो रहा था उससे कुछ दूरी पर ही थाना मौजूद है। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 25 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ महिला को गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपित पुलिस के सामने से ही फरार हो गया। दिन में हो रही गोवध की इस घटना से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया। पुलिस ने इस मामले में आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

मंगलवार की सुबह 10 बजे कुछ लोगों ने बेलहर के थानाध्यक्ष अमित कुशवाहा को गोवध की सूचना दी। पुलिस जब पहुंची तो एक व्यक्ति बोगदे से मांस काटता दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह भाग निकला। मांस की तौल कर रही मुख्य आरोपित मोहम्मद सफीक की पत्नी शाबरा निवासी करनजोत को पुलिस ने पकड़ लिया। गोवध में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद किए गए। दोनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपित शाबरा को जेल भेजा गया। मुख्य आरोपित मोहम्मद सफीक की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। दिनदहाड़े गोवध की घटना से एक वर्ग के लोगों में नाराजगी है।

**गोवध रोकने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया पत्र :** करनजोत में गोवध की सूचना के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए बेलहर थाने पर प्रार्थना पत्र देकर गोवध रोकने व शांति व्यवस्था कायम रखने की मांग की। शिकायती पत्र में भाजपा नेता बृजनंदन पाठक, दिनेश मौर्या, अवधेश ठाकुर, सूरज, प्रभुनंदन ने लिखा है कि थाना क्षेत्र में आए दिन गोकशी करने का मामला आया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। पुलिस की निष्क्रियता और मिलीभगत के चलते इस तरह की घटना सामने आ रही हैं। करनजोत में हुई प्रतिबंधित मांस की बरामदगी इसका सबूत है।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि गोवंशीय पशु के वध की सूचना पर बेलहर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की है। गोवध की घटना पहली बार उनके सामने आई है। वह इसकी जांच करेंगे। इसमें शामिल जो भी लोग होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। महिला को जेल भेजा गया है। मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



दुघरा उर्फ खैरा गांव में कच्ची के विरुद्ध प्रदर्शन करतीं भारतीय महिला महा सभा की कार्यकर्ता • जागरण

# पुलिस के सरंक्षण में चल रहा कच्ची का धंधा, रोकने की मांग

**जासं,धनघटा, संतकबीर नगर:** भारतीय महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष शीला यादव ने कहा कि धनघटा तहसील क्षेत्र में कच्ची का धंधा तेजी से चल रहा है। बिना किसी भय के धंधेबाज विभिन्न जगहों पर इसकी बिक्री कर रहे हैं। इससे महिलाओं पर गलत भाषा का प्रयोग करते हैं। इसे रोकने की मांग की है।

इन्होंने यह बातें हैंसर बाजार ब्लाक के दुघरा उर्फ खैरा गांव में मंगलवार की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि धंधेबाज़ों को पुलिस का संरक्षण मिला हुआ है। इसलिए ये बिना किसी भय के कच्ची की बिक्री कर रहे हैं। पुलिस की यही कार्यशैली रही तो वृहद आंदोलन होगा। जिला प्रभारी मीरा मिश्रा ने कहा कि महिलाएं अधिकारों के प्रति सजग रहे।

इस अवसर पर कौलपति निषाद, भानमती देवी,विद्या देवी, सुमित्रा देवी, बेबी ,सुमित्रा,शांति,अंजनी, कमलावती देवी आदि उपस्थित रही।

# चार पर मारपीट का मुकदमा

बखिरा : बकहा गांव में दो दिन पूर्व हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने गांव के ही चार के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। बकहा के अजीत कुमार ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि 26 फरवरी को हमारी झोपड़ी के बांस की रस्सी को गांव के ही त्रिलोकी, रामगरीब, सुनीता देवी और जासमती ने काट दिया। जिससे हमारी झोपड़ी गिर गयी। झोपड़ी में बाधी हमारी गाय उसी में दब गई। शिकायत करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। इस बारे में थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया तहरीर पर चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# युवक को पीटकर लूट लिए 18 हजार रुपये

## एक नामजद समेत चार के खिलाफ दलित उत्पीड़न व लूट का मुकदमा दर्ज

**धनघटा।** दूल्हा रथ लेकर घर लौट रहे युवक को महुली क्षेत्र के गायघाट बगीचे के पास बदमाशों ने पिटाई करके 18,000 रुपये लूट लिए। ऐसा आरोप लगाकर पीड़ित ने एक नामजद समेत तीन अज्ञात पर मारपीट, लूट और एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कटार मिश्र निवासी राज करन पुत्र अर्जुन शादी समारोह में दूल्हा रथ की बुकिंग करते हैं। रविवार को वह बरात के दौरान रथ लेकर धनघटा क्षेत्र के कोचरी गए थे। वह वापस दूल्हे के घर महुली क्षेत्र के गायघाट पहुंचे। वह हिसाब करके रथ लेकर घर लौट रहे थे।

आरोप है कि उसी दौरान गायघाट बड़ी बगीचे के पास सन्नी सिंह निवासी गायघाट के साथ अन्य तीन अज्ञात लोग पहुंच गए। लोगों ने उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। विरोध करने पर उसे लाठी-डंडे और धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिए।

उसके पास मौजूद रुपये नकदी भी छीन लिए। पीड़ित ने महुली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। एसओ संतोष मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी सन्नी सिंह निवासी गायघाट एवं तीन अन्य नाम पता अज्ञात के खिलाफ लूट, दलित उत्पीड़न, मारने-पीटने का मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। संवाद

# रेकी करते दो चोर गिरफ्तार

## सोने की चार अंगूठियां और 7,500 रुपये बरामद हुए

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने टेमा रहमत चौराहे के पास से मंगलार को चोरी की वारदात करने के लिए रेकी करने के दौरान दो चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तलाशी में पकड़े गए चोरों के पास से चोरी की सोने की चार अदद अंगूठी, 7,500 रुपये बरामद किया। पूछताछ में पुलिस ने चोरी की चार घटनाओं का पर्दाफाश किया।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि सूचना के आधार पर टेमा रहमत चौराहे के पास दो चोर पकड़े गए। पूछताछ में पकड़े गए चोरों की पहचान विकास उर्फ लाला निवासी मल्लाही टोला थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ,

**पूछताछ में क्षेत्र के सरौली समेत चार जगह हुई चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश हुआ**

निशचंद उर्फ ईशचंद उर्फ शिवरतन उर्फ पंडित निवासी इब्राहिमपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी के रूप में हुई। पकड़े गए चोरों के पास से चार अदद अंगूठी और 7,500 रुपये बरामद हुआ है।

आरोपियों ने बताया कि वे लोग आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी लाभ के लिए आस-पास के जनपदों में विभिन्न स्थानों पर स्थित सनसान जगह वाली दुकानों व अन्य जगहों की रेकी करते थे। उसके बाद चोरी करते हैं।

पूछताछ में बताया कि 27 दिसंबर 2022 की रात में बूधा खुर्द के पास अंग्रेजी शराब की दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने का प्रयास किए थे, लेकिन पड़ोसी के जग जाने के बाद भाग गए थे। 24/25 जनवरी की रात में जनता मार्ग बजरंग नगर व गोरखल गैस गोदाम के सामने गली स्थित मकानों में ताला तोड़कर चोरी किए थे।

6 फरवरी की रात में सरौली स्थित विवेकानंद अस्पताल वाली गली में बंद पड़े मकान के पीछे से चढ़कर चोरी किए थे। बरामद सभी चारों अंगुठियां सरौली स्थित मकान से चोरी की है। बरामद पैसा अन्य स्थानों से चोरी करने के बाद हिस्सेदारी में मिले हैं। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके जेल भेज दिया गया।

# अराजकतत्वों पर रखी जाए कड़ी नजर

## मंडलायुक्त योगेश्वरराम मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को मंडलायुक्त योगेश्वरराम मिश्र की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें आगामी होली एवं शबे-बारात को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही अराजकतत्वों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए।

आयुक्त ने पुलिस विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को उनके कार्यों एवं उत्तरदायित्वों के सापेक्ष अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में जनपद में त्योहारों के दौरान घटनाओं आदि के मद्देनजर



कलेक्ट्रेट में अफसरों के साथ बैठक करते कमिश्नर योगेश्वरराम मिश्र। संवाद

संवेदनशीलता को देखते हुए उप जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी मौके पर जाकर निरीक्षण अवश्य करें।

स्थानीय स्तर के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ भी स्थिति की समीक्षा करें, ताकि किसी भी दशा में असहज स्थिति न उत्पन्न हो। आयुक्त ने त्योहारों के दौरान मदिरा की दुकानों की जांच एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए जांच करने एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। होली पर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ईओ नगर पालिका सहित सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था आदि की भी मॉनीटरिंग करने के लिए निर्देशित किया। आयुक्त ने त्योहारों के दौरान जुलूस के मार्गों के सड़कों को दुरुस्त करने के लिए अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया तथा कहा कि जुलूस मार्गों में बिजली के तारों आदि को पहले से ही देखकर ठीक कर लिया जाए।

आईजी आरके भारद्वाज ने पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने के लिए निर्देशित किया। संवेदनशील जगहों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

इस दौरान जिलाधिकारी संदीप कुमार, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता; अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिरुद्ध कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी खलीलाबाद रमेश चंद्र, उप जिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह, उप जिलाधिकारी धनघटा डॉ. रवींद्रकुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अंशुमान आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने दिए कुर्की के निर्देश

संतकबीरनगर। मगहर पुलिस चौकी के निकट विवादित जमीन प्रकरण में नया मोड़ आ गया है। डीएम संदीप कुमार ने प्रकरण में हस्तक्षेप किया। उन्होंने पुलिस रिपोर्ट पर जमीन को कुर्क किए जाने का एसडीएम सदर को निर्देश दिया। इसके साथ ही कानून व्यवस्था में अवरोध पैदा करने वाले दोनों पक्षों को चिह्नित करके शांतिभंग में पाबंद करने का भी निर्देश कोतवाली पुलिस को दिया।

चार दिन पूर्व फरियाद अनसुनी होने पर पूर्व एसएसबी जवान रघुनंदन यादव ने कलेक्ट्रेट परिसर में खुद पर डीजल उड़ेल कर आत्मदाह की कोशिश की थी। उसके बाद प्रशासन हरकत में आया। इधर दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर आरोप - प्रत्यारोप मढ़े जा रहे हैं। शनिवार को थाना समाधान दिवस में भी एसडीएम रमेशचंद्र ने दोनों पक्षों को बुलाया था। एसडीएम ने तहसीलदार की अध्यक्षता में टीम गठित कर प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट मांगी है।

**विवादित जमीन प्रकरण में डीएम ने किए हस्तक्षेप**

इधर, कोतवाल सर्वेश कुमार ने 26 फरवरी को ही विवादित जमीन प्रकरण में एसडीएम को 145 की रिपोर्ट दी। जिससे विवादित जमीन पर किसी पक्ष के जरिए कोई हस्तक्षेप न किए जा सकें। डीएम संदीप ने बताया कि पुलिस रिपोर्ट के आधार पर विवादित जमीन को कुर्क किए जाने का निर्देश एसडीएम को दिया गया है। जिन लोगों ने गलत तरीका अख्तियार किया है, उनकी जमीन का बैनामा भी निरस्त होगा। शांति व्यवस्था बनाने के लिए कोतवाल को निर्देश दिया कि शरारती तत्वों के खिलाफ पाबंदी की कार्रवाई करें। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि दोनों पक्षों के 20 लोगों को शांतिभंग में पाबंद किया गया है। संवाद

# प्रतिबंधित गोमांस के साथ महिला गिरफ्तार, पति फरार

बेलहर। क्षेत्र के करनजोत में मंगलवार को 25 किलोग्राम प्रतिबंधित गोमांस के साथ महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जबकि उसका पति भागने में सफल रहा। पुलिस ने आरोपी दंपती के खिलाफ केस दर्ज किया है।

एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि करनजोत निवासी मोहम्मद शफीक अपने घर के बगल में गोमांस काटकर लोगों को बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर छापा मारा गया। मौके पर आरोपी की पत्नी गोमांस तौलती पकड़ी गई। पूछताछ में महिला ने अपना नाम शाबरा पत्नी मोहम्मद शफीक बताया। संवाद

# नशे में धुत शख्स ने छात्राओं और शिक्षिकाओं से किया दुर्व्यवहार

## सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने हिरासत में लिया

हरिहरपुर। नगर पंचायत हरिहरपुर कार्यालय के समीप स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरिहरपुर प्रथम में मंगलवार को नशे में धुत एक व्यक्ति ने छात्राओं और तैनात शिक्षिकाओं पर अभद्र टिप्पणी कर उनसे बदसलूकी की। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम व्यक्ति को पकड़ कर साथ ले गई।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरिहरपुर प्रथम पर तीन अनुदेशकों की तैनाती है। उसी परिसर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरिहरपुर द्वितीय भी स्थित है। मंगलवार को नशे में धुत एक व्यक्ति स्कूल के गेट और बाउंड्री के चारों ओर घूमते हुए स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं-शिक्षिकाओं पर अभद्र टिप्पणी कर रहा था। पहले तो शिक्षिकाओं ने उसकी हरकत की अनदेखी करनी चाही, लेकिन जब वह हरकत से बाज नहीं आया, तब तैनात शिक्षिका ने डायल 112 पुलिस को फोन कर मामले की सूचना दी।

मौके पर पहुंची टीम व्यक्ति को पकड़ कर साथ ले गई। तैनात शिक्षिकाओं का कहना है कि मामले की सूचना विभागीय अधिकारियों को भी दे दी गई है। हरिहरपुर चौकी इंचार्ज वीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस मामले से संबंधित कोई जानकारी नहीं हैं। संवाद

# किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया आरोपित

**जासं, संतकबीर नगर** : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र की महिला ने सहजनवां थानाक्षेत्र के युवक पर नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर में पीड़िता की मां ने लिखा है कि उनकी बेटी कक्षा नौ की छात्रा है। रविवार को दिन में वह पिता के पास दुकान में जाने के लिए निकली थी। वह शाम तक जब वापस नहीं लौटी तो उसकी खोज शुरू हुई। इस दौरान पता चला कि वह गोरखपुर जनपद के सहजनवां थानाक्षेत्र के हरदी गांव के सहिल से वह बात करती थी। वही उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया।

# फुसलाकर किशोरी को भगाने में युवक पर केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली किशोरी को युवक बहला फुसला कर भगा ले गया। पीड़ित मां का आरोप है कि उसकी बेटी कक्षा नौ में पढ़ती है।

बेटी 26 फरवरी को दिन में घर पर बता कर अपने पिता की दुकान पर गई। बेटी पिता की दुकान पर नहीं पहुंची और न ही घर लौटी। काफी तलाश की गई, लेकिन बेटी का पता नहीं चला।

बाद में पता चला कि गोरखपुर जिले के सहजनवां क्षेत्र का रहने वाली आरोपी युवक उसकी बेटी को भगा ले गया है। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि आरोपी युवक पर केस दर्ज किया गया। संवाद

# त्योहारों को भाईचारे से मनाने की अपील

## मगहर पुलिस चौकी परिसर में हुई शांति समिति की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी


मगहर पुलिस चौकी पर बैठक करते पुलिस अधिकारी व गणमान्य लोग। संवाद

मगहर। पुलिस चौकी मगहर परिसर में मंगलवार शाम होली व शब-ए-बरात के संबंध में शांति समिति की बैठक चौकी प्रभारी रजनीश राय की अध्यक्षता में हुई। इसमें लोगों से त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई।

चौकी प्रभारी रजनीश राय ने कहा कि आगामी होली व शब-ए-बारात को आपसी सौहार्द पूर्वक मनाएं। कहा कि दोनों पर्व को आपसी प्रेम, सद्भावना एवं परंपरागत तरीके से मनाया जाना चाहिए, जिससे कबीर के मानवतावादी विचारों का संदेश कायम रह सके।

किसी भी पर्व को अपने धर्म के अनुसार मनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिकार है। आगामी सात मार्च को शब-ए-बरात व आठ मार्च को होली पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। हम लोगों को चाहिए कि सभी समुदाय के लोग इसमें सहयोग कर गंगा जमुनी तहजीब पेश करें।

उन्होंने कहा कि आगामी त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। त्योहार में खलल डालने वाले अराज़क तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा।

बैठक में पूर्व चेयरमैन नुरूज्जमा, राजेश वर्मा गुड्डू, सेराज खां, रणजीत, धीरज मिश्रा, मेंहदी हसन, भोलू पासवान, फैज खां फैजी, तनवीर अहमद, विजय कांदू, अवधेश सिंह, विजयप्रकाश गुप्त, त्रिलोकीनाथ वर्मा और अतुल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# पिटाई के आरोप में दो सगे भाइयों समेत चार पर केस

धनघटा। महुली क्षेत्र के चोलखरी में मामूली विवाद में दंपती की पिटाई करने के आरोप में पुलिस ने दो सगे भाई समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पीड़ित शशि प्रभा पत्नी भीमचंद्र का आरोप है कि सोमवार को गांव के श्याम लाल अपने परिजनों के साथ पहुंचे। उसके दरवाजे के सामने खड़ा होकर पति भीम चंद्र को अपशब्द कहने लगे।

एतराज करने पर शशि प्रभा और भीम चंद्र को दौड़ा- दौड़ाकर मारपीट कर घायल कर दिए। आरोप है कि लोग दंपती को जानमाल की धमकी भी, दिए। एसओ संतोष मिश्र ने बताया कि इस मामले में श्याम लाल, अमरदेव, अजय, विजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-03-2023

# चोरी की योजना बनाते दो गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से बाइक और मोबाइल बरामद किया है। इनके विरुद्ध कई मुकद्दमे दर्ज हैं।

पुलिस ने बताया कि मामले के खुलासे लिए एसपी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर लक्ष्मीकान्त गौतम के नेतृत्व में कोतवाली नगर में पांच टीमें गठित की गयी थी। नगर पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर चोरी व लूट की योजना बनाते शातिर लूटेरे सौरभ त्रिपाठी पुत्र पवन कुमार त्रिपाठी निवासी राधाकुण्ड व अब्दुला खान पुत्र शब्बीर खान निवासी चौक बाजार निकट मरकज मस्जिद कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया है।

# तमंचा, कारतूस व चाकू के साथ तीन गिरफ्तार

गोण्डा, संवाददाता। थाना छपिया पुलिस टीम ने मंगलवार को तीन युवकों के पास से दो तमंचा, तीन कारतूस व एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों युवकों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

छपिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी अखिलेश चौहान, संदीप वर्मा, ओंकार गौतम को गिरफ्तार किया गया। जमातलाशी में अखिलेश चौहान के कब्जे से एक देशी तमंचा, दो जिंदा कारतूस, संदीप वर्मा के कब्जे से एक देशी तमंचा एक जिन्दा कारतूस व ओंकार गौतम के कब्जे से एक चाकू बरामद किया है। इन तीनों युवकों के विरूद्ध थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

वहीं तरबगंज पुलिस ने एक आरोपी को चाकू समेत गिरफ्तार किया है। एसओ मनोज पाठक ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान संदिग्ध युवक हरि प्रसाद पुत्र कमलेश निवासी चांदपुर की तलाशी ली गई। जिसके पास से चाकू बरामद कर आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस इस दौरान अवैध असलहों के विरुद्ध अभियान चला रही है। बताया जा रहा है कि यह अभियान अभी और चलेगा।

## चाकू के साथ पकड़ा

गोंडा। जीआरपी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी ने स्टेशन पर हमराह सिपाहियों के साथ विशेष चेकिंग अभियान में प्लेटफार्म नंबर पांच पर एक व्यक्ति को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तलाशी में उसके पास से चोरी की मोबाइल भी बरामद की है। पूछताछ में उसने अपना नाम कर्नलगंज के उमरी गनवलिया निवासी विजय शुक्ला बताया। जीआरपी ने उक्त आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# आरोपी पति-पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

करनैलगंज। थाना परसपुर अंतर्गत ग्राम चरहुवां के मजरा गोसाई पुरवा निवासी केतकी देवी की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। जिसमें अनीता व उनके पति पवन कुमार निवासी ग्राम शर्मा गोसाई पुरवा का नाम शामिल है। तहरीर में कहा गया है कि सोमवार की शाम अनीता अपने पति पवन कुमार के साथ गाली देते हुये उसके दरवाजे पर पहुंचे और मारपीट करने लगे।

# दो पर धोखाधड़ी का केस

खरगूपुर, संवाददाता। धोखाधड़ी कर तालाब की जमीन बैनामा कराने के मामले में डीआईजी के आदेश पर महिला सहित दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरैनिया का है।

सुभाष नगर कोतवाली गोंडा निवासी मयंकर तिवारी पुत्र कृष्ण मुरारी ने थाने पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि यहां के निवासी राम मनोहर व देवमति पत्नी विनोद ने धोखाधड़ी कर तालाब की भूमि का बैनामा करा लिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि जानकारी होने पर थाने पर शिकायत किया लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर डीआईजी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया। उनके निर्देश पर दोनों के विरुद्ध पुलिस ने धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

# दहेज हत्यारोपी पति को उम्रकैद

**फैसला**

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. अनामिका चौहान ने दहेज हत्यारोपी पति को उम्रकैद व अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता घनश्याम पांडेय के अनुसार जिला बहराइच के जलालपुर थाना विसेसरगंज निवासी सर्वेश कुमार ने थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम टेढ़ी गोसाईं पुरवा निवासी लल्लन उर्फ मुकेश गोस्वामी पुत्र राधेश्याम के विरुद्ध इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपनी बहन की शादी आरोपी साथ की थी। हैसियत के मुताबिक दान दहेज भी दिया गया था। इसके बावजूद भी आरोपी उसे प्रताड़ित करता था। जिसकी मांग पूरी न होने पर उसे सोलह अप्रैल 2019 को गला कसकर मार दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के बाद आरोपी को दहेज हत्यारोपी का दोषी करार देते हुए उम्रकैद का कठोर कारावास व पचास हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## दुराचार के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

गोंडा। विशेष न्यायाधीश (पास्को एक्ट) चन्द्र मोहन चतुर्वेदी ने नाबालिग से दुराचार करने के आरोपी को बीस वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

विशेष अभियोजक( पास्को एक्ट) अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्रा के अनुसार थाना मोतीगंज के अंतर्गत ग्राम हड़हवा निवासी दिलीप कुमार वर्मा पुत्र राम नरेश के विरुद्ध इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दस मार्च 2018 को वादी की नाबालिग पुत्री दोपहर करीब करीब तीन बजे शौच के लिए गई थी। जिसे आरोपी ने सरसो के खेत में ले जाकर जबरन दुराचार किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। कोर्ट ने अभियोजन व बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के बाद आरोपी को दुष्कर्म करने का दोषी करार देते हुए पाक्सो एक्ट में बीस वर्ष का कठोर कारावास व बीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# अपहरण का मुकदमा

**परसपुर :** कोचिंग पढ़कर घर जा रही छात्रा का पसका मोड़ से अपहरण कर लिया गया। छात्रा के हल्ला गोहार करने पर आरोपित उसे छोड़कर भाग खड़े हुए। पीड़िता के भाई की तहरीर पर आलोक सिंह व पिंकू यादव के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। बताया जाता है कि छात्रा कोचिंग पढ़कर साइकिल से घर जा रही थी। रास्ते में पसका मोड़ के पास बाइक सवार दोनों आरोपितों ने उसका अपहरण कर लिया।

# श्रमिक व ठेकेदार पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**संसू, उमरीबेगमगंज (गोंडा) :** गंगरौली स्थित ईंट भट्ठा के मालिक अजय सिंह ने दो श्रमिक व ठेकेदारों के विरुद्ध धोखाधड़ी कर करीब 10 लाख रुपये लेकर फरार होने का आरोप लगाया है।

थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि भट्ठा मालिक अजय सिंह की तहरीर पर गंगाराम व मेट सियाचंद निवासी थाना पचपेड़ी जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है। अजय सिंह ने बताया कि कोयले के दाम बढ़ जाने से प्रदेश के भट्ठा संचालक गत कई दिनों से हड़ताल पर थे। उन्होंने ठेकेदार व मेट को पूर्व में ही उनके खाते में सात लाख 50 हजार रुपये दिए थे। एक सप्ताह पूर्व ठेकेदार श्रमिकों को लाया। उसने 15 हज़ार रुपये के हिसाब से रुपये मांगे। रुपये देने के बाद वह सब भाग निकले।

# सींचपाल समेत दो पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**संसू, उमरी बेगमगंज (गोंडा) :** सरकारी भूमि का बैनामा सिंचाई विभाग को करने के मामले में डीएम डा. उज्ज्वल कुमार के आदेश पर सींचपाल समेत दो के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा किया गया है। ग्रामसभा लिलोईकला के प्रधान अजय प्रताप के मुताबिक गांव के ही अशोक सिंह ने बंजर खाते की 67 बिस्वा भूमि वर्ष 2013 में सिंचाई विभाग के सींचपाल अखिलेश कुमार से मिलकर राज्यपाल के पक्ष में बैनामा किया था। जालसाजी करके जमीन का मुआवजा भी ले लिया गया। प्रधान ने तरबगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की थी।

**सात मोबाइल बरामद :** नगर कोतवाली पुलिस ने लूट व चोरी की घटनाओं में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिल, सात मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एसपी आकाश तोमर के निर्देश पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। टीम ने कचहरी रेलवे स्टेशन के निकट सिविल लाइंस में आरोपित सौरभ त्रिपाठी निवासी राधाकुंड व अब्दुल्ला खान निवासी चौक बाजार को गिरफ्तार कर लिया।

# चार नए थानों की हो स्थापना तो लगे अपराधों पर अंकुश

बजट में शहर

धनंजय तिवारी ● गोंडा





बालपुर रिपोर्टिंग पुलिस चौकी, अंबेडकर चौराहा पर लगा जाम ● जागरण

जिले की कानून व्यवस्था बनाए रखने में आए दिन थानों की कमी मुख्य रूप से बाधा बन सामने आ रही है। पीड़ितों की पहुंच भी थानों तक आसानी से नहीं हो पा रही है। वैसे तो जिले में बीते एक दशक से चार नए थाना की स्थापना को लेकर कवायद तो हुई, लेकिन विभिन्न कारणों से सारी कार्रवाई फाइलों में कैद हो कर रह गई। अब गौरा में एक नए थाना की स्थापना को लेकर कार्रवाई तेज हो गई है। भूमि को चिह्नित कर कागजी कोरम पूरा किया जा रहा है। यातायात सिग्नल की व्यवस्था न होने से अक्सर शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है।

जिले में मौजूदा समय 2600 आरक्षी और 318 उपनिरीक्षक तैनात हैं। 51 निरीक्षकों की भी तैनाती है। इनमें पांच सौ से अधिक महिला आरक्षी शामिल हैं। जिले में कुल 18 थाने हैं। थानों में सीसी कैमरे लगे हुए हैं। आरक्षियों के लिए सभी थानों में बैरक का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही सभी थानों में विवेचना कक्ष का भी निर्माण किया गया है। इससे उपनिरीक्षकों को विवेचना के लिए इधर-उधर बैठने के लिए विवश नहीं होना पड़ता। पुलिस लाइन परिसर में 200 आरक्षियों के लिए नया बैरक भवन भी बनाया जा चुका है। गत एक दशक में जिले में चार नए थाना स्थापित करने की कवायद शुरू हुई थी। नगर कोतवाली व देहात कोतवाली के गांवों को विभाजित कर सिविल लाइंस थाना खोले जाने की कवायद शुरू हुई थी। नगर में कई स्थानों पर भूमि की तलाश की गई, लेकिन मानक न पूरा होने के कारण फाइल ठंडे बस्ते में चली गई। इसी तरह डुमरियाडीह, बालपुर, गांधी चबूतरा व गौरा में भी नया थाना खोले जाने की कार्रवाई शुरू हुई। गौरा में ही नए थाना की स्थापना के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है।

### जल्द ही पूरी होगी कार्रवाई



अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने कहा कि गौरा में नए थाना की स्थापना के लिए भूमि को चिह्नित कर कागजी कार्रवाई पूरी की जा रही है। कार्रवाई पूरी होते ही इसकी रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय भेजी जाएगी। बजट आवंटित होते ही निर्माण शुरू होगा। आरक्षियों के लिए थाना परिसर में नए बैरक का निर्माण कराया गया है।

# पत्नी की हत्या में आजीवन कारावास

**संसू, गोंडा** : पत्नी की हत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ डा.अनामिका चौहान ने पति लल्लन उर्फ मुकेश गोस्वामी निवासी टेढ़ी गोसाई पुरवा थाना कटरा बाजार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी घनश्याम पांडेय ने बताया कि 16 अप्रैल 2019 को मृतका के भाई ने बहनोई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उधर दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट चन्द्र मोहन चतुर्वेदी ने दिलीप कुमार वर्मा को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। वहीं द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डा.दीनानाथ तृतीय ने अवैध शराब की बिक्री करने के मामले में बम्बू, राजकुमार व विद्यादेवी निवासिनी वनपुरवा खिरिया थाना वजीरगंज को दो-दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश राजबहादुर रामदेव यादव ने कुंवरलाल उर्फ सचिन निवासी अदमापुर थाना उमरीबेमगंज को नौ माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएसएक्ट अनुपम शुक्ल के मुताबिक 17 जुलाई 2022 को पुलिस ने कुंवरलाल के पास से चेकिंग के दौरान गांजा बरामद किया था।

# एके 47 के साथ फोटो वाले का इतिहास खंगालने में जुटी पुलिस

**संसू, गोंडा** : नगर कोतवाली के इंद्रापुर सेमरा के रहने वाले फुरकान अली की एके-47 राइफल के साथ इंटरनेट मीडिया पर फोटो वायरल होने के मामले की जांच पुलिस ने तेज कर दी है। पुलिस के साथ खुफिया एजेंसियां फुरकान का इतिहास खंगालने में जुट गई हैं। पुलिस की टीम ने उसके घर जाकर जानकारी हासिल की।

प्रतिबंधित असलहा उसके हाथ कैसे लगा और उससे कौन-कौन लोग जुड़े हैं इस सबकी पड़ताल पुलिस ने शुरू कर दी है। अयोध्या व नेपाल सीमा से जुड़े होने के कारण पुलिस इसे गंभीर मान रही है। दो दिन पूर्व फुरकान अली की एके-47 राइफल के साथ इंटरनेट मीडिया पर फोटो वायरल हुई तो पुलिस हरकत में आ गई।

पूरे मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली राकेश कुमार सिंह ने कहा कि इंद्रापुर का रहने वाले फुरकान के पिता कुर्बान अली की मौत हो चुकी है। फुरकान छह भाई हैं। फुरकान गत नवंबर में सऊदी के नजरान शहर में कमाने गया है। इस समय वह वहीं है। उसके कुछ भाई ई-रिक्शा चलाते हैं तो कुछ मोटरपार्ट्स की दुकान पर काम करते हैं। इंटरनेट मीडिया पर फोटो हाल में ही पोस्ट की गई है। फुरकान अली के हाथ प्रतिबंधित असलहा एके-47 राइफल कैसे लगी।

फोटो कहां की और कब खींची गई इस सब की पड़ताल में पुलिस जुट गई है। फुरकान के घरवालों के साथ उससे जुड़े सभी लोगों की पड़ताल की जा रही है। फुरकान व उसके छोटे भाई का विवाह नहीं हुआ है।

सऊदी अरब जाने से पूर्व फुरकान क्या करता था और किसके माध्यम से वह सऊदी गया इन स ब बातों की पड़ताल पुलिस कर रही है। सऊदी के नजरान में वह क्या काम करता है और उसके तार किस-किस से जुड़े हैं, इस सबकी जांच कर पुलिस रिपोर्ट तैयार भी कर रही है। सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि सभी बिंदुओं की गहनता से छानबीन की जा रही है।

# सरकारी कार्य में बाधा : जांच करेंगी सीओ सदर

**संवादसूत्र, इटियाथोक( गोंडा)** : अर्जनपुर ग्राम पंचायत स्थित गो-आश्रय केंद्र पर बेसहारा गाय-बैलों को संरक्षित करने के दौरान पंचायत सचिव व उनके सहयोगियों के साथ गत दिवस अभद्रता की गई थी।

इस मामले की शिकायत ग्राम सचिव ने एसडीएम से की थी। एसडीएम ने इसकी जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी को सौंपी है। दोषियों पर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। गत 21 फरवरी को सचिव संतोष कुमार ने एसडीएम को शिकायती दिया था। कहा कि सिंघवापुरवा व मेहनौन ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालयों में ग्रामीणों ने पकड़े गए गाय-बैलों को संरक्षित करने के लिए गई टीम के साथ अभद्रता की गई। इतना ही सरकारी कार्य में बाधा डालने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी गई।

एसडीएम सदर कुलदीप सिंह ने सीओ सदर शिल्पा वर्मा को जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कुलदीप सिंह के अनुसार वे जलद ही वे रिपोर्ट सौंप देंगे।

# आरोपित गिरफ्तार

**आर्यनगर :** मारपीट के आरोपित सहजनवा निवासी सुमित कुमार, जितेंद्र शुक्ल, अमित कुमार व जितेंद्र पांडेय को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष विद्यासागर पांडेय ने कहा कि आरोपितों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था। (संसू)

# रास्ते पर अवैध कब्जे का वीडियो वायरल

गोंडा। नगर कोतवाली क्षेत्र के दत्तनगर बसवरिया गांव में सरकारी रास्ते पर अवैध कब्जा किए जाने का वीडियो वायरल हो रहा है। दबंग ट्रैक्टर से रास्ते की जोताई करते दिख रहे हैं। डायल 112 पुलिस भी वहां खड़ी है। बावजूद इसके अवैध कब्जा कर लिया गया। गांव के रामसेवक मिश्र, श्रीनिवास, नौरंग सिंह, अवधेश सिंह, काशीराम मिश्र, सोनूआदि ने एसडीएम को पत्र देकर कब्जा हटाने की मांग की है। एसडीएम ने जांच के निर्देश दिए हैं।

# तालाब की जमीन का कराया बैनामा, दो पर एफआईआर

खरगूपुर (गोंडा)। धोखाधड़ी कर तालाब की जमीन बैनामा कराने के मामले में मंगलवार को डीआईजी के आदेश पर महिला सहित दो लोगों के विरुद्ध पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरैनिया का है।

सुभाष नगर कोतवाली नगर गोंडा निवासी मयंकर तिवारी पुत्र कृष्ण मुरारी ने थाने पर दर्ज कराए प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि यहां के निवासी राम मनोहर और देवमति पत्नी विनोद ने धोखाधड़ी कर तालाब की भूमि का बैनामा करा लिया। आरोप है कि जानकारी होने पर थाने पर शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।जिस पर डीआईजी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया। आदेश होने पर दोनों के विरुद्ध पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि राम मनोहर व देवमति पत्नी विनोद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

गोंडा। पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि सौरभ त्रिपाठी निवासी राधाकुंड कोतवाली नगर व अब्दुला खान निवासी चौक बाजार मरकज मस्जिद कोतवाली नगर को पकड़ा गया है। दोनों के पास से चोरी की सात मोबाइल फोन बरामद हुआ है। संवाद

### मवेशी से टकराई कार, दो घायल

बालपुर (गोंडा)। गोंडा-लखनऊ पर परसा गोडरी के पेट्रोल पंप के पास सोमवार देररात पोर्टरगंज जा रहे युवक की कार मवेशी से टकरा गई। कार अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में सौम्य शुक्ल व नितिन गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें बालपुर चौकी के आरक्षी अनिल सिंह ने जिला अस्पताल भेजवाया। संवाद

# मिलावटी शराब बनाने में तीन को दो साल की सजा

## तीन दोषियों में दो महिलाएं भी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। नवाबगंज थाना क्षेत्र में मिलावटी शराब बनाकर बेचने के मामले में कोर्ट ने तीन दोषियों को दो साल का कारावास और आठ हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि साल 2019 में थाना वजीरगंज पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम बनपुरवा खिरिया में छापेमारी कर शराब बनाने के दौरान वहां के निवासी बंबू, राज कुमारी और विद्या देवी को अपमिश्रित कच्ची शराब, नौसादर, 17 क्विंटल लहन आदि बरामद किया था। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और पुख्ता साक्ष्य मिलने पर आरोपी बंबू, राज कुमारी और विद्या देवी के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। मंगलवार कोनिर्णय सुनाते हुए अपर जिला जज-2 डॉ. दीनानाथ तृतीय ने आरोपी बंबू, राज कुमारी व विद्या देवी को को मिलावटी कच्ची शराब बनाने व बेचने के अपराध में दो-दो साल साधारण कारावास और आठ-आठ हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

# बंजर जमीन का बैनामा करवाने में चार लोगों पर एफआईआर

उमरी बेगमगंज (गोंडा)। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिंचाई विभाग के सींचपाल समेत चार लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इन लोगों ने गांव की बंजर जमीन का ही बैनामा करा लिया।

क्षेत्र के लिलोई कला निवासी अजय प्रताप ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप था कि उसके गांव के ही अशोक सिंह तथा सरयू नहर खंड प्रथम गोंडा के सींचपाल अखिलेश कुमार ने कूट रचित दस्तावेज तैयार करके धोखाधड़ी से गांव की बंजर भूमि का बैनामा करा लिया। एसपी के निर्देश पर थाने में पुलिस ने जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज की है।

एक अन्य मामले में ग्राम पंचायत अमदही निवासी अजय सिंह ने उमरी थाने में ग्राम मानिकचौरी पोस्ट मस्तूरी थाना पचपेड़ी जिला विलासपुर छत्तीसगढ़ निवासी एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि षड्यंत्र करके मजदूरी के लिए अग्रिम भुगतान ले लिया और ईंट-भट्टे पर काम कर रहे मजदूरों को भगा दिया। थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज संजीव वर्मा ने बताया कि दो मामलों में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। संवाद

# हत्यारे पति को उम्रकैद , 50 हजार जुर्माना

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। कोर्ट ने चार वर्ष पुराने मामले में पत्नी की हत्या के आरोपी पति को सश्रम आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।



**दहेज उत्पीड़न के अपराध में कोर्ट ने सुनाई सजा**

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी घनश्याम पांडेय ने बताया कि बहराइच जिले के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पहुंचकट्टा जलालपुर निवासी सर्वेश कुमार गिरि ने 16 अप्रैल 2019 को कटरा बाजार थाने में प्रार्थनापत्र देकर कहा कि आठ साल पहले उसके बहन की शादी लल्लन उर्फ मुकेश गोस्वामी निवासी टेढ़ी गोसाईंपुरवा थाना कटरा बाजार के साथ हुई थी। दहेज की मांग कर उसके बहनोई बहन को मारते पीटते थे। जब वह आया तो बहन का शव चारपाई पड़ा मिला। गले में फांसी लगाने का निशान था। वादी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

विवेचना के दौरान दहेज हत्या का साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी पति लल्लन उर्फ मुकेश गोस्वामी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

मंगलवार को निर्णय सुनाते हुए एडीजे-4 डॉ. अनामिका चौहान ने दोषी अभियुक्त लल्लन उर्फ मुकेश गोस्वामी को पत्नी की हत्या के अपराध में सश्रम आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया।

## नाबालिग से दुष्कर्म में दोषी को 20 साल की सजा

गोंडा। बालिका से दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के पांच साल पुराने मामले में कोर्ट ने आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पॉक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि नाबालिग पीड़िता ने थाना मोतीगंज में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 10 मार्च 2018 की शाम तीन बजे शौच के लिए खेत में गई थी। तभी दिलीप ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी दिलीप कुमार के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मंगलवार को मामले में निर्णय सुनाते हुए स्पेशल जज (पाक्सो एक्ट) चंद्रमोहन चतुर्वेदी ने आरोपी दिलीप को नाबालिग बालिका से दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के अपराध में 20 साल सश्रम कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। संवाद

## किशोरी के अपहर्ता को सात वर्ष की कैद

बलरामपुर। नाबालिग लड़की को अगवा करने के मामले में न्यायालय ने दोषी व्यक्ति को सात वर्ष के कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि 21 अप्रैल 2017 को एक व्यक्ति ने थाना गौरा चौराहा में तहरीर दी थी। इसमें बताया कि 20 अप्रैल 2017 को उसकी नाबालिग लड़की लापता हो गई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट जहेंद्र पाल सिंह ने मुनव्वर को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने मुनव्वर को सात वर्ष के कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-03-2023

# बिना रजिस्ट्रेशन चलता मिला अस्पताल

## निरीक्षण

बलरामपुर, संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गैसड़ी के अन्तर्गत पीएनडीटी प्राइवेट अस्पताल बालापुर का अपर सीएमओ डा. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने औचक निरीक्षण किया। एसीएमओ को यह शिकायत मिली थी कि यह अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित किया जा रहा है। यहां मरीजों का शोषण होता है।

शिकायत मिलने पर सीएमओ डा. सुशील कुमार के निर्देश पर मंगलवार को अपर सीएमओ डा. एसके श्रीवास्तव ने यहां छापेमारी की। एसीएमओ ने बताया कि शिकायत सही पाई गई है।

यह पीएनडीटी अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित पाया गया है। अस्पताल में ही आफरीन हेल्थ केयर एण्ड जच्चा बच्चा केन्द्र संचालित किया जा रहा था। यहां की व्यवस्थाएं ठीक नहीं मिलीं। न ही अल्ट्रासाउण्ड से सम्बंधित मशीन व चिकित्सक पाए गए। एसीएमओ ने बताया कि इसके संचालक डा. एचआर खान हैं। जिनके विरुद्ध नोटिस जारी किया गया है। एसीएमओ का कहना है कि स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि यहां इलाज के नाम पर मरीजों का शोषण किया जाता है। जबकि इस जच्चा बच्चा केन्द्र पर डा. एफए खान व डा. महजबी खान बैठती हैं। निरीक्षण के दौरान कोई नहीं मिला। एसीएमओ ने बताया कि नोटिस का समुचित जवाब न मिलने पर सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अस्पताल का निरीक्षण करते एसीएमओ व अन्य

# पति-पत्नी के बीच समझौता कराया

उतरौला। महिला रिपोर्टिंग चौकी पुलिस ने सुलह समझौते के बाद एक पारिवारिक मामले का निस्तारण कराया है। चौकी प्रभारी अनुपमा त्यागी ने बताया कि थाना गैंड़ास बुजुर्ग निवासिनी महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति उसे तलाक देने की धमकी देते हैं। अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते हैं। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह समझौता कराकर मामले का निस्तारण करा दिया गया है।

# दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किए गए

श्रीदत्तगंज। रेहरा बाजार पुलिस अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चला रही है। अभियान के दौरान पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सीओ उतरौला उदय राज ने बताया कि थाना रेहरा बाजार में वांछित अभियुक्त मेजर पुत्र अज्जू व मोहम्मद लुकमान पुत्र मोहम्मद वसीम खान निवासीगण महदेइया थाना रेहरा बाजार को उपनिरीक्षक शमशाद अली ने गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया गया है।

# 350 ग्राम चरस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। प्रभारी निरीक्षक विपुल कुमार पाण्डेय ने बताया कि थाना क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान रूखी मंझारी निवासी नसीमुल्लाह पुत्र समीउल्लाह को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 350 ग्राम चरस बरामद हुआ है। अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

# स्मैक के साथ चार गिरफ्तार

बलरामपुर। नेपाल से स्मैक की तस्करी के आरोप में देहात पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाल राजकुमार सरोज ने बताया कि हसुवाडोल पावर प्लांट के पास कांति देवी, तिलका देवी, रियाज व चांद अली को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 28 ग्राम स्मैक व 26 हजार रुपये बरामद हुए हैं। ये लोग नेपाल से स्मैक लाकर यहां बेचते हैं। वहीं, श्रीदत्तगंज पुलिस ने 350 ग्राम चरस के साथ नसीमुल्लाह निवासी रूखी मझारी को गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# स्मैक व नकदी के साथ चार गिरफ्तार

बलरामपुर, संवाददाता। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने स्मैक के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया है। थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज ने बताया कि उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेस्टबल राम नाथ यादव, विजय प्रकाश, महिला कांस्टेबर ज्योति मिश्रा के साथ हंसुआडोल पावर प्लांट के पास क्षेत्रभ्रमण अभियान पर थे। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों को चेकिंग के लिए रोका गया तो वे भागने लगे। पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। उनके पास से 28 ग्राम स्मैक व 26075 रुपए नकद बरामद किया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम पता थाना ढेबरुआ निवासी रियाज अहमद , हंसुआडोल निवासी तिलका देवी पत्नी राजू, कांति देवी पत्नी राम बरन व गढ़वाकलाँ निवासी चांद अली बताया।

# अवैध शराब के खिलाफ अभियान आज से चलेगा

बलरामपुर। होली के मद्देनजर अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ एक मार्च से विशेष अभियान शुरू हो रहा है। 15 मार्च तक चलने वाले अभियान को लेकर जिला प्रशासन ने आबकारी विभाग को जिम्मेदारी सौंपी है।

डीएम डॉ. महेंद्र कुमार ने पुलिस, प्रशासन व आबकारी की संयुक्त टीम गठित करके अवैध शराब के विरुद्ध एक से 15 मार्च तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इसमें अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ये टीमें आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण भी करेंगी।

आबकारी दुकानों के नवीनीकरण के पश्चात अवशेष अव्यवस्थित देशी शराब की छह, विदेशी मदिरा की एक तथा भांग की तीन दुकानों का व्यवस्थापन मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ई-लाटरी से किया गया। इस दौरान एडीएम प्रदीप कुमार, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, आबकारी आयुक्त द्वारा नामित सदस्य व जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# एएसपी ने आवासों का निरीक्षण किया

हि असर

बलरामपुर, संवाददाता। आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान ने पुलिस कर्मियों के जर्जर आवासों की समस्या को लेकर प्रकाशित हुई खबर का महकमे ने संज्ञान लिया है। मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने एसपी के निर्देश पर पुलिस लाइन परिसर में बन रहे आवासीय भवनों तथा पहले से बने आवासों का जायजा लिया। यहां एक ओर एएसपी ने नए भवनों का निर्माण कार्य समय से पूरा करने का निर्देश दिया वहीं दूसरे ओर पुराने भवनों की स्थिति को देखकर उसकी मरम्मत व रंगाई पुताई कराने का निर्देश दिया।



एएसपी ने एसपी के निर्देश पर बन रहे आवासीय भवनों का जायजा लिया।

हिन्दुस्तान अखबार ने दो दिन पूर्व जर्जर भवनों में रहने को मजबूर हैं पुलिस कर्मी शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिले के तमाम पुलिस कर्मी या तो जर्जर भवनों में रह रहे हैं और या फिर बाहर किराए के भवन में रहते हैं। हिन्दुस्तान की पड़ताल में यह बात सामने आई थी कि जिले की सुरक्षा का बोझ अपने कंधों पर उठाने वाले यहां के पहरेदारों के लिए एक अदद आवास की भी व्यवस्था नहीं है। जिस बैरक में पुलिस कर्मी रह रहे हैं वहां पर बिजली पानी व शौचालय की भी व्यवस्था नहीं है। मंगलवार को एएसपी ने पुलिस लाइन में निर्माणाधीन व पहले से बने भवनों का निरीक्षण किया। एएसपी ने कहा कि जो भी नए भवन बनाए जा रहे हैं उसे गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। बने आवासीय भवनों में समस्या होने की शिकायत लोगों ने की जिस पर उन्होंने भवनों की मरम्मत का रंगाई पुताई कराने का निर्देश दिया।

# फंदे से लटकी मिली महिला, तीन पर केस

श्रीदत्तगंज (बलरामपुर)। ग्राम पंचायत गुमड़ी के मजरे राजिंदर गंज में मंगलवार को जगदीश प्रसाद की पत्नी इंद्रावती (40) का शव घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतका के भाई बलराम ने थाने में तहरीर देकर अपने जीजा जगदीश प्रसाद तथा उनके पड़ोसी दंपती पर हत्या करने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर विपुल पांडेय ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पति जगदीश, पड़ोसी कर्ताराम व उसकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है। (संवाद)

# 15 फर्जी शिक्षकों की सेवा समाप्त की जाएगी वेतन की रिकवरी

## अभिलेख सत्यापन के बाद **खुली पोल** प्रबंधकों को एफआइआर का निर्देश

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** माध्यमिक शिक्षा विभाग में कूटरचित दस्तावेजों के सहारे नौकरी हथियाने वाले शिक्षकों की कलई खुलने लगी है। अशासकीय सहायता प्राप्त नौ इंटर कालेजों में नियुक्त 15 शिक्षकों के अभिलेख फर्जी मिलने पर उनकी सेवा समाप्त कर दी गई है। संबंधित विद्यालयों के प्रबंधकों को फर्जी शिक्षकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इन फर्जी शिक्षकों को दिए गए वेतन की रिकवरी कराई जाएगी।

**इन फर्जी अध्यापकों की सेवा समाप्त :** अशासकीय विद्यालयों में नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों के अभिलेखों का सत्यापन कराने पर शैक्षिक अभिलेख कूटरचित पाए गए। इनमें बीपीएस इंटर कालेज रेहराबाजार की कल्पना मौर्या, मोहनलाल रमलाल इंटर कालेज शिवपुरा के संतोष कुमार चंद, राजकुमार दुबे, भारतीय इंटर कालेज उतरौला की शिल्पी केसरी, प्रियंका मिश्र, जितेंद्र कुमार कुशवाहा, एमपीपी इंटर कालेज के मुकेश पांडेय, हरि शंकर प्रसाद, डीएवी इंटर कालेज के भूपेंद्र यादव, विकास चंद्र मिश्र, रामशंकर भारतीय इंटर कालेज मथुरा बाजार के मनोज कुमार सिंह, प्रेमलता, लोकमान्य तिलक इंटर कालेज पचपेड़वा के सांगा तोमर, स्वतंत्र भारत इंटर कालेज तुलसीपुर के मितेश यादव व बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज रेहराबाजार के धर्मेंद्र मिश्र शामिल हैं।

**एफआइआर संग होगी वेतन रिकवरी :** जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम का कहना है कि फर्जी अभिलेखों के सहारे नौकरी करने वाले 15 शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई है। सभी विद्यालय प्रबंधकों को निर्देश दिया गया है कि तत्काल जालसाजों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराएं। नियुक्ति तिथि से अब तक किए गए वेतन भुगतान की रिकवरी कराई जाएगी।




जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ● जागरण आर्काइव

### एक माह पूर्व ये मिले थे फर्जी

जनवरी में बसंत लाल इंटर कालेज तुलसीपुर में दो शिक्षक फर्जी पाए गए थे। इन्हें एफआइआर की चेतावनी देकर स्पष्टीकरण तलब किया गया था। इससे पूर्व बलरामपुर बालिका इंटर कालेज में शिक्षिका के अभिलेख फर्जी मिलने पर निलंबन के साथ एफआइआर दर्ज कराई जा चुकी है। इन शिक्षकों के फर्जी अभिलेखों का राज खुलने के बाद नियुक्ति के समय हुआ सत्यापन भी सवालों के घेरे में है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, तीन पर हत्या का केस

**संवादसूत्र, श्रीदत्तगंज (बलरामपुर)** : गुमड़ी गांव निवासी इंद्रावती का शव मंगलवार सुबह दुपट्टे के फंदे से लटकता पाया गया। मृतका के भाई बलराम यादव ने बहनोई जगदीश प्रसाद यादव समेत अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने जगदीश, कर्ताराम व उसकी पत्नी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया।

बलराम ने दी गई तहरीर में कहा है कि बहन इंद्रावती की शादी जल्लहवा पिपरा रामचंदर गांव निवासी जगदीश के साथ हुई थी। जगदीश राजेंद्रगंज गुमड़ी में मकान बनाकर रहने लगा था। करीब छह माह पूर्व जगदीश का अन्य महिलाओं के साथ अवैध संबंध हो गया। इंद्रावती इसका विरोध करती थी, जिस पर जगदीश उसके साथ मारपीट करता था। इसी रंजिश में सोमवार सुबह जगदीश ने इंद्रावती का दुपट्टे से गला घोंटकर फंदे से लटका दिया। थानाध्यक्ष विपुल पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# 28 ग्राम स्मैक के साथ चार लोग गिरफ्तार

**बलरामपुर** : कोतवाली देहात की पुलिस ने 28 ग्राम स्मैक के साथ चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने बताया कि सिद्धार्थनगर जिले के थाना ढेबरूआ बढ़नी निवासी रियाज अहमद, कोतवाली देहात के हसुवा डेल निवासी तिलका देवी व कांती देवी और हरैया थाना के गढ़वाकला निवासी चांद अली को गिरफ्तार किया गया है। चारों के पास से अलग-अलग मात्रा में चरस बरामद की गई है। चारों के पास से 26 हजार 75 रुपये नकद भी बरामद किया गया है। (संसू)

# मादक पदार्थ के तस्कर पकड़ा गया

**श्रीदत्तगंज** : पुलिस ने मादक पदार्थ के तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विपुल कुमार पांडेय ने बताया कि रूखी मझारी निवासी नसीमुल्लाह को 350 ग्राम चरस के साथ जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# देशी शराब व विदेशी मदिरा के साथ भांग की 10 दुकानों का आवंटन

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : देशी शराब व विदेशी मदिरा के साथ भांग की 10 दुकानों का आवंटन कर दिया गया है। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को ई-लाटरी से आबकारी की दुकानें आवंटित कर दी गई हैं। शेष दुकानों का नवीनीकरण किया गया।

देशी शराब की छह, विदेशी मदिरा की एक और भांग की तीन दुकानों का व्यवस्थापन ई-लाटरी प्रणाली से किया गया। अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी व आबकारी निरीक्षक अनंत कुमार मिश्र की मौजूदगी में ई-लाटरी कराई गई है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि देशी शराब में धुसाह की अनुसुइया गुप्ता, नथुनियामोड की राम सवेरे, बलदेव नगर की प्रमोद कुमार मिश्र, बडहराकोट के दिलीप चंद्र त्रिपाठी, मुजहनी की मनीष कुमार सिंह व समदा की रेखा देवी को दुकान अलाट की गई है। विदेशी मदिरा में रमईडीह की उमांशकर त्रिपाठी को दुकान मिली है। भांग में तुलसीपुर के बलरामपुर चौराहा व महराजगंज तराई की किशन गुप्त व पचपेड़वा पुरानी बाजार की दुकान महेश कुमार को आवंटित हुई है। केवल एक देशी शराब की सिविल लाइन मुहल्ले की दुकान आवंटित नहीं की गई है। अगले चरण में आवंटित कराई जाएगी। भांग की सात दुकानों का आवंटन कराना अवशेष है।

# आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां, मतदान कल

बलरामपुर। ग्राम प्रधान के छह पदों के लिए उपचुनाव की तैयारी पूरी हो गई है। एक मार्च को संबंधित विकासखंड कार्यालय से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। दो मार्च को मतदान व चार मार्च को मतगणना होगी।

## ग्राम प्रधान के छह पदों के लिए उपचुनाव

सदर ब्लॉक की ग्राम पंचायत महादेव मिश्र, तुलसीपुर ब्लॉक की सुदर्शनजोत, गैसड़ी की चौकिया, पचपेड़वा की सकरीकुईयां, उतरौला की चीती व रेहरा बाजार ब्लॉक की विशंभरपुर ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए उपचुनाव होना है।

इसके लिए पोलिंग पार्टियां एक मार्च को विकासखंड कार्यालय से रवाना की जाएंगी। सदर ब्लॉक कार्यालय से छह, तुलसीपुर ब्लॉक से तीन, गैसड़ी से चार, रेहरा बाजार से तीन, पचपेड़वा व उतरौला ब्लॉक कार्यालय से दो-दो पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी।

अपर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि ग्राम प्रधान के छह पद पर उपचुनाव के लिए दो मार्च को मतदान होना है। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गईं हैं। संबंधित बीडीओ की देखरेख में पोलिंग पार्टियां मतदान स्थल भेजी जाएंगी। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 01-03-2023

हिन्दुस्तान

# जेल में बंदियों-बैरकों की सघन तलाशी

बहराइच, संवाददाता। जेलों में बंदियों के बीच हो रहे गैंगवार को देखते हुए मंगलवार को जिला कारागार में भी डीएम व एसपी की मौजूदगी में बैरकों को खंगाला गया। एक-एक बंदियों की सघन तलाशी पुलिस कर्मियों ने लिया। बंदियों की सुरक्षा व सुविधाओं का भी अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया। हालांकि एक घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन में बैरकों में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

डीएम डॉ. दिनेश चंद्र, एसपी प्रशांत वर्मा व एसडीएम सदर सुभाष सिंह धामी पुलिस कर्मियों के संग दोपहर बाद जिला कारागार पहुंचे। उन्होंने बैरकों की तलाशी शुरू कराई। पुलिस कर्मियों ने बैरकों में निरुद्ध बंदियों के बिछावन को उलट-पलट कर देखा। अंदर बने शौचालयों को भी देखा। खूंखार अपराधियों की सुरक्षा का भी जायजा लिया। महिला बंदियों के बैरकों का निरीक्षण कर साफ-सफाई को भी देखा। एक-एक बंदी की तलाशी के बाद कोई भी वस्तु बैरक में नहीं मिली। इसके बाद अधिकारी पाकशाला पहुंचे। यहां बंदियों के लिए तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता को देखा। साथ ही सीसी कैमरे से भी बैरकों की निगरानी को भी परखा।

लगभग एक घंटे के बाद सभी अधिकारी जेल से बाहर निकले। जेलर आनंद कुमार शुक्ला ने बताया कि तलाशी में सब कुछ सही मिला। सीओ राजीव कुमार सिसोदिया, डिप्टी शेषनाथ यादव, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।



जेल के पाकशाला में बन रहे भोजन की गुणवत्ता देखते जिलाधिकारी व अन्य।

- एक घंटे तक चला अभियान, नहीं मिली कोई संदिग्ध वस्तुएं
- डीएम, एसपी व एसडीएम ने निरीक्षण कर जांची सुरक्षा व सुविधा

हिन्दुस्तान

# चेतावनी: अब घंटाघर नहीं जा सकेंगे भारी वाहन

हि असर

- बेहतर यातयात को लेकर बदली गई व्यवस्था
- हिंदुस्तान के खुलासे के बाद प्रशासन का फैसला

बहराइच, संवाददाता। अब शहर के घंटाघर भारी वाहनों का प्रवेश पूर्ण वर्जित रहेगा। शहरी क्षेत्र में हर समय अनाधिकृत वाहनों के प्रवेश से लग रहे जाम व बिगड़ रही यातायात व्यवस्था को लेकर हिन्दुस्तान ने दो दिन पहले खबर प्रकाशित किया था। इसके बाद प्रशासन ने पाबंदी के साथ नई व्यवस्था को लागू किया है।

शहरी क्षेत्र में बेरोकटोक भारी वाहनों का प्रवेश हो रहा है। इससे हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। साथ ही हादसे भी हो रहे हैं। इसको लेकर हिन्दुस्तान ने नो इंट्री जोन में प्रवेश के कई बिंदुओं पर पड़ताल करती हुई खबर प्रकाशित किया था। इसमें यातायात व परिवहन विभाग की लापरवाही को भी दर्शाया गया था। अब प्रशासन ने शहरी क्षेत्र में यातायात को लेकर नई व्यवस्था की है। इसमें लखनऊ से चलकर तिकोनी बाग होते हुए छावनी को जाने वाले भारी वाहन तिकोनी बाग चैराहे से मुड़कर झिंगहा घाट जाएंगे। डीएम तिराहा से घंटाघर, गुरुनानक चौक से घंटाघर, छावनी से घंटाघर व चांदपुरा से घंटाघर को जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

हिन्दुस्तान

चुनौती बने वाहनों पर नकेल कसने को सड़कों पर नजरें गड़ाये अधिकारी, नियमों की अनदेखी पर 5000 रुपये का जुर्माना

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बिना दौड़ रहे हैं 1.33 लाख वाहन

पड़ताल

■ प्रदीप तिवारी

**बहराइच**। जिले की सड़कों पर फर्राटा भर रहे 1.33 लाख वाणिज्यक व गैर वाणिज्यक वाहन परिवहन विभाग के लिए चुनौती बने हुए हैं। 15 फरवरी की समय सीमा खत्म होने के बाद भी इन वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अभी तक नहीं लगवाए गए हैं।

अब सड़कों पर उतरकर विभागीय अधिकारी बगैर एचआरपी नंबर वाले वाहनों पर भारी भरकम जुर्माना भी ठोक रहे हैं, लेकिन नंबर प्लेट नहीं बदल रहे लोगों को न तो जुर्माना भरने का ही भय है, और न ही कार्रवाई का भय दिख रहा है। दो पहिया वाहनों के नम्बर प्लेट का पंजीयन शुल्क 150 व चार पहिया वाहनों का न्यूनतम शुल्क 250 से 350 रुपये है।



पुलिस वाहन में नहीं लगा एचआरपी प्लेट।



निजी वाहन में नही लगी नंबर प्लेट।



कार में नहीं लगा एचआरपी।

सहायक संभागीय परिवहन विभाग के आंकड़ों पर नजर डाले तो 451890 वाहन पंजीकृत हैं। इनमें 432406 गैर वाणिज्यक व 19484 वाणिज्यक वाहन शामिल हैं। वर्तमान में आ रहे वाहनों पर एचआरपी नंबर लगे रहते लगे रहते हैं, लेकिन वर्ष 2019 से पहले के वाहनों पर सामान्य नंबर ही प्लेट पर अंकित हैं। सरकार ने सुविधा व सुरक्षा के मद्देनजर सभी वाहनों में उच्च सुरक्षा पंजीयन प्लेट अनिवार्य किया है। निर्धारित समय सीमा के अंदर सिर्फ 9976 व्यवसायिक व 308612 निजी वाहनों में ही एचआरपी प्लेट लगाए गए हैं यानि 48.80 फीसद वाणिज्यक व 28.63 फीसद गैर वाणिज्यक वाहन पुराने नंबरों के आधार पर सड़कों पर दौड़ लगा रहे हैं। निर्धारित समय खत्म होने के बाद ऐसे वाहन स्वामियों पर नकेल कसने के लिए परिहवन विभाग के अधिकारी सड़कों पर नजरें गड़ाए हुए हैं।

**1304 वाहनों का चालान, 27.75 लाख जुर्माना:** विभाग की रिपोर्ट पर नजर डालें तो एक माह में 1304 वाहनों का चालान किया गया है। इन पर 27.75 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इनमें 375 वाहनों का एचआरपी नंबर पर चालान हुआ है। इनसे लगभग 19 लाख रुपये जुर्माना लगाए गए हैं।

## मंडलीय वाहनों पर एक नजर

| जिला | बगैर एचआरपी वाहन | कामर्शियल | निजी |
|---|---|---|---|
| बहराइच | 133302 | 48.80% | 28.63% |
| गोंडा | 132040 | 52.46% | 26.92% |
| बलरामपुर | 77750 | 52.36% | 28.42% |
| श्रावस्ती | 44243 | 53.96 % | 30.80% |

## जलने पर भी नहीं मिटेगा नंबर

बहराइच। एआरटीओ परिवहन ओपी सिंह बताते हैं कि कई अध्ययनों के बाद एचआरपी नंबर को लेकर कदम उठाए गए हैं। यह सिर्फ प्लेट नहीं बल्कि पूरे वाहन से जुड़ी जानकारियां प्लेट में समाहित होती हैं। यहां तक की आग लगने पर भी नंबर नही मिटेगा। इसके आधार पर चोरी होने पर वाहन के मूल स्वामी का आसानी से पता लगाया जा सकेगा। यह प्लेट एल्युमीनियम की बनी हुई है। इस पर एक होलोग्राम है। उस पर चक्र बना हुआ है। यह होलोग्राम एक प्रकार का स्टीकर है। इस पर वाहन के इंजन और चेसिस नंबर इंगित होते हैं।

## एचएसआरपी नंबर होने पर ही वाहन की सर्विसिंग

बहराइच। वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर को लेकर परिवहन विभाग सख्त हुआ है। डीलरों व वाहनों की बिक्री करने वाले संचालकों को एचएसआरपी नंबर वाले वाहनों के ही सर्विंग करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन वाहनों में नंबर नहीं होंगे, उनकी सूचना भी एआरटीओ को देंगे, ताकि कार्रवाई की जा सके।

> एचआरपी नंबर पर सख्ती बरती जा रही है। ऐसे वाहनों पर 5000 का जुर्माना लगाया जा रहा है। 375 वाहनों का चालान भी किया गया है। –**राजीव कुमार**, एआरटीओ, प्रशासन

**ऑनलाइन करेंगे आवेदन, सात दिनों मिलेगा नंबर:** बहराइच। एआरटीओ का कहना है कि कैफे से ऑनलाइन आवेदन करेंगे। शुल्क जमा होने के सात दिनों बाद डीलर के पास नंबर प्लेट पहुंच जाएगी। किसी प्रकार की दिक्कत होने पर विभाग से भी संपर्क कर सकते हैं।

# 'अमन चैन में खलल डालने वालों पर होगी कार्रवाई'



हरदी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक को संबोधित करते अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी ● जागरण

**जागरण टीम, बहराइच** : होली व शब-ए-बरात त्योहार को लेकर मंगलवार को थानों व कोतवाली में शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें आपसी मेल-मिलाप के साथ त्योहार मनाने पर जोर दिया गया।

**महसी** : हरदी थाना परिसर में बैठक की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा. पवित्र मोहन त्रिपाठी ने की। संचालन एसओ अंजनी कुमार राय ने किया। एएसपी ने कहा कि रंगों का पर्व होली एक दूसरे से गिले शिकवे दूर करने का त्योहार है। कहा, अमन चैन में खलल डालने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। यज्ञ नारायण मिश्र, संजय त्रिवेदी, बिन्नू सिंह, विनीत जायसवाल, अनिल शुक्ल, मुकेश शुक्ल, पिंटू सिंह, मुइनुद्दीन अंसारी, अकबाल हुसैन अंसारी आदि मौजूद रहे।

**जरवल** : ग्राम पंचायत धनसरी के पंचायत भवन में हुई बैठक में मुख्य अतिथि एसओ राजेश कुमार सिंह ने त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने पर जोर दिया। अध्यक्षता प्रधान इमरान अहमद ने की। इस मौके पर भाकियू जिलाध्यक्ष धर्मचंद्र महेश, नंदलाल वर्मा, पवन सिंह, प्रदीप कुमार, शिवानी त्रिपाठी, अश्विनी पाठक, मोहित मिश्र आदि मौजूद रहे।

# घंटाघर मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** घंटाघर की ओर जाने वाले मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है। मार्ग परिवर्तन की व्यवस्था लागू कर दी गई है। यह फरमान उप जिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर आरके सिसौदिया ने जारी किया है।

एसडीएम ने बताया कि लखनऊ मार्ग से तिकोनीबाग होते हुए छावनी को जाने वाले भारी वाहन तिकोनी बाग चौराहे से मुड़कर झिंगहाघाट होते हुए जाएंगे। डीएम चौराहा से घंटाघर को जाने वाले मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। इसी तरह गुरुनानक चौक से घंटाघर जाने वाले मार्ग, छावनी से घंटाघर, चांदपुरा से घंटाघर, बशीरगंज से घंटाघर जाने वाले मार्ग पर भारी वाहन प्रवेश नहीं कर सकेंगे। छावनी व चांदपुरा से घंटाघर होकर तिकोनीबाग जाने वाले भारी वाहन झिंगहाघाट होते हुए तिकोनीबाग जाएंगे।

# यूपी के बजट से आस, सुदृढ़ होगा सुरक्षा तंत्र

## एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को उठाए कदम सीमा के रास्ते आने जाने वालों पर रखी जा रही पैनी नजर

संतोष श्रीवास्तव • बहराइच

भारत-नेपाल की खुली सीमा सुरक्षाकर्मियों के लिए चुनौती से कम नहीं है। इस बार बजट में सीमा क्षेत्र के लिए सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ करने के लिए बजट से आस लगाई जा रही है। एटीएस यूनिट के लिए भवन निर्माण से लेकर पुलिस थानों में आवास एवं अन्य सुविधाओं के लिए राज्य सरकार का खजाना खुलना तय माना जा रहा है। इस जिले की 100 किलोमीटर की सीमा नेपाल से सटी है। नेपाल के रास्ते सीमा पार कर तराई में छिपकर ठिकाना बनाने वाले आइएसआइ के एजेंट से लेकर चीनी नागरिकों की गिरफ्तारी तक जिले से हो चुकी है। कहने को सीमा पर एसएसबी की बटालियन व पुलिस बल की तैनाती है, जिनके लिए और संसाधनों की जरूरत महसूस हो रही है।




23 थानों व कोतवालियों के जिम्मे 40 लाख के आबादी की सुरक्षा का जिम्मा है, लेकिन यहां तैनात दो तिहाई पुलिस कर्मियों के लिए आवासीय सुविधा का अकाल है।

नेपाल सीमा से सटा बहराइच जिला से सटी नेपाल की खुली सीमा आतंकियों के लिए हमेशा मददगार साबित हुई है। भौगोलिक परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए जंगली रास्तों से आतंकी अपने मंसूबों को कामयाब बनाने की कोशिश करते रहे हैं। लगभग एक दशक के आंकड़ों पर गौर करें तो लश्कर-ए-तैयबा के डिप्टी कमांडर इरफान का यहां मकान बना हुआ है। वह इस समय दिल्ली की जेल में बंद हैं।



रुपईडीहा स्थित भारत-नेपाल सीमा का मुख्य द्वार • जागरण

नेपाल सीमा पर इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी अफजल उस्मानी ने करीब डेढ़ माह तक फखरपुर में कपड़े का कारोबार किया था। आइएसआइ के एजेंट मसारूफ उर्फ रमेश चौधरी को 12 अगस्त 2008 को सुरक्षाबलों ने नेपाल सीमा पर बाबागंज कस्बे से गिरफ्तार किया था। उसने गिरफ्तारी के बाद राजफाश किया कि 15 अगस्त 2008 को पूरे देश को दहला देने वाली साजिश के तहत उसे भारत भेजा गया है।

जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के तीन संदिग्ध आतंकी भी भारत-नेपाल सीमा पर करीब छह साल पूर्व पकड़े जा चुके हैं। लगभग 100 किलोमीटर की भारत-नेपाल की खुली सीमा हमेशा से आतंकियों के लिए शरणगाह बनी रही है।

**जिले में स्थापित थाना व कोतवाली :** जिले के थानों में जरवलरोड, फखरपुर, रानीपुर, हुजूरपुर, पयागपुर, विशेश्वरगंज, दरगाह, बौंडी, हरदी, रिसिया, रामगांव, नवाबगंज, खैरीघाट, सुजौली, मोतीपुर, रुपईडीहा, मटेरा, महिला थाना, कोतवाली कैसरगंज, कोतवाली देहात, कोतवाली नगर, मूर्तिहा व नानपारा कोतवाली स्थापित है।

**लगाए गए हैं सीसी कैमरे:** सीमा से सटे बरखा फारेस्ट, शिवपुर, मुंडेरीजुरक, चितलहवा, मूर्तिहा, सत्तारपुर, गंगापुर, जानकी गांव, सम्मनलिया, जिगनिहवा समेत कई अन्य स्थानों पर सीसी कैमरों से 24 घंटे निगरानी की जा रही है।

"कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सीमा पर 24 घंटे निगरानी की जा रही है। संसाधनों को बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

-प्रशांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक बहराइच



प्रशांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक

# आवास की तलाश में भटक रहे दारोगाजी!

**संसू, फखरपुर (बहराइच)** : अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए थानों में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है, लेकिन वे आवास की समस्या से जूझ रहे हैं। दिन-रात ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मियों के पास विश्राम करने के लिए आवास नहीं है। ऐसे में थाने में तैनाती के साथ ही पुलिस कर्मी आवास की तलाश में जिद्दोजहद करने को विवश होते हैं।

फखरपुर थाने में एक इंस्पेक्टर सहित 79 पुलिस कर्मी तैनात हैं, लेकिन इनके रहने के लिए आवास सिर्फ तीन है। इन आवासों की हालत भी खराब है। आवासीय व्यवस्था न होने से उपनिरीक्षक थाने में खुले आसमान या पेड़ के नीचे बैठकर केस डायरी लिखते हैं।

सरकारी आवास में थानाध्यक्ष, एक उपनिरीक्षक, दीवान, मुंशी व एक महिला सिपाही छोड़ कर 74 कर्मचारी किराए के मकान में रहते हैं। वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिंदेश्वरी यादव भिलोरा मार्ग तो उपनिरीक्षक अमित सिंह ब्लाक मुख्यालय पर रहते हैं। अन्य कर्मचारी कस्बा, खालिदपुर, माधौपुर में रह रहे हैं। उपनिरीक्षक नरसिंह फालोवर के कमरे में रह रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत महिला आरक्षियों को हो रही है। उन्हें आवास से थाना पहुंचने के लिए कड़ी मशक्कत झेलनी पड़ रही है। यह हाल तब है, जब फखरपुर थाने को आदर्श थाना का दर्जा दिया गया है।

**पेयजल व बेसहारा मवेशी की समस्या** : फखरपुर थाने में कर्मचारियों व आने वाले पीड़ितों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है। थाना परिसर में चहारदीवारी न होने से बेसहारा मवेशी व चरने लिए छोड़ी गई बकरियां थाना परिसर में टहला करती हैं।

**चार वर्ष पहले तोड़े गए थे आवास** : करीब चार वर्ष पूर्व थाना परिसर में पुलिस कर्मियों के आवास बनने के लिए टेंडर हुआ था। ठेकेदार ने थाना निर्माण के लिए जर्जर आवासों को तोड़वा दिया, लेकिन नवनिर्माण नहीं हुआ। यह आवासीय समस्या का कारण बना हुआ है।



फखरपुर थाने मे जर्जर पुलिस कर्मियो की बैरक ● जागरण

**79** पुलिस कर्मी फखरपुर थाने में कार्यरत

**74** के पास सरकारी आवास नही

**तैनात पुलिस कर्मी**

| | |
|---|---|
| प्रभारी निरीक्षक | 01 |
| उप निरीक्षक | 10 |
| मुख्य आरक्षी | 15 |
| महिला आरक्षी | 17 |
| पुरुष आरक्षी | 36 |



आवास निर्माण के लिए पत्राचार किया गया है। पुन: टेंडर हो गया है। वित्तीय स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही आवासीय समस्या से पुलिस कर्मियों को निजात मिलेगी।

-**वेदप्रकाश शर्मा**, थानाध्यक्ष

# डीएम-एसपी ने जिला जेल का किया निरीक्षण

**जासं, बहराइच :** जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने मंगलवार को एसपी प्रशांत वर्मा के साथ जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी लेते हुए जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने निरीक्षण के दौरान बैरकों की सफाई, पाकशाला, जेल चिकित्सालय समेत महिला बैरक का भी निरीक्षण किया। बंदियों से रूबरू होकर उन्होंने जेल में मिलने वाली सुविधा के बारे में जानकारी लेते हुए होने वाली परेशानियों को अवगत कराने की बात कही।

अधिकारियों ने बंदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की। जेल अधिकारियों को नियमानुसार बंदियों को सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीओ नगर राजीव सिसौदिया, जेलर आनंद शुक्ल, डिप्टी जेलर अजय कुमार, शेषनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

# सहारा के प्रबंधक समेत 19 पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। निवेशक के जमा धन की परिपक्वता पूरी होने के बाद भी धनराशि की वापसी में हीलाहवाली करने पर मंगलवार को एसीजेएम ने सहारा ग्रुप के प्रबंधक व उपप्रबंधक समेत 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया है। मामले में न्यायाधीश ने प्रभारी निरीक्षक को मुकदमा दर्ज कर रिपोर्ट तीन दिनों में न्यायालय पर पेश करने के निर्देश दिए है।

अधिवक्ता हंसराज सोनकर ने बताया कि थाना मोतीपुर के ईदगाहरोड मिहींपुरवा निवासी निवेशक शब्बू अहमद ने अन्य निवेशकों के साथ सहारा ग्रुप में भविष्य को ध्यान में रखते हुए धनराशि जमा किया था। उन्होंने बताया कि खाते की परिपक्वता पूरी हो जाने के बाद जब निवेशक द्वारा धनराशि के वापसी की मांग की गई, तो सहारा ग्रुप के प्रबंधक व उपप्रबंधक समेत संस्थान से जुड़े अन्य लोगों ने धनराशि को वापस करने में आनाकानी शुरू कर दिया। अधिवक्ता सोनकर ने बताया कि मामले में पीड़ित की ओर से समाधान दिवस के माध्यम से डीएम से शिकायत की थी। डीएम ने एसपी को मामले में मुकदमा दर्ज करने को लेकर प्रार्थनापत्र एसपी के सुपुर्द कर दिया।

इसके बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं किया। अधिवक्ता सोनकर ने बताया कि पीड़ित ने मामले में धारा 156(3) के तहत एसीजेएसम के न्यायालय पर याचिका पेश कर न्याय की गुहार लगाई थी। उन्होंने बताया कि न्यायाधीश ने घटना को गंभीरता से लेते हुए याचीकर्ता की याचिका को स्वीकार कर संबंधित थाने के प्रभारी निरीक्षक को सहारा ग्रुप के प्रबंधक व उपप्रबंधक समेत सभी 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज विवेचना करने के निर्देश दिए हैं। अधिवक्ता सोनकर ने बताया कि न्यायाधीश ने प्रभारी निरीक्षक से मुकदमा दर्ज कर रिपोर्ट मांगी है।

# यात्रियों की चीख-पुकार सुन मदद को दौड़े ग्रामीण

संवाद न्यूज एजेंसी

**जरवल रोड।** रोडवेज बसों की भिड़ंत की आवाज इतनी जोरदार थी कि इसकी आवाज दूर तक सुनाई दी। हादसे में बाद मौके पर चीखपुकार मच गई तो स्थानीय लोग मदद को दौड़े। रोडवेज बसों की टक्कर में बस सवार यात्री बलरामपुर निवासी बच्चा राम मौर्य (65), इकबाल अहमद (62), विनोद कुमार यादव (38), बहराइच निवासी सुरेश मौर्य (37), गोलागंज लखनऊ निवासी मधु (40), तिवारीपुरवा गोंडा निवासी अमर सिंह(35) , बलरामपुर निवासी मिस्बा(6) , रईसा (50), फरजाना (16), प्रेमचंद शर्मा (59), पुष्पा देवी (45), विक्की (18), जरवल निवासी सकील अहमद (40), छेदाना (60) समेत दो दर्जन से अधिक यात्रियों को चोटें आईं।

■ **लगा जमा** : प्रभारी निरीक्षक थाना जरवल रोड राजेश सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना पर घायलों को सीएचसी भेजा गया। हादसे के दौरान जाम लगने से आवागमन बाधित हो गया था। जिसे बहाल करा दिया गया है। सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक परिवहन निगम कपिलदेव सिंह ने कहा कि बसों में आमने सामने भिड़ंत हुई है। बसों में कोई तकनीकी खराबी नहीं थी। अचानक हादसा हुआ है।

■ ***साइकिल से टकराई बाइक, दो गंभीर*** : मिहींपुरवा (बहराइच)। मोतीपुर थाना क्षेत्र के नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर मंगलवार की दोपहर गिरगिट्टी के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पीछे से साइकिल सवार से टकरा गई। बाइक सवार हरखापुर निवासी श्रवण कुमार(38) गंभीर रूप से घायल हो गया।

चालक चेतराम उर्फ छोटकऊ (36) को हेलमेट लगाए होने से हल्की चोटें आई है। सूचना पर पहुंची मोतीपुर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिहींपुरवा में भर्ती करवाया है। वहीं हादसे के बाद मामूली रूप से चोटिल साइकिल सवार मौके से चला गया।

## दूर तक सुनाई दी बसों की जोरदार टक्कर की आवाज




जरवलरोड में हादसे के बाद क्षतिग्रस्त रोडवेज की बस। -संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 01-03-2023

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर सात वाहनों का चालान

**भिनगा :** जिले की यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने व नियमों का पालन कराने के लिए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच कर सात वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान करते हुए सात हजार रुपये का सम्मन किया।( वि.)

## शांतिभंग में 17 पाबंद

**श्रावस्ती :** अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न थानों की पुलिस ने अभियान चलाकर शांतिभंग की आशंका में 17 आरोपितों को पाबंद किया। सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।( वि.)

# शाल व स्मृति चिह्न भेंटकर उपनिरीक्षकों को दी विदाई

**श्रावस्ती :** पुलिस कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित हुआ। एसपी प्राची सिंह, एएसपी प्रवीण कुमार यादव व सीओ अतुल कुमार चौबे ने सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षक उमाकांत शर्मा, इंदल प्रसाद व योगेंद्र आजाद को शाल व स्मृति चिह्न भेंट किया। एसपी ने उनके सेवाओं और उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए दीर्घायु होने की कामना की। (वि.)

# लूट के प्रयास में जानलेवा हमला करने वालों पर मुकदमा दर्ज

- पिता की गुहार पर न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**जासं, श्रावस्ती :** गिलौला क्षेत्र के सासापारा चौराहे पर बाइक की सर्विस कराने गए एकडगवा निवासी युवक पर लौटते समय रास्ते में लूट की नीयत से कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। इसमें युवक घायल हो गया था और उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के पिता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर आरोपितों के विरुद्ध लूट व गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

एकडगवा निवासी राजेंद्र 10 दिसंबर 2022 को अपनी बाइक की सर्विस कराने के लिए सासापरा चौराहे पर गया था। लौटते समय बघौड़ा के पास भड़ौरा निवासी वंशीलाल, मुरली, पठानपुरवा निवासी बबलू खां व रहीश खां उसे रास्ते में रोककर लूटपाट करने लगे। लूट का विरोध करने पर चारों आरोपितों ने उस पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया था। इसमें वह घायल हो गया था। इलाज के लिए उसे लखनऊ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जवाब दे दिया। वापस लाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। थाने पर कार्रवाई नहीं हुई तो मृतक के पिता प्रताप ने कोर्ट की शरण ली। विशेष न्यायाधीश (एससी एसटी) कोर्ट उमेश कुमार ने चारों आरोपित के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश थानाध्यक्ष गिलौला को दिया। न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू की है।

# 'होलिका दहन के बाद की पत्थरबाजी तो जाएंगे जेल'

**जासं, श्रावस्ती :** भिनगा क्षेत्र के चहलवा गांव में मंगलवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भिनगा जीतेंद्र कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि होलिका दहन के बाद यदि पत्थरबाजी की घटना प्रकाश में आई तो मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को जेल भेजा जाएगा।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि होली अमन व भाईचारे का पर्व है। त्योहार मनाते समय सद्भावना बनाए रखने का पूरा ध्यान रखें। पर्व को पूरे उत्साह से मनाएं, लेकिन कोई ऐसा काम न करें, जिससे किसी की भावनाएं आहत हों। चहलवा गांव में होलिका दहन के बाद पत्थरबाजी का गंदा काम कुछ लोगों ने शुरू किया था। धीरे-धीरे इसे परंपरा का रूप दे रहे थे। पिछले वर्ष इस पर रोक लगी थी। निर्देशों का अनुपालन कर गांव के लोगों ने भाईचारे का संदेश दिया था। इस वर्ष भी ध्यान रखना है कि पत्थरबाजी न होने पाए। पुलिस लगातार निगरानी करेगी। किसी ने नियम तोड़ने की कोशिश की तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा। ग्रामीणों ने भाईचारे से त्योहार मनाने का भरोसा प्रभारी निरीक्षक को दिलाया।



चलहवा गांव में होलिका दहन स्थल का जायजा लेते प्रभारी निरीक्षक जीतेंद्र कुमार सिंह( बाएं से तीसरे) ● जागरण

जिले की संबंधित खबरें
www.jagran.com
पर पढ़ें

# पुलिस ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर मंगलवार को सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने विशेष अभियान चलाकर बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। बैंकों में लगे सीसीटीवी, सायरन व संदिग्धों की जांच की। मौजूद लोगों को साइबर अपराध व सुरक्षा की जानकारी देकर जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। संवाद

# सेवानिवृत्त उप निरीक्षकों दी गई विदाई

**श्रावस्ती।** जिले में तैनात तीन उपनिरीक्षक मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें भेंट देकर विभाग से विदा किया। उमाकांत शर्मा, इंदल प्रसाद व योगेंद्र आजाद 60 वर्ष की आयु पूरी कर सेवानिवृत्त हुए। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे ने उन्हें शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक, प्रधान लिपिक, प्रभारी आंकिक शाखा, एसपी के पेशकार सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने माला पहना कर विदा किया। संवाद

# एएसपी ने चेक की भोजन की गुणवत्ता



**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में मंगलवार को एएसपी ने रैतिक परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। उन्होंने पीआरवी वाहनों सहित परिसर का निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई। उन्होंने शस्त्रों सहित यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर खामियों को दूर करने के लिए प्रभारी को निर्देशित किया। उन्होंने क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, डीसीआर, बैरिक, शौचालय आदि का भी निरीक्षण किया व भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता की जांच की। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में 17 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने सोमवार रात शांतिभंग की आशंका में 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। जिनको संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया। संवाद

# सात वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने मंगलवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सात वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान किया। इस दौरान 7000 रुपए जुर्माना भी वसूला। संवाद